www.navpradesh.com

दैनिक
नवप्रदेश
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर
4 अभिव्यक्ति — भाजपा की खीसकती ज़मीन, राज्यों में...
9 मनोरंजन/व्यापार — वरुण की फिल्म से टकराव, कंगना खुश...
11 खेल — गेंदबाजी कोच से बदतमीजी करने...

रायपुर, गुरूवार 26 दिसम्बर, 2019, पौष अमावस्या, विक्रम संवत-2075 वर्ष-08 अंक-311 पृष्ठ-12 मूल्य-3 रुपए
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, झारखंड, से एक साथ प्रकाशित

खगोलीय घटना
सुबह 8:21 बजे शुरू
प्रभावः 11:14 बजे तक

साल का आखिरी सूर्य ग्रहण आज

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। इस साल का आखिरी सूर्यग्रहण गुरुवार को पड़ने जा रहा है। इसका कुछ राशि वालों पर मंगलकारी तो कुछ पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है। कुछ राशि के जातकों को तो धन व अन्य कई प्रकार के सुखों का लाभ भी मिल सकता है। वहीं कुछ को सावधानी भी बरतनी होगी। जिनके लिए यह प्रतिकूल परिणामों वाला है, उन्हें ग्रहण नहीं देखना चाहिए। नवप्रदेश के ज्योतिष मामलों के विशेषज्ञ आचार्य उमाप्रसाद उपाध्याय ने बताया कि पौष शुक्ल पक्ष 30 दिन गुरुवार तारीख 26 दिसंबर 19 नक्षत्र धनुराशि पर खग्रग्रास सूर्य ग्रहण होगा। ■ शेष पृष्ठ 8 पर

छत्तीसगढ़ पर असर

राज्य में संपत्ति व सत्ता संबंधी वाद-विवाद के मामले देखने को मिल सकते हैं।

आज बेबाक

आम जनता के लिए अच्छे दिन भले ही दिवा स्वप्न बन कर रह गए हैं, लेकिन सरकारी और अर्धसरकारी अधिकारियों व कर्मचारियों के अच्छे दिन पहले भी थे, आज भी है और कल भी रहेंगे। मोटा वेतन तो मिलता ही है साथ में ऊपरी कमाई भी बेहिसाब होती है। मध्यप्रदेश के इंदौर नगर निगम के एक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के यहां लोकायुक्त का छापा पड़ा तो उसकी अनुपातहीन संपत्ति देखकर छापामार दल भौचक रह गया। अब समझ में आया कि एमबीए किए हुए युवा भी चपरासी जैसे मामूली पद को पाने के लिए क्यों टूट पड़ते है?

कल चार घंटे राजधानी रायपुर में बिताएंगे राहुल

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। नेशनल ट्राइबल डांस फेस्टिवल में शिरकत करने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी दिन शुक्रवार को रायपुर पहुंचेंगे। उनका राजधानी रायपुर प्रवास का मिनट टू मिनट कार्यक्रम तय हो गया है। शुक्रवार की सुबह 9 बजे दिल्ली से माना एयरपोर्ट में वे लैंड करेंगे और फिर 10 बजे सीधे कार्यक्रम स्थल साइंस कॉलेज मैदान जाएंगे। राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव कार्यक्रम में वे तकरीबन डेढ़ घंटा यानि कि 10 बजे से 11.30 बजे तक उपस्थित रहेंगे। मिली जानकारी के मुताबिक राहुल फिर कार्यक्रम स्थल से ही सीधे ■ शेष पृष्ठ 8 पर

■ सुबह 9 बजे पहुंचेंगे एयरपोर्ट,10 बजे साइंस कॉलेज जाएंगे, 12 बजे दिल्ली होगी रवानागी

राष्ट्रीय नेता करेंगे शिरकत

महोत्सव के शुभारंभ अवसर पर अति विशिष्ट अतिथि के रूप में राज्य सभा में नेता प्रतिपक्ष गुलाम नबी आजाद, उप नेता आनंद शर्मा, राज्यसभा सांसद अहमद पटेल और मोतीलाल वोरा, पूर्व सांसद के. सी. वेणुगोपाल, प्रियंका गांधी वाड्रा, पूर्व लोकसभा अध्यक्ष मीरा कुमार, छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. चरण दास महंत, सांसद पी.एल. पुनिया, बी.के. हरिप्रसाद, रणदीप सिंह सुरजेवाला, चंदन यादव, पूर्व केन्द्रीय मंत्री कांतिलाल भूरिया और भक्त चरणदास शामिल होंगे।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में मंत्री टी.एस. सिंहदेव, ताम्रध्वज साहू, रविन्द्र चौबे, डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम, मोहम्मद अकबर, कवासी लखमा, डॉ. शिवकुमार डहरिया, अनिला भेंड़िया, जयसिंह अग्रवाल, गुरू रूद्र कुमार, उमेश पटेल, अमरजीत भगत। सांसद छाया वर्मा, ज्योत्सना महंत, दीपक बैज, विधायक मोहन मरकाम, सत्यनारायण शर्मा, धनेन्द्र साहू, कुलदीप जुनेजा, विकास उपाध्याय, जिला पंचायत की अध्यक्ष शारदा वर्मा और महापौर प्रमोद दुबे होंगे।

जीत के दावे, हार की वजह कुछ यूं बयां

सत्ता का दुरुपयोग और प्रशासन का नंगा नाच हुआः डॉ. रमन

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। नगरीय निकाय चुनाव में प्रदेश की सालभर पुरानी भूपेश सरकार पर भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री डॉ.रमन सिंह ने तल्ख बयान दिया है। चुनाव परिणामों को लेकर एक्स सीएम डॉ.रमन सिंह ने कहा है कि सरकार ने चुनाव में सत्ता का दुरुपयोग किया है उन्हों ने कहा कि प्रशासन का नंगा नाच हुआ है। उनका कहना है कि भारी प्रशासनिक दबाव के बाद भी जनता ने भाजपा के 960 पार्षदों को जीत दिलाकर साबित कर दिया है कि भूपेश सरकार के काम से वो खुश नहीं है। कांग्रेस की जीत पर रमन सिंह ने यह भी कहा है कि बीजेपी ने पूरी ताकत लगाई और बेहद कांटे की टक्कर देकर सत्तारूढ़ पार्टी को जता दिया है कि उनकी सरकार के प्रति लोगों में कितना गुस्सा है। आरोप लगाया कि इस बात का डर शुरु से ही था कि आखिर क्यों ये लोग ईवीएम मशीन से हुए चुनाव में विधानसभा जीत ■ शेष पृष्ठ 8 पर

दबाव के बाद भी हमारे 960 तो उनके 1200 पार्षद जीते हैं

चुनाव में जीत, विकास कार्यों पर जनता की मुहर : सीएम भूपेश

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने नगरीय निकाय चुनाव में पार्टी प्रत्याशियों की जीत को अभूतपूर्व बताते हुए आज कहा कि शहरी क्षेत्र में मतदाताओं ने एक बार फिर कांग्रेस पर भरोसा जताया है। कांग्रेस को ऐतिहासिक जनादेश मिला है।

सीएम राजधानी में राजीव भवन में मीडिया से बात कर रहे थे। उन्होंने शानदार जीत के लिए पीसीसी चीफ मोहन मरकाम को बधाई भी दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि लगभग सभी जगह हम लोग जीते, एक जगह कोरबा में बीजेपी जरूर आगे है, लेकिन वहां भी उन्हें बहुमत नहीं मिला। उन्होंने जीत को आशातीत बताते हुए कहा कि हमारी जीत हर क्षेत्र में हुई। धमतरी में हमारी ना जाने कब जीत हुई थी, वहां भी कॉंग्रेस जीती है। पूर्व सीएम रमन सिंह के क्षेत्र में भी कांग्रेस एकतरफा जीती। उन्होंने कहा कि पहली बार ऐसा ऐतिहासिक जनादेश मिला है। यही नहीं, पहली बार ऐसा हुआ है जब किसी भी नगर निगम में बीजेपी के पास बहुमत नहीं है। ■ शेष पृष्ठ 8 पर

पीसीसी चीफ को जीत का श्रेय, जल्द चुनेंगे पार्षद और महापौर

राजपथ पर छटा बिखेरेगी छत्तीसगढ़िया संस्कृति

नवप्रदेश संवाददाता

■ छत्तीसगढ़ के पारंपरिक शिल्प और आभूषण पर आधरित झांकी हुई चयनित

■ रक्षा मंत्रालय की एक्सपर्ट कमिटी ने 5 राउंड की कठिन चयन प्रक्रिया के बाद दी हरी झंडी

रायपुर। गणतंत्र दिवस पर नई दिल्ली के राजपथ पर एक बार फिर छत्तीसगढ़ की समृद्ध कला और संस्कृति के रंग बिखरेंगे। गणतंत्र दिवस पर राजपथ पर होने वाले मुख्य समारोह के लिये राज्य की झांकी को रक्षा मंत्रालय की एक्सपर्ट कमिटी ने मंजूरी दे दी हैं।

छत्तीसगढ़ के पारंपरिक शिल्प और आभूषणों की विषयवस्तु पर आधारित की झांकी को 5 राउंड की कठिन चयन प्रक्रिया के बाद अंतिम स्वीकृति मिली हैं। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इस पर खुशी जाहिर करते हुए राज्य की जनता को बधाई दी हैं। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की संस्कृति को देश-विदेश के लाखों दर्शकों के सामने अपनी अनूठी पहचान बनाने का अवसर मिलेगा। गत वर्ष राज्य की झांकी को राजपथ पर मुख्य ■ शेष पृष्ठ 8 पर

खास खबर

उपराष्ट्रपति नायडू आज आयेंगे छत्तीसगढ़

रायपुर (नवप्रदेश)। देश के उपराष्ट्रपति एम.वेंकैय्या नायडू दो दिवसीय छत्तीसगढ़ प्रवास पर 26 व 27 दिसंबर को राजधानी रायपुर आयेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार उपराष्ट्रपति श्री नायडू 26 दिसंबर को राजमुंदरी एयरपोर्ट से भारतीय वायु सेना के विशेष विमान से रवाना होकर शाम 5.35 बजे रायपुर के स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट पहुंचेंगे। यहां सीधे वे राजभवन जाएंगे। वे रात्रि विश्राम राजभवन में करेंगे।

नक्सलियों ने ग्रामीण की टंगिया से की हत्या

जगदलपुर। जिले के ग्राम कोडरी पारा पखनार में नक्सलियों के द्वारा आयतु कवासी पिता लखमा कवासी की हत्या टंगिया मारकर कर दी गई है। आयतु ग्राम किलेपाल का निवासी था। काम के सिलसिले में ग्राम कुमारसारडा एवं कोड़ेनार में कार्य कर रहा था। आठ से दस नकाबपोश नक्सलियों ने आयतु को टंगिया मारकर हत्या कर दिया।

पाक गोलीबारी में एक जेसीओ शहीद

श्रीनगर ए.। जम्मू-कश्मीर के रामपुर सेक्टर में बुधवार को पाकिस्तान की सेना द्वारा किए गए सीजफायर उल्लंघन में इंडियन आर्मी के एक जेसीओ शहीद हो गए। वहीं चुरुंदा गांव में नसीमा नाम की एक महिला की मौत हो गई है। भारतीय सेना द्वारा मुंहतोड़ जवाब दिया जा रहा है।

मप्रः मंत्री सुखदेव पांसे आज भिलाई दौरे पर

भिलाई(नवप्रदेश)। मध्यप्रदेश के लोकस्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री सुखदवे पांसे गुरुवार को भिलाई प्रवास पर रहेंगे। वे एक निजी कार्यक्रम में भाग लेने के लिए भिलाई आ रहे हैं।

लखनऊ हिंसा के खिलाफ एक्शन

अब 100 उपद्रवियों से वसूलेंगे क्षतिपूर्ति

■ एनएचआरसी ने डीजीपी से मांगा मौतों पर जवाब

लखनऊ ए.। नागरिकता संशोधन कानून के विरोध की आड़ में लखनऊ में हिंसा के आरोपियों से क्षतिपूर्ति वसूलने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। प्रशासन की ओर से गठित कमिटी ने 100 आरोपियों को नोटिस भेजकर जवाब मांगा है।

उधर, हिंसा के दौरान हुई मौतों को लेकर यूपी पुलिस को राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) की तरफ से नोटिस भेजा गया है। एनएचआरसी ने चार हफ्तों में डीजीपी ओपी सिंह से जवाब मांगा है। नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) को लेकर हुए हिंसक प्रदर्शन में यूपी में अब तक 16 लोगों की मौत हो चुकी है।

सीएए का विरोध करते हुए 19 दिसंबर को लखनऊ के खदरा, हुसैनाबाद और परिवर्तन चौक पर तोड़फोड़, पथराव और आगजनी हुई थी। जिला प्रशासन की ओर से गठित कमिटी ने 100 आरोपियों को नोटिस भेजकर जवाब मांगा है।

मेरठ : 141 को नोटिस

मेरठ प्रशासन ने भी हिंसा और तोड़फोड़ के आरोपियों को नोटिस भेजना शुरू कर दिया है। 20 दिसंबर को मेरठ में हुए हिंसक प्रदर्शन में तोड़फोड़ और आगजनी के 141 लोगों को नोटिस भेजकर प्रशासन ने 14 लाख रुपये की सार्वजनिक संपत्ति के नुकसान की भरपाई करने को कहा है। पुलिस ने 13 एफआईआर के जरिए आरोपियों की पहचान की है।

राज्यपाल ने हेमंत सोरेन को सरकार बनाने के लिए किया आमंत्रित

■ 29 को होगा शपथग्रहण

नई दिल्ली। झारखंड की राज्यपाल द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को झामुमो-कांग्रेस-रजद गठबंधन के विधायक दल के नेता हेमंत सोरेन को मुख्यमंत्री मनोनीत कर राज्य में नयी सरकार के गठन के लिए आमंत्रित किया है। झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के प्रवक्ता अभिषेक प्रसाद ने इस आशय की जानकारी दी। सोरेन के 29 दिसंबर, रविवार दोपहर एक बजे यहां मोरहाबादी मैदान में झारखंड के मुख्यमंत्री के रुप में शपथ लेने की संभावना है। इससे पूर्व मंगलवार को सोरेन ने रात्रि पौने नौ बजे झामुमो प्रमुख शिबू सोरेन, कांग्रेस के झारखंड प्रभारी आर पीएन ■ शेष पृष्ठ 8 पर

देश के सभी विपक्षी दलों के शीर्ष नेताओं को निमंत्रण

झामुमो के प्रवक्ता तथा महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने बताया कि हेमंत और उनके अन्य सहयोगियों का शपथग्रहण समारोह राष्ट्रीय स्तर का होगा और इसमें देश के विपक्षी दलों के तमाम शीर्ष नेताओं और मुख्यमंत्रियों को आमंत्रित किया जायेगा। कांग्रेस सूत्रों ने बताया कि सोरेन के शपथग्रहण में कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी में से से एक जरुर शामिल होगा। झारखंड विधानसभा चुनावों में 81 सीटों में से झामुमो-कांग्रेस-राजद गठबंधन को 47 सीटें मिली हैं।

छत्तीसगढ़ को मिलेगा कृषि कर्मण पुरस्कार

■ खाद्यान्न उत्पादन में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए चयनित

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। छत्तीसगढ़ को खाद्यान्न उत्पादन में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए कृषि कर्मण पुरस्कार के लिए चयनित किया गया है। भारत सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ में वर्ष 2016-17 में कुल खाद्यान्न उत्पादन श्रेणी-2 में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए कृषि कर्मण पुरस्कार हेतु चयनित किया गया है। कृषि कर्मण पुरस्कार 2 जनवरी 2020 को तुमकूरू (कर्नाटक) में आयोजित समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रदान किया जाएगा। इस पुरस्कार में पांच करोड़ रूपए की धनराशि, ट्राफी तथा प्रशस्ति पत्र शामिल है। छत्तीसगढ़ ■ शेष पृष्ठ 8 पर

शरद पवार ने बताया कैसे कम विधायकों में बना सकते हैं सरकार : उद्धव ठाकरे

पुणे। महाराष्ट्र के सीएम उद्धव ठाकरे ने बुधवार को एक कार्यक्रम में कहा कि कम विधायकों के साथ कैसे सरकार बनाई जा सकती है, यह बात हमें शरद पवार ने सिखाई है। उद्धव ने महाराष्ट्र में सरकार गठन को लेकर चुटकी लेते हुए कहा, 'शरद पवार ने हमें सिखाया कि कैसे खेती में पैदावार बढ़ाई जा सकती है। उन्होंने ही यह भी सिखाया कि कैसे कम विधायकों के बाद भी सरकार बनाई जा सकती है।'

बीजेपी के नेता और पूर्व सीएम देवेंद्र फड्णवीस पर तंज कसते हुए ठाकरे ने कहा कि वह कहते थे कि बीजेपी सबसे बड़ी पार्टी है। लेकिन हमने कम विधायक होने के बाद भी बहुमत की सरकार बना ली। पुणे में वसंतदादा शुगर इंस्टिट्यूट में आयोजित कार्यक्रम में बोलते हुए ठाकरे ने सूबे के सभी किसानों का कर्ज पूरी तरह से माफकरने का भी भरोसा दिया। कुछ दिनों पहले ही उनकी सरकार ने 1 अप्रैल, 2015 से 31 मार्च, 2019 के दौरान लिए गए दो लाख रुपये तक के कृषि ऋृण माफकरने का ऐलान किया था।

गरमा-गरम

मोदी हिदायत — सीएए, अयोध्या, 370... पर बोले मोदी- जलाई अपनी संपत्ति, वे लोग एक सवाल पूछें कि क्या उनका यह रास्ता सही था

चुनौतियों को चुनौती देने निकले हैं : मोदी

नागरिकता संशोधन कानून पर भारी विरोध प्रदर्शन के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने साफकर दिया है कि सरकार आगे भी बड़े और कड़े फैसले लेती रहेगी।

लखनऊ। लखनऊ में अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल यूनिवर्सिटी की आधारशिला रखते हुए पीएम ने सीएए, राम मंदिर और अनुच्छेद 370 का जिक्र किया और कहा कि हमने विरासत में मिली समस्याओं को चुनौती दी है। उन्होंने सरकार का रुख स्पष्ट करते हुए कहा कि हम चुनौतियों को चुनौती देने का स्वभाव लेकर निकले हैं।

पीएम ने सीएए के विरोध के नाम पर हिंसा और सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने वालों को नसीहत दी और अधिकार के साथ कर्तव्य भी याद दिलाए।

प्रधानमंत्री ने कहा कि यूपी में जिस तरह कुछ लोगों ने विरोध प्रदर्शन के नाम पर हिंसा की। सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाया। वे अपने घरों में बैठकर खुद से सवाल पूछें कि क्या उनका यह रास्ता सही था? उनकी प्रवृत्ति योग्य थी? पीएम मोदी ने कहा, 'जो कुछ जलाया गया, बर्बाद किया गया क्या वह उनके बच्चों के काम आने वाला नहीं था?' संबोधन की शुरुआत में पीएम मोदी ने कहा, 'लखनऊ के सांसद ने मेरा स्वागत किया, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने मेरा स्वागत ■ शेष पृष्ठ 8 पर

'हक और दायित्व को साथ याद रखना जरूरी'

पीएम ने कहा, 'इस प्रदर्शन में, हिंसा में जिन लोगों की मृत्यु हुई, जो सामान्य नागरिक जख्मी हुए, जो पुलिसवाले जख्मी हुए, उनके और उनके परिवारवालों के प्रति सोचें कि क्या बीतती होगी। मैं आग्रह करूंगा कि झूठी अफवाहों में आकर हिंसा करने वालों को, सरकारी संपत्ति तोड़ने वालों को मैं कहना चाहूंगा कि बेहतर सड़क, बेहतर ट्रांसपोर्ट, उत्तम सीवर लाइन नागरिकों का हक है, इसको सुरक्षित रखना, साफ-सुथरा रखना भी नागरिकों का ही दायित्व है। हक और दायित्व को हमें साथ-साथ याद रखना है।

'कठिन समस्याओं को सुलझाने का प्रयास'

प्रधानमंत्री मोदी ने देश के विकास में योगदान के लिए पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी के द्वारा दिए गए मापदंड़ों का जिक्र करते हुए कि उनकी सरकार विरासत में मिली समस्याओं को सुलझा रही है। उन्होंने कहा, 'आर्टिकल 370 कितनी पुरानी बीमारी थी। कितनी कठिन लगती थी लेकिन हमें विरासत में मिली थी। हमारा दायित्व था कि कठिन से कठिन चीजों को सुलझाने का भरसक प्रयास करें। सबकुछ बहुत आराम से हुआ। सबकी धारणाएं चूर-चूर हो गईं। राम जन्मभूमि का इतना पुराना मामला,

■ न्यूज गैलरी

सीएम भूपेश आज जाएंगे बारूका

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल 26 दिसम्बर को गरियाबंद जिले के बारूका के दौरे पर जाएंगे। श्री बघेल निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार रायपुर से दोपहर 1.30 बजे हेलीकॉप्टर द्वारा रवाना होकर 2 बजे बारूका पहुंचेंगे और वहां स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होने के बाद अपरान्ह 3.40 बजे रायपुर लौट आएंगे।

चेन्नई-बिलासपुर के बीच स्पेशल ट्रेन कल

रायपुर। चेन्नई-बिलासपुर के मध्य इन दिनों ट्रेनों में चल रही भारी भीड़ को देखते हुए रेलवे प्रशासन ने यात्रियों को सुविधा देने के उद्देश्य से चेन्नई और बिलासपुर के बीच एक फेरे के लिए स्पेशल ट्रेन चलाएगी। ये ट्रेन चेन्नई से बिलासपुर के लिए 27 दिसंबर को 06042 नंबर के साथ चलेगी जो 29 दिसंबर को बिलासपुर पहुंचेगी। स्पेशल ट्रेन चेन्नई से दोपहर 02.40 बजे रवाना होकर गुन्टूर शाम 05.03 बजे, नेल्लूर 05.28 बजे, विजयवाडा रात 09.15 बजे पहुंचकर 09.25 बजे रवाना होकर वरंगल रात 12.23 बजे, मंचिर्याल 02.53 बजे, सिरपुर कागजनगर 03.43 बजे, बल्हारशाह 05.10 बजे, नागभीड सुबह 06.58 बजे, अजुर्नी 07.48 बजे, सोनडाड 08.18 बजे, गोंदिया 09.20 बजे पहुंचकर 09.30 बजे रवाना होगी। यह ट्रेन राजनांदगांव 10.58 बजे पहुंचकर 11.00 बजे रवाना होगी। दुर्ग 11.58/12.00 बजे, रायपुर 12.40/12.50 बजे एवं बिलासपुर दोपहर 02.30 बजे पहुंचेगी। इस गाड़ी में 2 पावरकार, 05 द्वितीय श्रेणी, 10 स्लीपर सहित कुल 17 कोच की सुविधा रहेगी।

सांसद सरोज पाण्डेय के प्रयासों से एम्स को नि:शुल्क भूमि आबंटित

रायपुर। सांसद राज्यसभा एवं राष्ट्रीय महासचिव भाजपा सुश्री सरोज पाण्डेय जी के प्रयास से अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, रायपुर को राज्य शासन द्वारा नवां रायपुर, अटल नगर में 50.60 एकड़ भूमि नि:शुल्क आबंटित किया गया है जिसके लिए एम्स के निदेशक एवं सीईओ ने पत्र लिखकर सांसद सरोज पाण्डेय का आभार व्यक्त किया है। सांसद सुश्री सरोज पाण्डेय जी राज्यसभा सांसद होने के साथ एम्स रायपुर के केन्द्र सरकार की प्रतिनिधि भी हैं कुछ माह पूर्व एम्स के अधिकारियों द्वारा जमीन की समस्या से सांसद सरोज पाण्डेय को अवगत कराया गया था जिस पर उन्होंने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री जी को पत्र लिखकर एम्स को भूमि आबंटित करने का मांग किया था जिस पर संज्ञान लेते हुए राज्य शासन ने एम्स को नवां रायपुर में भूमि नि:शुल्क आबंटित किया है।

सेंट पॉल चर्च में सीएम भूपेश बोले हेप्पी बर्थ डे यीशु

प्रभु के संदेश को मसीहीजनों को सुनाया, बिशप, पादरी समेत सीएम ने खाया केक

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। क्रिसमस पर्व पर राजधानी रायपुर के सेन्ट पॉल केथेड्रल पहुंचकर मसीही समाज सहित प्रदेशवासियों को प्रभु यीशु मसीह के जन्मदिन 'क्रिसमस' की बधाई और शुभकामनाएं दी। श्री बघेल ने इस अवसर पर कहा कि प्रभु यीशु ने संपूर्ण मानव जाति के कल्याण के लिए करूणा, प्रेम, दया और सेवा का मार्ग दिखाया। ईसा मसीह के जन्मोत्सव की खुशी में मुख्यमंत्री ने बिशप सीएनआई छत्तीसगढ़ और सेंट पॉल्स चर्च के पादरी संग केक काटा।

उनकी शिक्षाएं आज भी प्रासंगिक हैं। हमें आज उनके बताए जीवन मूल्यों को लेकर चलने की जरूरत है ताकि पूरी दुनिया में शांति की स्थापना हो सके। उनके बताए दया, करुणा, प्रेम और सेवा के मूल्यों को हमें अपने जीवन में अपनाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर केथेड्रल में उपस्थित लोगों के साथ केक काटकर क्रिसमस सेलिब्रेट किया। उन्होंने सभी लोगों को केक खिलाकर क्रिसमस की खुशियां बांटी। चर्च के गायन दल ने कैरोल गीत प्रस्तुत किए। सीएम श्री बघेल ने संदेश में कहा कि प्रभु यीशु मसीह का जन्मदिन क्रिसमस पूरी दुनिया में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। लोगों को और विशेषकर बच्चों को इस दिन का बेसब्री से इंतजार रहता है।

इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री अजीत जोगी, विधायक डॉ. श्रीमती रेणु जोगी और कुलदीप जुनेजा, नव निर्वाचित पार्षद एजाज ढेबर, बिशप राबर्ट अली, पादरी शमशेर सैमुअल, चर्च कोर्ट के अध्यक्ष जान राजेश पाल, चर्च के सचिव आशीष सालोमन, कोषाध्यक्ष प्रमोद मसीही, महेंद्र छाबड़ा सहित मसीही युवा सभा, महिला सभा और संडे स्कूल के पदाधिकारी, मसीही समाज के सदस्य और बच्चे बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

साल की एक आराधना छत्तीसगढ़ी में होगी

कार्यक्रम का संचालन केथेड्रल कोर्ट के अध्यक्ष जॉन राजेश पॉल ने छत्तीसगढ़ी भाषा में किया। उन्होंने मुख्यमंत्री को बताया कि समाज द्वारा छत्तीसगढ़ी भाषा में बाइबल प्रकाशित की गई है और चर्च में समय-समय पर छत्तीसगढ़ी भजन भी गाए जाते हैं। चर्च द्वारा यह भी तय किया गया है कि वर्ष में एक रविवार को चर्च की पूरी आराधना छत्तीसगढ़ी में करेंगे। इस अवसर पर डीकन मर्कुश केजु सेवक अब्राहम दास और वानी भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री को चर्च की ओर से स्मृति चिन्ह और विशेष बाइबिल भेंट की गई।

राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव के शुभारंभ अवसर पर

लद्दाख, सिक्किम, अरूणाचल प्रदेश, बेलारूस और छत्तीसगढ़ के कलाकार देंगे प्रस्तुति

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव का शुभारंभ रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में 27 दिसम्बर को सुबह 10 बजे होगा। शुभारंभ अवसर पर लद्दाख, सिक्किम, अरूणाचल प्रदेश, बेलारूस और छत्तीसगढ़ के कलाकारों द्वारा रंगारंग प्रस्तुति दी जाएगी। संस्कृति विभाग द्वारा जारी प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार महोत्सव के प्रथम दिन 27 दिसम्बर को 11.45 बजे से विवाह एवं अन्य संस्कार, पारंपरिक त्यौहार एवं अनुष्ठान, फसल कटाई व कृषि तथा अन्य पारंपरिक विधाओं पर नृत्य प्रतियोगिताएं होंगी। असम के कलाकारों द्वारा बागरूंबा नृत्य प्रस्तुत की जाएगी। तेलंगाना के कलाकारों द्वारा कोया नृत्य, झारखण्ड के कलाकारों द्वारा छाऊ नृत्य, ओड़िसा के कलाकारों द्वारा सिंगारी नृत्य और गुजरात के कलाकरों द्वारा सिद्दी नृत्य प्रस्तुत की जाएगी। दोपहर 3 बजे से राजस्थान के कलाकरों द्वारा सहरिया स्वांग, जम्मू का गुजर नृत्य, हिमाचल प्रदेश का घुरई नृत्य, लद्दाख का लद्दाखी नृत्य, उत्तराखण्ड का झांझी नृत्य, केरल का तैयम नृत्य, महाराष्ट्र का तड़पा नृत्य, तेलंगाना का गुसाड़ी नृत्य, मध्यप्रदेश का भगोरिया नृत्य, अरूणाचल प्रदेश का रेह नृत्य, आंध्रप्रदेश का लम्बाड़ी नृत्य और उत्तरप्रदेश का गरद नृत्य का आयोजन होगा। रात्रि आठ से नौ बजे तक थाईलैण्ड, बांग्लादेश, बेलारूस, मालदीव एवं युगांडा देशों से आमंत्रित कलाकारों द्वारा गैर प्रतियोगी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएंगी। महोत्सव के दूसरे दिन 28 दिसम्बर को सवेरे नौ बजे से दोपहर 12.50 बजे तक गुजरात का वसावा नृत्य, आंध्रप्रदेश का ढिमसा नृत्य, त्रिपुरा का ममिता नृत्य, झारखण्ड का पायका नृत्य, तमिलनाडु का टोडा नृत्य, आरूणाचल प्रदेश का आदि नृत्य, राजस्थान का गवरी नृत्य, छत्तीसगढ़ के कोण्डागांव का हुल्की नृत्य सहित असम और मध्यप्रदेश राज्य का नृत्य प्रस्तुत की जाएगी। दोपहर 12.50 बजे से 1.40 बजे तक श्रीलंका, थाईलैण्ड एवं मालदीव देशों से आमंत्रित कलाकारों द्वारा गैर प्रतियोगी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएंगी।

हिमांचल प्रदेश का दल आज रायपुर पहुंच गया है। हिमांचल के दल में दल प्रमुख श्री प्यारेलाल किन्नौर सहित 20 सदस्य शामिल है। इसी तरह राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव में आंध्रप्रदेश के 40 कलाकार भाग लेंगे।

राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव की तैयारी युद्ध स्तर पर

संस्कृति मंत्री श्री भगत ने तैयारियों की समीक्षा की

रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में 27 दिसम्बर से शुरू होने वाले राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव की तैयारी युद्ध स्तर पर जारी है। संस्कृति मंत्री अमरजीत भगत ने आज साईंस कॉलेज मैदान में तैयारियों की समीक्षा की। श्री भगत ने आयोजन स्थल पर मुख्य मंच, चार हजार दर्शकों की बैठक क्षमता वाले विशाल डोम, कलाकारो के लिए बनाए ग्रीन रूम, मीडिया के लिए व्यवस्था सहित विभिन्न पंडालों को घुमकर देखा। श्री भगत पार्किंग स्थल भी गए और व्यवस्था के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। श्री भगत ने भोजन व्यवस्था के संबंध में तैयारी, फूड जोन, शिल्प ग्राम के स्टॉल और शासन के विभागों द्वारा लगायी जाने वाली प्रदर्शनी के तैयारियों का अवलोकन किया। उन्होंने मुख्य मंच में बैठक व्यवस्था, प्रवेश आदि के बारे में अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। श्री भगत ने आयोजन स्थल पर अग्निशमन, स्वास्थ्य, पीने का साफ पानी और स्वच्छ शौचालय ट्रैफिक प्लान आदि के बारे में भी जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिए। इस मौके

पर विधायक कुलदीप जुनेजा, विकास उपाध्याय, सीएसआईडीसी के एमडी श्री अरूण प्रसाद, संस्कृति विभाग के उप संचालक राहुल सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

सामाजिक एकता में महिलाओं का शानदार प्रयास : छाया वर्मा

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। कुर्मी संझा के मुख्य अतिथि धरमलाल कौशिक ने कहा समाज का उद्देश्य सामाजिक उत्थान में होना चाहिए मेरे लिए गौरव है की कुर्मी समाज की दृष्टि में दृष्टि में राष्ट्रहित एक मिशन है। राज्यसभा सांसद छाया वर्मा ने कहा की सामाजिक एकता में हमारे समाज की महिलाओं ने अनुकरणीय पहल की है युवा प्रतिभाओं को हमेशा प्रेरित किया।

कुर्मी समाज के मुखिया एवं सांसद विजय बघेल ने कहा की मनभेद भुलाकर समाज के सभी फिरकों ने सामाजिक एकता दिखाई। 27 उप जातियों के लगभग 10,000 से अधिक लोगों ने सभा में 2 दिन में अपनी निरंतर सहभागिता की आपका स्नेह से हम सब अभिभूत हैं।

कुर्मी समाज के प्रादेशिक अधिवेशन एवं कुर्मी संझा संझा के दूसरे दिन विविध सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम संपन्न हुए जिसमें समाज की प्रतिभाओं के अलावा प्रतिष्ठित निर्देशक प्रेम चंद्राकर के चिन्हारी की भी प्रस्तुति हुई।

युवक युवती परिचय सम्मेलन एवं मिलन अंक 16 का विमोचन हुआ व कुर्मी शिखर सम्मान के रूप में डॉ. अशोक चंद्राकर (कुलपति आयुष विश्वविद्यालय रायपुर) डॉ. जयलाल चंद्राकर (चिकित्सा एवं समाजसेवा खरियार रोड उड़ीसा) डॉ. आरती परगनिहा (शिक्षा रायपुर) गिरीश पटेल, (समाजसेवा प्रतापपुर) राजेश कश्यप (कार्टूनिस्ट तखतपुर) को सम्मानित किया गया।

द्वितीय सत्र में युवा प्रतिभा सम्मान व छात्र विशिष्ट प्रतिभा सम्मान हुआ जिसमें सतीशचंद्र वर्मा- तिल्दा (महाधिवक्ता छ:ग:) नोहरलाल चंद्रा,-कोरबा(शिक्षा), डॉ. पुरषोत्तम चंद्राकर जी - रायपुर(अभिनय), रोशन देशमुख- दुर्ग,(व्यवसाय) छितिज चंद्राकर- रायपुर (मॉडलिंग), श्रीमती रेखा चंद्रा - नगरी सिहावा(डिप्टी कलेक्टर), डॉ. चित्रा वर्मा जी-तिल्दा(उप पुलिस अधीक्षक) कृष्णकुमार चंद्राकर रायपुर (उप पुलिस अधीक्षक), सुश्री कल्पना वर्मा टेकारी (उप पुलिस अधीक्षक), कु:मानवी कौशिक- बिलासपुर (सीजी बोर्ड 10वी में 8 वा), शशांक चंद्राकर महासमुंद (खेल क्रिकेट) डॉ. वैशाली मढरिया-रायपुर (चिकित्सा), कु; स्वाति बैस रायपुर (कम्पनी सेकेटरी चयनित) को सम्मानित किया गया।

मिली तारीफ राज्यपाल वनवासी विकास समिति छत्तीसगढ़ प्रांत के प्रांतीय कार्यकर्ता सम्मेलन में हुई शामिल

वनवासी विकास समिति के कार्यकर्ताओं का सेवा कार्य सराहनीय

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके ने कहा कि जनजातियों के उन्नति के लिए आवश्यक है कि उनमें शिक्षा का प्रसार हो, उन्हें रोजगार के साधन मुहैया कराया जाए। उनमें इतना आत्मविश्वास पैदा की जाए कि वे अपने पैरों पर खड़े हो सकें। यह उद्बोधन राज्यपाल ने आज रायपुर में वनवासी विकास समिति छत्तीसगढ़ प्रांत के प्रांतीय कार्यकर्ता सम्मेलन में व्यक्त की। उन्होंने कहा कि चाहे बस्तर का अबूझमाड़ हो या जशपुर हो, हर जगह पर वनवासी विकास समिति के कार्यकर्ता कार्य कर रहे हैं। वे कहीं पर बच्चों को शिक्षित कर रहे हैं या स्वास्थ्य कार्यकर्ता के रूप में आदिवासियों का इलाज कर रहे हैं। वनवासी विकास समिति के कार्यकर्ताओं का सेवा कार्य वाकई सराहनीय है।

राज्यपाल ने कहा कि मुझे यहां आकर ऐसा महसूस हो रहा है कि मैं परिवार के बीच ही उपस्थित हुई हूं। मैंने अपने जीवन में इस समिति से बहुत कुछ सीखा भी है। उन्होंने कहा कि आज विभिन्न अलगाववादी ताकतें जनजातीय समाज को खंडित करने का प्रयास कर रही हैं। कभी उनके संस्कृति और परम्पराओं पर आक्रमण हो रहा है या उनके बोली-भाषाओं पर। उन्हें अलग-अलग समूहों में बांटने की कोशिश की जा रही है। मेरा आग्रह है कि इस समिति के कार्यकर्ता जिस भी क्षेत्र में कार्य करें, वहां पर जनजातीय समाज को इन विघटनकारी ताकतों से सचेत रखें। यह प्रयास करें कि आदिवासी समाज एकजुट रहें और अपनी मूल संस्कृति को बचाए रखें। मेरा आग्रह है कि समिति के सदस्य वनवासी साथियों के मध्य जाएं तो उन्हें पांचवी अनुसूची के प्रावधानों, पेशा कानून सहित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दें। साथ ही पंचायत के माध्यम से वन अधिकार पट्टों के लिए तथा अन्य शासकीय योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित करें।

राज्यपाल ने कहा कि यह खुशी की बात है कि इतनी महान संस्था कल्याण आश्रम के कार्यों की शुरूआत छत्तीसगढ़ से हुई है। यह जनजातियों के सर्वांगीण विकास के लिए कार्यरत है। इस आश्रम में अध्ययनरत छात्राओं ने तीरंदाजी तथा अन्य खेलों में राष्ट्रीय स्तर पर पदक हासिल किए हैं और देश के उच्चतम स्थानों पर भी कार्यरत हैं। इनके लिए उन्हें मैं शुभकामनाएं देती हूं। राज्यपाल ने कहा कि देश के आजाद होने के पश्चात् जनजातीय समाज के संरक्षण के लिए संविधान में विभिन्न प्रावधान किए गए और शासन द्वारा भी विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं बनाई गई। इनके फलस्वरूप उनमें कुछ विकास हुआ। साथ ही शासन द्वारा उनके विकास के लिए प्रयास किए जा रहे हैं, परन्तु सबसे अधिक आवश्यकता यह है कि समाज स्वयं आगे आए, जनजातीय समाज के शिक्षा, कल्याण तथा रोजगार के लिए कार्य करें। निश्चित ही इन प्रयासों से आदिवासी समाज तो सशक्त होगा, साथ ही हमारा देश प्रगति की राह में आगे बढ़ेगा। इस अवसर पर एकल गान भी प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में कल्याण आश्रम के राष्ट्रीय छात्रावास प्रमुख निशिकांत जोशी ने भी अपना उद्बोधन दिया। इस अवसर पर वनवासी विकास समिति के प्रदेश अध्यक्ष रतनलाल अग्रवाल, प्रवीण ढोलेके, प्रवीण मैशरी तथा वनवासी विकास समिति के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

ढाबा से खाना खाकर लौट रहे बाईक सवार को ट्रक ने मारी ठोकर, एक की मौत

■ हादसे से नाराज मृतक के भाई ने लगाई ट्रक में आग

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। ढाबा से खाना खाकर मोटरसाइकिल में सवार होकर लौट रहे युवकों को तेज रफ्तार ट्रक ने अपनी चपेट में ले लिया। जिसके चलते एक युवक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई । एक्सीडेन्ट में भाई की मौत हो जाने से नाराज युवक ने ट्रक में आग लगा दिया जिससे ट्रक जलकर खाक हो गया।

मिली जानकारी के अनुसार वार्ड 7 अभनपुर निवासी शिव कुमार धीवर ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि बुधवार को अपने साथी महेश साहू तथा गौतम नेताम के साथ राजलक्ष्मी ढाबा अभनपुर में खाना खाकर मोटरसाइकिल ड्रीम युगा क्रमांक सीजी 04-एलएल-9204 में जिसे महेश साहू चला रहा था उसके पीछे गौतम नेताम तथा सबसे पीछे प्रार्थी बैठा हुआ था , वापस घर जाते समय करीब 10.45 बजे रात को जैसे ही संगवारी ढाबा के पास विपरीत दिशा से आ रही तेज रफ्तार सामने से आ रही ट्रक क्रमांक सीजी 04-जेबी-2048 का चालक तेज रफ्तार ट्रक को लापरवाहीपूर्वक चलाते हुये मोटरसाइकिल को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया जिससे महेश साहू के सिर,चेहरे,कमर, जांघ में चोट आई एवं महेश साहू के मौके पर ही मौत हो गई तथा गौतम नेताम के मुंह, होंठ,में चोट आई है।

ट्रक की रफ्तार देखकर प्रार्थी बाईक से कुद गया जिससे उसे चोट नही आई। घटना में बाईक क्षतिग्रस्त हो गई। एक्सीडेन्ट के बाद ट्रक चालक गुरूकृपा ढाबा के सामने अभनपुर में खड़ी कर भाग गया। एक्सीडेंट से महेश साहू की मौत हो जाने पर मृतक का भाई नरेंद्र साहू ने अपने भाई की मौत होने से ट्रक में आग लगा दिया जिससे ट्रक जलकर खाक हो गया है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस घटना स्थल पर पहुंचकर ट्रक को अपने कब्जे में ले लिया है।

छत्तीसगढ़

देश का नया विश्वास

एक साल पहले छत्तीसगढ़ में तीन-चौथाई प्रचंड बहुमत से बदलाव का जनादेश मिला, जिसने हमें लोकतंत्र, संविधान, साम्प्रदायिक सौहार्द्र, समरसता के प्रति अपनी आस्थाओं को और प्रगाढ़ करते हुए जनहितकारी योजनाओं के माध्यम से जन-जन को सशक्त बनाने का अवसर दिया। मुझे संतोष है कि बीते एक साल में ही छत्तीसगढ़ देश के नए विश्वास का प्रतीक बन गया है। सामाजिक-आर्थिक-ग्रामीण विकास के छत्तीसगढ़ी मॉडल ने प्रदेश को मंदी के थपेड़ों को सहने और सतत् विकास की धारा मे बहने की शक्ति दी है।

हमने देश और प्रदेश की समसामयिक आवश्यकताओं और समस्याओं के निदान हेतु जनसहभागिता-परक समाधान खोज निकाले हैं, जिनके विस्तार हेतु हम दृढ़ संकल्पित हैं।

- भूपेश बघेल
मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

निवेशकों का विश्वास

- सर्वधर्म समभाव का प्रदेश, शांति का टापू
- सबके संवैधानिक अधिकारों की रक्षा के प्रति सचेत
- मंदी के दशक में पहली नई उद्योग नीति बनाने वला राज्य
- नियम-कानूनों में शिथिलता, सरलता से राहत

किसानों का विश्वास

- उनकी मेहनत को मिलेगा सम्मान। धान का मिला 2500 रू. प्रति क्विंटल का दाम
- वादा पूरा करने वाली सरकार, कर्ज माफी का सपना किया पूरा
- कृषि लागत में कमी, खाद्य प्रसंस्करण इकाइयां लगाने पर जोर
- नरवा, गरवा, घुरवा, बारी योजना से ग्राम सशक्तीकरण

आदिवासियों का विश्वास

- लोहण्डीगुड़ा में हुई जमीन वापसी से न्याय का नया दौर
- तेन्दूपत्ता संग्रहण पारिश्रमिक मिला 4000 रू. मानक बोरा
- 22 वनोपजों की समर्थन मूल्य पर खरीदी, प्रसंस्करण इकाइयों की शुरूआत
- निरस्त वनाधिकार पट्टों की पुनःसमीक्षा, सामुदायिक पट्टों पर जोर
- जबरिया आपराधिक मामलों में फंसाए गये लोगों को मुक्ति

महिलाओं का विश्वास

- कुपोषण और एनीमिया मुक्ति की व्यापक योजना
- शिक्षा और रोजगार के नये इंतजाम
- लोकसंस्कृति के माध्यम से मातृशक्ति को मान

युवाओं का विश्वास

- रोजगारपरक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के इंतजाम
- खेल-कूद व अन्य क्षेत्रों में भविष्य निर्माण
- बेरोजगारी की दर में गिरावट, सरकारी नौकरी के नए अवसर
- कक्षा 12वीं तक निःशुल्क शिक्षा का अधिकार

आमजनों का विश्वास

- बिजली बिल हाफ का वादा निभाया
- भूमिहीनों को जमीन और आवासहीनों को मकान
- सार्वभौमिक पीडीएस से सबको पोषण
- देश की पहली सार्वभौमिक स्वास्थ्य योजना
- 20 लाख रू. तक उपचार का प्रावधान

छत्तीसगढ़ शासन

सेवा और जतन का एक साल

संपादकीय

अब एनसीआर पर तकरार

केन्द्र सरकार द्वारा लाए गए एनआरसी के खिलाफ देश भर में विरोध प्रदर्शन अभी तक जारी है इस बीच केन्द्रीय मंत्रीमण्डल ने एनआरसी लागू करने का निर्णय ले लिया जो विपक्ष को रास नहीं आ रहा है विपक्ष इसका विरोध कर रहा है। केन्द्र सरकार ने भारत में रहने वाले प्रत्येक नागरिक का बायोमैट्रिक डाटा तैयार करने का फैसला किया है जिसके तहत भारत के किसी भी कोने में रहने वाले व्यक्ति का जो चाहे देसी हो या विदेशी यदि वह छः माह से देश के किसी भी हिस्से में रहता है तो उसका पूरा रिकार्ड सरकार अपने पास रखेगी। इससे जहां देश की जनसंख्या का पता चलेगा वहीं आंतरिक सुरक्षा की दृष्टि से भारत में छुपे तत्वों का भी पता लग जाएगा। यह बात भी विपक्ष को फूंटी आंख नहीं सुहा रही है। जबकि यूपीए सरकार के कार्यकाल में भी एनआरसी शुरू की गई थी। राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर को हर 10 साल बाद अपडेट किया जाता है। यदि मोदी सरकार यह काम कर रही है तो समझ में नहीं आता कि विपक्ष इसपर क्यों अपत्ति उठा रहा है। ऐसा लगता है कि महज अपनी राजनीति चमकाने के लिए ही विपक्ष राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर का विरोध कर रहा है। ओवैसी ने भी इसके खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। विपक्ष अब एनआरसी को लेकर भी भ्रम का जाल फैलाने की कोशिश कर रहा है। उल्लेखनीय है कि देश में लगातार बढ़ती आबादी को लेकर यह मांग जोर शोर से उठाई जा रही है कि जनसंख्या नियंत्रण के लिए सरकार कड़े कानून बनाए। स्वामी रामदेव ने तो 2 से अधिक बच्चे वाले परिवारों को किसी भी तरह की सरकारी सुविधा न देने तक की मांग कर डाली थी जनसंख्या नियंत्रण के लिए प्रभावी पहल जरूरी है लेकिन एनआरसी का इससे कोई संबंध नही है। यह बात सरकार को देशवासियों को समझानी होगी अन्यथा एनआरसी की तरह एनसीआर को लेकर भी विपक्ष नया हंगामा खड़ा कर देगा

विचार

विचार और सियासत

आश्चर्य की बात यह कि जब पिछले दिनों सीएए-एनआरसी को लेकर देशभर में विरोध प्रदर्शनों का सिलसिला शुरू हुआ तो बीजेपी नेताओं ने एक सुर में कहा कि यह कांग्रेस ही है जो लोगों को भड़का रही है। झारखंड के चुनावी नतीजों ने बीजेपी के कांग्रेस मुक्त भारत के सपने को गहरा झटका दिया है। झारखंड में हार के साथ ही बीजेपी ने अपने शासन वाले जो पांच राज्य गंवाए हैं, उन सभी में कांग्रेस या तो सीधे या फिर एक भागीदार के रूप में सत्ता में आ गई है। वर्ष 2014 के बाद से ही बीजेपी लोगों को यह समझाने में जुटी हुई है कि एक सियासी ताकत के रूप में कांग्रेस तेजी से सिकुड़ रही है और जल्द ही यह अतीत का हिस्सा बन जाएगी। आश्चर्य की बात यह कि जब पिछले दिनों सीएए-एनआरसी को लेकर देशभर में विरोध प्रदर्शनों का सिलसिला शुरू हुआ तो बीजेपी नेताओं ने एक सुर में कहा कि यह कांग्रेस ही है जो लोगों को भड़का रही है। यानी अनजाने में उन्होंने मान लिया कि कांग्रेस की उपस्थिति देश भर में है और उसका असर जनता के एक बड़े तबके पर है। यह बात उतनी न सही पर काफी हद तक सच है। लगातार दो लोकसभा चुनावों में बहुत कमजोर प्रदर्शन के बावजूद कांग्रेस ने अपना हौसला नहीं खोया। अभी देखने में आ रहा है कि उसने अपनी रणनीति में एक बड़ा बदलाव भी किया है। खुद को स्वाभाविक शासक समझने की मानसिकता से वह बाहर निकली और कई राज्यों में उसने किसी क्षेत्रीय पार्टी का जूनियर पार्टनर बनना स्वीकार किया। खुद को पीछे रखकर विपक्ष के विभिन्न दलों में एकता बनाने की यह पहलकदमी रंग ला रही है। झारखंड का उदाहरण सामने है। इससे पहले महाराष्ट्र में उसने शिवसेना के साथ जाने का फैसला किया, जो हाल तक कल्पना से परे था। अच्छी बात यह कि बिल्कुल विपरीत विचार वाले दल के साथ हाथ मिलाते हुए भी पार्टी अपनी मूल प्रस्थापनाओं पर डटी है। महाराष्ट्र में शिवसेना के नेतृत्व वाली सरकार में शामिल होने से पहले उसने कॉमन मिनिमम प्रोग्राम पर जोर दिया। पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने सावरकर पर अपने विचार खुलकर व्यक्त किए और शिवसेना के विरोध के बावजूद नरमी का कोई संकेत नहीं दिया। दरअसल कांग्रेस के सामने अभी दोहरी चुनौती है।

टेक ज्ञान

तो फिर से महंगे होंगे मोबाइल रिचार्ज प्लान

नई दिल्ली। Reliance Jio के साथ एयरटेल और वोडाफोन-आइडिया ने अपने टैरिफको 40त तक महंगा कर दिया है। नए टैरिफके साथ ये महंगे प्लान यूजर्स की जेब पर काफी असर डाल रहे हैं। कंपनियों ने टैरिफहाइक के पीछे की वजह बिजनस में हो रहे नुकसान को बताया है। कंपनियों को उम्मीद है कि प्लान्स के महंगे होने से उन्हें घाटे की भरपाई करने में मदद मिलेगी। टैरिफ हाइक को लेकर अब एक ताजा खबर सामने आई है जिससे यूजर्स की चिंता और बढ़ सकती है। टैरिफको बढ़ाया जाना है जरूरीटेलिकॉम टॉक की एक रिपोर्ट के अनुसार सेल्युलर ऑपरेटर असोसिएशन ऑफइंडिया के डायरेक्टर जनरल राजन मैथ्यूज का कहना है कि टेलिकॉम इंडस्ट्री को घाटे से उबरने के लिए टैरिफको महंगा करना जारी रखना होगा।

कामलनाथ ने माफियाओं के खिलाफ धावा बोला

एल एस हरदेनिया

> दूध को पहले रिफिलिंग और फ्रीजिंग केंद्रों पर लाया जाता है, प्रत्येक जिले में लगभग 5-6 ऐसे केंद्र हैं। इन रिफिलिंग बिंदुओं पर प्रयोगशाला परीक्षण का प्रावधान है। दूध टैंकरों में भरा जाता है और सील करने से पहले प्रत्येक टैंकर का नमूना लिया जाता है। जब टैंकर प्रसंस्करण संयंत्र में पहुंचते हैं, तो फिर से नमूने लिए जाते हैं और विस्तृत रासायनिक परीक्षण किया जाता है। मिलावटी दूध वाला टैंकर हमारी प्रसंस्करण योजना तक नहीं पहुँचा था, वहाँ पहुँच गया होगा, जहां पकड़ा गया था। हम प्रसंस्करण बिंदु पर और साथ ही प्रसंस्करण संयंत्र के प्रवेश पर, रिफिलिंग बिंदु पर मिलावट का पता लगाने के लिए रासायनिक विश्लेषण करते हैं।

मध्य प्रदेश सरकार ने विभिन्न संप्रदायों के माफियाओं के खिलाफ युद्ध छेड़ दिया है। मुख्यमंत्री कमलनाथ ने घोषणा की है कि वह मध्य प्रदेश को पूर्ण रूप से माफिया मुक्त बनाने के लिए दृढ़ हैं। दिलचस्प यह है कि ऐसा ही एक माफिया ग्रुप एक अर्ध सरकारी संगठन द्वारा चलाया जा रहा है। इस संगठन को सांची दुग्ध संघ के नाम से जाना जाता है- एक सहकारी संगठन, जो व्यक्तिगत ग्राहकों को दूध की आपूर्ति करता है। अब तक लोगों में इस संगठन के प्रति गहरी आस्था थी। उपभोक्ताओं का मानना था कि सांची द्वारा आपूर्ति किया गया दूध सौ प्रतिशत शुद्ध है। लेकिन अब पता चला है कि आपूर्तिकर्ता टैंकर से भारी मात्रा में दूध निकालता है और इसे यूरिया के साथ मिश्रित पानी से बदल देता है। बाद में पता चला कि यह रैकेट लंबे समय से चल रहा था और इस तथ्य के बावजूद कि यह संघ स्टाफके एक वर्ग को पता था, इसे रोकने और दोषियों को दंडित करने के लिए कोई ठोस उपाय नहीं किया गया था।

रैकेट का पता तब चला जब पुलिस की क्राइम ब्रांच ने सांची मिल्क फेडरेशन के भोपाल-मंडीदीप बॉर्डर पर दूध ले जाने वाली दूध के टैंकर को जब्त किया और टैंकर की सील तोड़कर यूरिया को मिलाते हुए दूध में मिलावट करते हुए ड्राइवर और अन्य लोगों को पकड़ा। आरोपी दूषित पानी और यूरिया में सिंथेटिक दूध मिला रहे थे और फिर से टैंकर को सील कर रहे थे। पुलिस को मौके से यूरिया के दो बोरे और खाली यूरिया के पैकेट मिले। पुलिस द्वारा एफडीए टीम को भी मौके पर बुलाया गया। एएसपी (क्राइम ब्रांच) निश्चल झारिया ने कहा कि पुलिस को भोपाल-मंडीदीप सीमा पर सांची के टैंकरों में सिंथेटिक दूध मिलने की सूचना मिली। इसके बाद, पुलिस टीम मौके पर पहुंची और मुख्य सड़क के पास एक सांची दूध का टैंकर खड़ा पाया। आरोपी ड्राइवर ने पंचर रिपेयर की दुकान पर जीपीएस लगा रखा था। पुलिस को मिलावटी दूध से भरे 50 लीटर दूध के 36 डिब्बे मिले। आरोपियों को गिरफ्तार किया

गया और उनसे पूछताछ की जा रही है। टैंकर बैतूल से दूध ला रहा था। सांची सहकारी के कार्यवाहक अध्यक्ष को इस रैकेट भंडाफोड़ के कुछ दिनों बाद, संभागीय आयुक्त कल्पना श्रीवास्तव ने अन्य दो कर्मचारियों के साथ निलंबित कर दिया। दो कर्मचारियों- गुणवत्ता नियंत्रण अधिकारी श्याम गुप्ता और प्रभारी जीपीएस निगरानी कमल यादव को घटना के बाद गठित एक समिति द्वारा रिपोर्ट प्रस्तुत के आधार पर प्रभागीय आयुक्त द्वारा निलंबित कर दिया गया। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि इन दोनों कर्मचारियों की सेवाएं समाप्त करने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है।

ग्राम स्तर की लगभग 6000 समितियां हैं, जो भोपाल स्थित इस सहकारी संस्था को दूध उपलब्ध कराती हैं। दूध को पहले रिफिलिंग और फ्रीजिंग केंद्रों पर लाया जाता है, प्रत्येक जिले में लगभग 5-6 ऐसे केंद्र हैं। इन रिफिलिंग बिंदुओं पर प्रयोगशाला परीक्षण का प्रावधान है। दूध टैंकरों में भरा जाता है और सील करने से पहले प्रत्येक टैंकर का नमूना लिया जाता है। जब टैंकर प्रसंस्करण संयंत्र में पहुंचते हैं, तो फिर से नमूने लिए जाते हैं और विस्तृत रासायनिक परीक्षण किया जाता है। मिलावटी दूध वाला टैंकर हमारी प्रसंस्करण योजना तक नहीं पहुँचा था, वहाँ पहुँच गया होगा, जहां पकड़ा गया था। हम प्रसंस्करण बिंदु पर और साथ ही प्रसंस्करण संयंत्र के प्रवेश पर, रिफिलिंग बिंदु पर मिलावट का पता लगाने के लिए रासायनिक विश्लेषण करते हैं। .08 मिलीग्राम यूरिया की उपस्थिति का भी यहां पता लगाया जा सकता है। ऐसा मप्र राज्य सहकारी डेयरी फेडरेशन के प्रबंध निदेशक शमीमुद्दीन ने दावा किया। पशुपालन मंत्री लखन यादव ने आगे की कार्रवाई के बारे में निर्णय लेने के लिए अधिकारियों के साथ बैठक की। सरकार के टार्गेट में माफिया बिल्डर भी हैं। कई मामलों में ये बिल्डर अनधिकृत भूमि पर विशाल भवन बनाते हैं, कभी-कभी सरकार के स्वामित्व वाली जमीन पर भी निर्माण कर लेते हैं। वे अपनी हवेली का निर्माण करते हैं, होटल बनाते हैं और कॉलोनियां बसाते हैं, वह भी बिना उचित अनुमति और मंजूरी के। इन अनधिकृत निर्माणों को ध्वस्त किया जा रहा है। एक स्थानीय समाचार पत्र ने शीर्षक के साथ यह खबर प्रकाशित की ÷होटल ढहा दिए गए। अधिकारियों ने भू-माफियाओं पर हथौड़ा चला दिया÷। इंदौर सहित कई शहरों से ऐसे विध्वंस की रिपोर्ट भोपाल पहुंच रही है। भोपाल में, नगर निगम और पुलिस ने कई अवैध ढांचे को ढहा दिया है। एमपी नगर के एसडीएम राजेश गुप्ता के नेतृत्व में तोड़फोड़ दस्ते ने आईआईटी के पास एक प्रमुख होटल की चैथी मंजिल की छत को तोड़ दिया। इस होटल में निर्माण क्षेत्र भोपाल नगर निगम द्वारा दी गई अनुमति से अधिक था और भवन का निर्माण बिना अनुमति के किया गया था।

कस्तूरबा नगर में एक अन्य होटल की चैथी और पांचवीं मंजिलों को भी ध्वस्त कर दिया गया था। हुजूर के एसडीएम ने कहा कि आदर्श नगर, दिव्य सिटी कॉलोनी और कान्हा साईया की जमीन पर अवैध ढांचे हटा दिए गए। लोगों को हालांकि आश्चर्य है कि क्यों और कैसे इस तरह के निर्माण की अनुमति मिलती है। जब ऐसे निर्माण किए जाते हैं तो उन्हें प्रारंभिक चरण में क्यों नहीं रोका जाता है।

(संवाद)

भाजपा की खीसकती ज़मीन, राज्यों में गंवाती सत्ता !

प्रभुनाथ शुक्ल

> भाजपा का खींसकता जनाधार उसके लिए चिंता का विषय है। उसे अब अपनी रणनीति बदलनी होगी। अब भावनात्मक मसलों के जरिए वोट बैंक जमा करने की नीति फिलहाल कामयाब होती नहीं दिखती है। शोर शराबे की राजनीति के बजाय विकास की ठोसनीति तैयार करनी होगी। जिससे उसका जनविश्वास लौट पाए। क्योंकि नागरिकता बिल और एनआरसी जैसे मसलों पर विपक्ष भाजपा को कटघरे में ला दिया है। सरकार के खिलाफसड़क पर उतरे लोगों ने नींद उड़ा दिया। गृहमंत्री अमितशाह को संसद से लेकर बाहर तक सीएए, एनआरसी और एनपीआर पर सफाई देनी पड़ी है। जबकि विपक्ष हंगामा खड़ा कर अपनी रणनीति में कामयाब हुआ है।

लोकतंत्र में जनता और उसके जनादेश का नजरिया कभी स्थाई नहीं होता। सरकारें अगर जनता के विश्वास पर खरी नहीं उतरती तो उन्हें अपनी सत्ता गंवानी पड़ती है। ऐसी स्थिति में सरकारों को आम लोगों के नजरिये को गहराई से समझना चाहिए। लोकतंत्र में जनता ही जनार्दन है। लेकिन सत्ता की अकड़ डूबोती है। झारखंड का जनादेश कम से कम यहीं संदेश देता है। सरकारों को इस भूल से निकलना चाहिए। केंद्र और राज्य की कमान एक डोर से नहीं खींची जा सकती। बदलते राजनीतिक समीकरण में भाजपा और कांग्रेस जैसे केंद्रीय दलों के लिए यह बड़ी चुनौती है। राज्यों में वह बगैर कंधे के नहीं सफल हो सकती हैं। झारखंड में भाजपा की पराजय की वजह भी यही है। राज्य की जनता ने केंद्रीय मुद्दों को किनारे रख आदिवासी समस्याओं को तरजीह दिया। भाजपा जहां नागरिकता बिल और धारा-370 में अटकी रही वहीं झारखंड मुक्ति मोर्चा का युवा चेहरा हेमंत सोरेन ने आदिवासी पीड़ा हो अच्छी तरह समझा और उसी मसलों पर चोट किया जिसकी वजह से भाजपा बैकफुट पर चली गई। आजसू जैसे विश्वसनीय सियासी दोस्त को भी भाजपा ने किनारे रखा। मुख्यमंत्री रघुवरदास की छवि ने उसे परास्त कर दिया। झारखंड से निकला जनादेश का संदेश भाजपा और उसके शीर्ष नेतृत्व के लिए बड़ी सीख है।

भाजपा की राजनीतिक साख और जनविश्वास का सूचकांक गिर रहा है। एक सालों में भाजपा ने पांच राज्यों को गंवा दिया। मध्यप्रदेश, राजस्थान, महाराष्ट, छत्तीसगढ़ के बाद झारखंड में भी भगवा का सफाया हो गया। 2019 में भाजपा केंद्र में बड़े बहुमत से भले सत्ता में आई, लेकिन राज्यों में खींसकता जनाधार उसकी पकड़ कमजोर बना रहा। हालांकि इस दौरान उसने कर्नाटक, मेघालय, त्रिपुरा और मिजोरम में सरकार बनाई है। जिसमें कर्नाटक बड़ा राज्य है। सात माह में 18 फीसदी वोट घटे हैं यह भाजपा और केंद्रीय नेतृत्व की नींद उड़ाने वाला है। झारखं डमें वोट शेयर के लिहाज से देखें तो भाजपा सबसे अधिक 33.41 प्रतिशत वोट हासिल किया है। लेकिन यह शेयर सीटों में नहीं परिवर्तित हो सका। राज्य में अपने पुराने साथी आजसू से रिश्ता तोड़ना उसे काफी घाटे का सौदा साबित हुआ। अगर भाजपा और आजसू के वोट शेयर को जोड़ दिया जाय तो यह 42 फीसदी तक पहुंचता है। जबकि कांग्रेस, झामुओं और दूसरे मित्र दल मिल कर भी 33 फीसदी से आसपास पहुंचते हैं। निश्चित रुप से सरयू प्रसाद राय की नाराजगी भाजपा की लुटिया डूबाने में अहम भूमिका निभाई। भाजपा को राज्य की 25 विधानसभाओं में जीत मिली है जबकि सरयू प्रसाद की

आजसू को दो सीटों पर कामयाबी मिली है। आजसू पहली बार विधानसभा चुनाओं में उतरी थी।

झारखंड में जनता की नाराजगी इसी से साबित होती है कि मुख्यमंत्री रघुबरदास खुद की सीट नहीं बचा पाए और सरयू प्रसाद राय के सामने पराजित हो गए। इसी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि राज्य में मुख्यमंत्री रघुबरदास की छबि कितनी अच्छी थी। यही नहीं दास मंत्रीमंडल के पांच मंत्री भी अपनी हार को नहीं बचा पाए। इससे यह साबित होता है कि राज्य में भाजपा सरकार की नीति को लेकर जनता में काफी नाराजगी थी। प्रधानमंत्री मोदी और गृहमंत्री अमितशाह भी आदिवासी इलाकों में जनता की नाराजगी नहीं समझ पाए। भाजपा 65 प्लस का नारा देती रही लेकिन उसे 25 पर सिमटना पड़ा। आदिवासीहितों की अनदेखी और मुख्यमंत्री की कार्यप्रणाली भाजपा को ले डूबी। जबकि आदिवासी परिवारों ने गुरु शिबू सोरेन की विरासत संभालने वाले युवा चेहरे हेंमत सोरेन पर अधिक भरोसाा जताया। जेएमएम ने 81 सीटों में 18.78 फीसदी वोट हासिल कर सबसे अधिक 30 सीट जीतने में कामयाब हुई है। जबकि उसकी सहयोगी इंडियन नेशनल कांग्रेस सिर्फ 13.85 प्रतिशत वोट पाकर 16 विधानसभा सीटों को अपने कब्जे में लिया। कांग्रेस और जेएमएम ने पिछले चुनाव से बेहतर प्रदर्शन किया। चुनाव विश्लेषकों की माने तो राज्य के 19 साल के इतिहास में कोई भी सत्ताधारी दल वापसी नहीं कर पाया है। 30 सीट जीतने वाली झारखंड मुक्ति मोर्चा पिछले चुनाव में 19 सीट पर जीत हासिल किया था। भाजपा से अलग होने के बाद आलइंडिया स्टूडेंट यूनियन यानी आजसू पहली बार चुनाव मैदान में उतरी थी। उसने दो सीट हासिल किया। जबकि झाविमों ने 5.44 फीसदी वोट हासिल कर तीन सीटों पर कब्जा किया। राज्य के दूसरे दलों ने पांच सीटों पर जीत हासिल किया।

गृहमंत्री एनआई को दिए गए साक्षात्कार में यह माना भी है कि सीएए पर लोगों के आक्रोश को समझने में कहीं न कहीं भूल हो सकती है। 2017 के बाद भाजपा ने सातवें राज्य में अपनी सत्ता गंवाई है। 2017 में भाजपा 71 फीसदी आबादी के 75 फीसदी भूभाग पर भगवा लहराया था। उस दौरान उसकी सत्ता 19 राज्यों में थी। जबकि 2019 में केवल 16 राज्यों में उसकी सत्ता बची है। मीडिया रिपोर्ट की माने तो इस समय उसका कब्जा महज 42 फीसदी आबादी और 36 फीसदी भूभाग पर बचा है। यह बेहद चिंता का विषय है, आखिर उसका जनाधार क्यों खींसक रहा है। भाजपा ने मई 2019 में लोकसभा चुनाव के दौरान 51 फीसदी वोट हासिल कर झारखंड में 54 विधानसभा सीटों पर बढ़त हासिल की थी। जबकि 14 लोकसभा सीटों में 11 पर जीत हासिल किया था और आजसू को एक सीट मिली थी। लेकिन सात माह में इतना बड़ा परिवर्तन विचारणीय है। निश्चित रुप से इस हार के पीछे मुख्यमंत्री रघुबरदास की नीतियां रही हैं। हार के बाद उन्होंने अपने बयान में खुद माना है कि यह पार्टी की नहीं मेरी हार है। झारखंड मुक्ति मोर्चा के युवा नेतृत्व आदिवासी पीड़ा समझने में कामयाब रहा है। 26 फीसदी आदिवासी आबादी के बाद भाजपा ने एक बार गैर आदिवासी चेहरा रघुबरदास को बतौर मुख्यमंत्री पेश किया था। दलबदलू नेताओं पर विश्वस और बागियों ने उसे भारी नुकसान पहुंचाया। दूसरी बात आदिवासी समस्याओं पर गौर नहीं किया गया। आजसू जैसे भरोसेमंद दोस्त को किनारे करना उसकी पराजय का मुख्यकारण है।

पाठकों की बात | पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

रोज़ सिर्फ एक मिनट

हर रोज़ सिर्फ़ एक मिनट के लिए अपने ईश्वर से सीधे बात करें। लेकिन इस एक मिनट के दौरान हम उससे कुछ माँगेंगे नहीं, कोई शिक़ायत नहीं करेंगे। इस एक मिनट के दौरान हम ईश्वर को उन सब चीजों के लिए तह-ए-दिल से धन्यवाद देंगे, जो उसने हमें बिना माँगे पहले से ही दे रखी हैं।

– अनिता कपूर

दिल पर क्या गुजरी

दिल पर क्या गुजरी वो अनजान क्या जाने।। प्यार किसे कहते हैं वो नादान क्या जाने।। हवा के साथ उड़ गया घर इस परिंदे का।। कैसे बना था घोसला वो तूफान क्या जाने।। मैने बहारों को बताया हैं संगीत होना।। आप आसान समझते हैं मनीष होना।

– मनीष भटट् शर्मा

ख़ास पाती | ### सियासत की वजह से है बुरा



सियासत की वजह से है बुरा लाचार करना भी न करना वार है हमको पलटकर वार करना भी हमारी सोच क्यों कुन्द हो गई दुश्वार है जीना , हमें क्यों झूठ में जीना पड़े स्वीकार करना भी बहुत सच की दुहाई दे रहे आवाज दे दे कर , मगर मुश्किल बहुत सच के लिए सत्कार करना भ करें जो भेद आपस में भुला दें धर्म मर्यादा , मुनासिब बात करना है नहीं अब खार करना भी पडौसी देश ने डाली नजर है जब बुरी हम पर , जरूरी हो गया है अब हदों को पार करना भी किसी ने साथ सच का जब दिया फांसी लगी उसको , हिफाजत कर सकें मुश्किल हुआ इजहार करना भी। – **चन्द्रकान्ता मां प्रदीपा,**

मैने जब जब उस परवरदिगार को सदा दी

मैने जब जब उस परवरदिगार को सदा दी, जुबाँ पर तेरा नाम आया आँखें मुस्कुरा दी, पलकों की कैद से छूट गिरे मोती अनमोल, जितनी भी थी ग़म की लड़ियाँ सब बहा दीं, पूछा तेरे शहर के लोगों ने तुम मेरे कौन हो, चुप रहे उँगली आसमाँ की ज़ानिब उठा दी, मैं वाकिफ़ हूँ सच से तू मेरा हो नहीं सकता, सो खुद और दिल के दरमियाँ दीवार उठा दी, जिस रोज़ बोझ लगूं इस तरह भुलाना तू हमें, हमें खबर भी न हो कि तूने हर याद भुला दी।

– **अनिल अनमोल शर्मा**

शाम तक जिन्दगी को तलाश रहती

सुबह से शाम तक जिन्दगी को तलाश रहती है तो बस कुछ शुकून की पर शुकून वहां मिलता नहीं जहां हम खोजते हैं शुकून तो सुबह और शाम से परे किसी दुनिया में छिपा है।।

– **देवयानी भारद्वाज**

नही खबर कुछ कौन सी दुनिया

नही खबर कुछ कौन सी दुनिया कौन सा आलम मेरा तो हर आलम, जानो ग़मे यार का आलम फिर वही मद्धम हवा और वही दरिया का तट दिन ढले फिर वही सुरमयी शाम का आलम तेरा ख्याल तेरी जुस्तजू तेरी आरजू और मैं वही रौनकें महफ़िलें तमाम औ तन्हा शाम का आलम आवाज़ देता रहता हूँ मगर सुनता ही नहीं वो शोर सा बरपा है, और रूहे खामोश का आलम ख्वाहिश है.. फक़त एक चाँद रात दीदार की तेरे रात चाँदनी हो न हो पर हो नीले चाँद का आलम। - **सरिता त्रिवेदी**

मानवता सिखला गए, दे दी हंसकर जान



मानवता सिखला गए, दे दी हंसकर जान !ईसा को इस त्याग ने, बना दिया भगवान् !! पनपा है जब जब कहीं, नफरत का बाज़ार ! ईसा ने तब तब लिया, .धरती पर अवतार !! मानवता कायम रहे , हर दिल रहे करीब ! यही सोचकर चढ गये,.ईसा तुरत सलीब!! मानवता जिंदा रहे,...कायम हो ईमान हर युग मे ईसा हुए,इसी तरह कुरबान! ! - **रमेश शर्मा**

मित्र, पुस्तक, रास्ता, और विचार गलत हों

मित्र, पुस्तक, रास्ता, और विचार गलत हों तो गुमराह कर देते हैं, और यदि सही हों तो जीवन बना देतें हैं वैसे सफल जीवन के चार सुत्रज़ मेहनत करे तो धन बने सब्र करे तो काम मीठा बोले तो पहचान बने और इज्जत करे तो नाम आपका दिन मंगलमय हो। - **अरूणा राव**

जलाने वाले जलाते ही हैं

जलाने वाले जलाते ही हैं चराग़ आख़िर ये क्या कहा कि हवा तेज़ है ज़माने की अब हवाएँ ही करेंगी रौशनी का फ़ैसला जिस दिए में जान होगी वो दिया रह जाएगा अभी से पाँव के छाले न देखो अभी यारो सफ़र की इब्तिदा है। - **अंबर दानी**

लघु कथा

अपनों का धोखा

आज वर्द्धिाश्रम में दो वरिष्ठ नागरिक आयी है । वह सबसे मिल रही है और अपना परिचय दे रही है, उनमें एक कमला देवी और दूसरी रमा देवी है । रात को खाने के लिए सब बैठी थी तभी कमला देवी ने रमा देवी से आश्रम में आने का कारण पूछा । रमा देवी ने बताया :भगवान का दिया हुआ मेरे पास बहुत कुछ है । पैसा जायदाद तो है पर उसने मेरी गोद खाली रखी अब इतने बड़े घर में अकेलापन खाने को दौडता है । पति के जाने के बाद सब कुछ बेगाना सा हो गया, सोचा यहाँ चार लोगों के साथ रहूंगी, दुःख दर्द बांटूगी , कुछ अपनी कहूँगी और कुछ सुनूंगी । रिश्तेदारों के यहाँ भी कब तक और कितने दिन रह सकती हूँ । रमा देवी की बात सुन कर सब भावुक हो गयी और उनके निर्णय को ठीक मान रही थी । अब सब कमला देवी की तरफदेख रहे थे । कमला देवी की आँखो से झर झर आंसू बह रहे थे । रमा देवी ने उन्हें संभाला फिर कमला देवी ने कहा : भगवान ने मुझे सब कुछ देने के साथ दो बेटे बहू पोते सब दिये । पति के गुजरने के बाद , लड़के बहू की निगाह बदल गयी , वह मकान जायदाद हड़पने में लग गये और रात दिन परेशान करने लगे , मुझे एक कमरे में बंद कर दिया मैंने कूलर में भरे पानी को पी कर भूखे रह कर प्यास बुझाई , फिर खिड़की से बाहर निकल कर अपने एक रिश्तेदार के यहाँ पहुंची , पुलिस , जन शिकायत में शिकायत की , वही है रिश्तेदार के यहां भी कितने दिन रहे और जब बात जान से मारने तक आ जाये तो वापिस तो जा नहीं सकती थी इसलिए फिर यहाँ आ गयी । फिर अपने को संभालते हुए बोली : बहन अगर अपने नहीं है तो मन मसोसकर रहा जा सकता है लेकिन अपने हो कर भी अपने नहीं हो तो दुःख ज्यादा होता है।

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1748 - फ्रांस और ऑस्ट्रिया के बीच दक्षिणी हॉलैंड को लेकर समझौते पर हस्ताक्षर किये गये। 1899 - स्वतंत्रता सेनानी अमर शहीद ऊधम सिंह का जन्म। 1904 - दिल्ली से मुंबई के बीच देश की पहली क्रॉस कंट्री मोटरकार रैली का उद्घाटन। 1925 - भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की स्थापना। 1929 - गुजराती साहित्यकार तारक मेहता का जन्म। 1977 - तत्कालीन सोवियत रूस ने पूर्वी कजाख क्षेत्र में परमाणु परीक्षण किया।1978 - पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को जेल से रिहा किया गया। 1997 - उड़ीसा (अब ओडिशा) में जनता दल से टूटकर अलग हुई पार्टी का नामकरण बीजू जनता दल (बीजद) किया गया। 1999 - देश के नौंवे राष्ट्रपति शंकरदयाल शर्मा का निधन।

न्यूज गैलरी

अटल जयंती पर सुपेला मंडल की विचार गोष्ठी

भिलाई। भारत रत्न से सम्मानित, छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माता एवं भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेई का 95 वां जन्मदिवस गरिमामय ढंग से भाजपा सुपेला मंडल भिलाई के द्वारा आयोजित किया गया। इस अवसर पर अटल एक विचारधारा विषय पर विचार संगोष्ठी का कार्यक्रम किया गया। इस आयोजन में भाजपा वरिष्ठ नेता शंकर लाल देवांगन, जिला मंत्री टीपी सिंह, मंडल अध्यक्ष विजय जायसवाल, पूर्व मंडल अध्यक्ष मनोज तिवारी ने अपने अपने सारगर्भित विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री विनोद प्रसाद ने किया। आभार प्रदर्शन उपाध्यक्ष सुरेश देवांगन ने किया। इस कार्यक्रम में स्थानीय पार्षद दीपक रावणा, राकेश नागदेव, रुपेश टांक, रामबाबू महतो, दीपचंद देवांगन, अनीता वर्मा, उमा देवांगन, स्वाति गुप्ता, राजमती चतुर्वेदी, आकाश माहेश्वरी, व्यास नारायण बांधे, नरेश यादव, नरेंद्र बांधे सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

ज्ञान हासिल करने हमेशा तत्पर रहें विद्यार्थी : सिन्हा

भिलाई। बीएसपी इंग्लिश मीडियम मिडिल स्कूल सेक्टर.7 का 19 वां वार्षिक उत्सव रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ मनाया गया। समारोह के मुख्य अतिथि जीएम एचआरडी सौरभ सिन्हा ने इस मौके पर स्कूल की गतिविधियों की सराहना करते हुए विद्यार्थियों का आह्वान किया कि वे ज्ञान हासिल करने हमेशा तत्पर रहें। अध्यक्षता कर रहीं उपमहाप्रबंधक शिक्षा वैशाली सूपे ने स्कूल के परिणामों पर संतोष जताते हुए पालकों से शाला के बेहतर संचालन में सक्रिय भागीदारी देने का आह्वान किया। इसके पहले शुरूआत में अतिथियों ने विज्ञान प्रदर्शनी का उद्घाटन किया, जहां विद्यार्थियों ने हाइड्रोलिक प्रोजेक्ट, फायर अलार्म (इलेक्ट्रिक स्टैटिक), प्रदूषित हवा को चिमनी से साफ हवा में बदल कर निकालने की विधि आदि मॉडल की भूरी.भूरी प्रशंसा की। साथ ही सलाद, फूलों की सजावट व रंगोली को भी अतिथियों ने सराहा।

नगर निगम : महापौर पद की रेस में 8 पार्षद

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। शहर के 60 वार्डों में कांग्रेस के 30 पार्षद चुने गए हैं जबकि भाजपा के 16 और 13 निर्दलीय पार्षद चुने गए हैं। एक पार्षद जनता कांग्रेस से चुना गया है। 20 साल तक भाजपा के कब्जे में रहे दुर्ग नगर निगम की सत्ता पर अब कांग्रेस का कब्जा हो चुका है। सत्ता के समीकरण स्पष्ट होने के बावजूद अभी भी यह तय नहीं है कि महापौर कौन बनेगा। सभापति की जिम्मेदारी किसे मिलेगी और सिटी सरकार की केबिनेट में किन.किन चेहरों को शामिल किया जाएगा।

शहर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के गृह जिला का मुख्यालय है। दिग्गज कांग्रेस नेता मोतीलाल वोरा का गृहनगर है। गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू भी इसी शहर में रहते हैं। बहुमत के बावजूद विधायक अरूण वोरा समेत कांग्रेस पार्टी के प्रमुख नेताओं के सामने महापौर चयन में कई मुश्किलें आ रही है। किसे महापौर बनाएं और किसे नाराज करें। 8 पार्षद ऐसे हैं जिन्हें महापौर की रेस में सबसे ज्यादा दमदार माना जा रहा है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता मदन जैनए अब्दुल गनी और धीरज बाकलीवाल इस रेस में सबसे आगे बताए जा रहे हैं। मगरए अंदरखाने की खबर कुछ अलग तस्वीरें भी दिखा रही हैं। अंदरूनी सूत्रों के अनुसार विधायक अरूण वोरा के बेहद विश्वस्त सहयोगी नंदू महोबिया के भाई भोला महोबिया, पूर्व महापौर आरएन वर्मा की पत्नी सत्यवती वर्मा, पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष रामानुजलाल यादव के भतीजे राजेश यादव, पिछली निगम परिषद में सभापति चुने गए राजकुमार नारायणी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता मोतीलाल वोरा के गृहवार्ड मोहन नगर के पार्षद संजय कोहले का नाम भी महापौर पद के दावेदारों में गिना जा रहा है।

कांग्रेस नेताओं के लिए यह मुश्किल ये है कि महापौर पद के लिए आखिर किसका नाम आगे करें। एक प्रस्ताव यह चल रहा है कि पार्षदों की रायशुमारी कर महापौर का नाम आगे किया जाए। एक दूसरा प्रस्ताव यह भी है कि वरिष्ठ कांग्रेस नेता मोतीलाल वोरा और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सहमति से महापौर का नाम तय कर लिया जाए। सूत्र बता रहे हैं कि अगले दो दिनों में सब कुछ तय कर लिया जाएगा।

मदन जैन और अब्दुल गनी प्रबलतम दावेदार

महापौर के प्रबलतम दावेदारों में दो पार्षद शामिल हैं। मदन जैन और अब्दुल गनी। दोनों पार्षदों के समर्थक खुले तौर पर महापौर पद के लिए लॉबिंग करने लगे हैं। दोनों पार्षदों को शीर्ष नेताओं से हरी झंडी का इंतजार है। वरिष्ठता के लिहाज से दोनों पार्षदों का लंबा राजनीतिक अनुभव है। नगर निगम में भी दोनों वरिष्ठ पार्षदों को अनुभवी माना जाता है। नगर निगम की प्रशासनिक समझ, शहर की जरूरतों और विकास की संभावनाओं के मामले में दोनों पार्षद सबसे ज्यादा प्रभाव रखते हैं। दोनों पार्षद तेजतर्रार हैं। अपने राजनीतिक जीवन में विपक्ष पर बयानों के बम.गोले बरसाने में पारंगत रहे हैं। कांग्रेस से कभी बगावत नहीं की। कांग्रेस के प्रति जबर्दस्त निष्ठावान होना उनकी सबसे बड़ी खूबी है। दोनों प्रदेश स्तर के पदाधिकारी रह चुके हैं। पिछले कई विधानसभा चुनावों में अरूण वोरा के इलेक्शन मैनेजमेंट में गनी की अहम भूमिका रही है।

नारायणी, कोहले भी दौड़ में शामिल

पिछले नगर निगम परिषद में सभापति रह चुके राजकुमार नारायणी महापौर पद की दौड़ में शामिल हैं। पिछले कार्यकाल में नगर निगम की सत्ता पर काबिज भाजपा की सिटी सरकार ने सबसे ज्यादा हमले नारायणी पर ही किए। नारायणी ने न सिर्फइन हमलों का जवाब दिया बल्कि कई बार निगमसभा की आसंदी पर रहते हुए सत्तापक्ष की मुश्किलें भी बढ़ाई। विकास कार्यों में भ्रष्टाचार के मामले उठाकर वे पांच साल तक लगातार सुर्खियों में रहे।

सांसद मोतीलाल वोरा के गृह वार्ड मोहन नगर में रहने वाले संजय कोहले पड़ोस के वार्ड से चुनाव लड़ते हैं और करिश्माई अंदाज में पांच बार चुनाव जीत चुके हैं। चार बार वे खुद चुनाव लड़कर पार्षद बने। पिछली बार उनकी पत्नी सरला कोहले पार्षद चुनी गई। संजय ने हमेशा कांग्रेस पार्टी के साथ ही विधायक अरूण वोरा के प्रति हमेशा निष्ठा जताई है। बेदाग छवि और विनम्र स्वभाव के कारण उनके समर्थकों सहित कई पार्षद व पूर्व पार्षद उन्हें महापौर पद का दावेदार मान रहे हैं।

वोरा के साथ सीएम हाउस से कनेक्शन के कारण सत्यवती का दावा मजबूत

पूर्व महापौर आरएन वर्मा की पत्नी सत्यवती वर्मा संतराबाड़ी वार्ड 26 से दूसरी बार पार्षद चुनी गई हैं। आरएन वर्मा पिछले कई साल से शहर कांग्रेस अध्यक्ष के रूप में मेहनत कर रहे हैं। विधायक अरूण वोरा के विश्वस्त सहयोगी भी हैं। पैतृक गांव मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के विधानसभा क्षेत्र पाटन में होने के कारण सीएम हाउस से वर्मा का गहरा कनेक्शन है। भूपेश बघेल के मुख्यमंत्री बनने के बाद निगम.मंडल अध्यक्ष पद की दौड़ में शामिल रहे वर्मा अक्सर भिलाई स्थित सीएम हाउस में सक्रिय देखे गए हैं।

भोला, धीरज और राजेश का दावा इसलिए मजबूत

विधायक अरूण वोरा के बेहद करीबी धीरज बाकलीवाल पहली बार पार्षद बने हैं। लेकिन, वोरा के चुनाव प्रबंधन में पिछले 30 साल से अहम भूमिका निभाते रहे हैं। शांत स्वभाव, बेहद विनम्र और साफ सुथरी छवि उनके दावे को पुख्ता बनाते हैं। दुर्ग से कांग्रेस के प्रथम सांसद मोहनलाल बाकलीवाल और दिग्गज कांग्रेस नेता मोतीलाल वोरा के पारिवारिक, राजनीतिक संबंध आज के नहीं बल्कि 50 साल पुराने हैं। महापौर पद के बाकी दावेदारों की राजनीतिक पृष्ठभूमि बाद के दौर की है। यही खूबियां राजेश यादव को महापौर का प्रबल दावेदार बना रही है। साइंस कॉलेज के छात्रसंघ अध्यक्ष और रविवि के पदाधिकारी रह चुके हैं। एनएसयूआई और युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी संभाल चुके राजेश पहली बार पार्षद चुने गए हैं। सांसद मोतीलाल वोरा ने मुख्यमंत्री बनने के बाद अपने करीबी रामानुजलाल यादव को अविभाजित मध्यप्रदेश में मत्स्य निगम का अध्यक्ष बनाकर मंत्री स्तर का ओहदा दिया था। बाद में वोरा ने उन्हें छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस का अध्यक्ष बनाया। राजेश उन्हीं रामानुजलाल यादव के भतीजे हैं। भोला महोबिया भी शांत छवि, विनम्र स्वभाव और साफ सुथरी छवि होने के कारण महापौर पद के प्रबल दावेदारों में गिने जा रहे हैं। उनके भाई नंदू महोबिया उन शख्सियतों में शामिल हैं जिन्हें विधायक अरूण वोरा का बेहद विश्वस्त माना जाता है। नंदू महोबिया ने युवक कांग्रेस से राजनीति शुरू की लेकिन उसके बाद पद प्रतिष्ठा की दौड़ से बाहर हो गए। राजनीतिक ओहदे लेने की होड़ में कभी शामिल नहीं हुए। उनके भाई भोला महोबिया भी नंदू की तरह स्वभाव से विनम्र और सीधे सरल हैं। वोरा से करीबी होने का फायदा उन्हें मिल सकता है।

5 वार्ड ऐसा जहां नोटा और निरस्त वोट रहे हार-जीत का फैक्टर

- 8 प्रत्याशी ऐसे जो 10 वोट भी नहीं पा सके
- 2481 वोट हुए निरस्त, नोटा को पड़े 830 वोट

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। वार्ड चुनाव में इस बार 2481 वोट निरस्त हो गए। लंबे समय बाद शहर में बैलेट पेपर से चुनाव हुए। इसमें यह वोट निरस्त हुए। इतना ही नहीं 830 मतदाताओं ने उपर्युक्त में से कोई नहीं को वोट दिया। सबसे अधिक 138 वोट वार्ड 54 पोटियाकला दक्षिण में निरस्त हुए। वहीं वार्ड.41 केलाबाड़ी में सबसे अधिक 39 नोटा को वोट पड़े। वार्ड 16 सिकोलाबस्ती दक्षिण में एक प्रत्याशी त्रिवेणी यादव ऐसे हैं, जिन्हें शुरू के 4 मतदान केंद्र में 1 वोट मिला। अंतिम केंद्र में उन्हें 12 वोट पड़े। इस प्रकार उन्हें 13 वोट मिले। 8 ऐसे प्रत्याशी वार्डों में हैं जिन्हें 10 वोट से अधिक नहीं मिले। 5 वार्डों में नोटा व निरस्त वोटों ने प्रत्याशी के हार.जीत पर असर डाला।

अधिक निरस्त वाले वार्ड

वार्ड	निरस्त मत
54 पोटियाकला दक्षिण	138
26 संतराबाड़ी	86
39 कचहरी वार्ड	84
15 सिकोलाबस्ती	78
34 शिवपारा	77

कम निरस्त वाले वार्ड

वार्ड	निरस्त मत
45 पद्मनाभपुर दक्षिण	07
30 तमेरपारा	11
07 किल्ला मंदिर	12
32 ब्राम्हण पारा	14
29 अस्पताल वार्ड	16

नोटा को पड़े मत अधिक वाले 5 वार्ड

वार्ड	नोटा को पड़े मत
41 केलाबाड़ी	39
54 पोटिया दक्षिण	33
12 मोहन नगर पश्चिम	29
58 उरला	27
23 दीपक नगर	26

नोटा को पड़े कम मत वाले 5 वार्ड

वार्ड	नोटा को पड़े मत
14 सिकोलाभाठा	02
08 तकियापारा	02
49 बोरसी भाठा पश्चिम	05
55 पुलगांव	05
07 किल्ला मंदिर	05

इन प्रत्याशियों को 10 वोट से अधिक नहीं पड़े

वार्ड.16 से महेश यादव को 6, वार्ड.3 मठपारा दक्षिण से शिव मरई को 3 वोट मिले। इसके अलावा वार्ड 24 आमदी मंदिर वार्ड से वासुदेव गोदवानी को 4, वार्ड.6 ठेठवार पारा से राधिका यादव को 5, वार्ड.36 गंजपारा से संतोष सागर को 2, राजेश ताथोड़ को 3 वोट मिले। वार्ड.28 पचरीपारा से सूरज शर्मा को 8 वोट, वार्ड 25 से नारायणी को 10 वोट मिले।

5 वार्ड में नोटा व निरस्त वोट ने डाला असर

60 वार्डों में 5 वार्ड ऐसे हैं, जहां प्रत्याशी के हार व जीत में नोट व निरस्त वोट ने असर डाला।

वार्ड.56 बघेरा से कुमारी साहू चुनाव जीतीं। कांग्रेस प्रत्याशी से हार जीत का अंतर 9 वोट रहा। जबकि यहां नोटा को 13 व निरस्त वोट 84 रहे। इसी प्रकार वार्ड.34 शिवपारा में हार.जीत का अंतर 46 था। वहीं नोटा को 3 और निरस्त वोट 77 रहे। वार्ड.33 चंडी मंदिर में हार.जीत का अंतर 21 था। वहीं नोटा को 11 व निरस्त वोट 34 रहे। वार्ड.15 सिकोलाबस्ती में हार.जीत का अंतर 84 था। वहीं नोटा को 18 व निरस्त वोट 78 रहे। वार्ड.9 विवेकानंद वार्ड में हार.जीत का अंतर 28 रहा। वहीं नोटा को 9 व निरस्त वोट 27 रहे।

कर्मचारी संघ ने दी आंदोलन की चेतावनी

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक कर्मचारी संघ दुर्ग कम्प्यूटर ऑपरेटर कर्मचारी संघ एवं सहकारी समिति कर्मचारी संघ की संयुक्त तत्वाधान में आपातकालीन बैठक आयोजित किया गया। बैठक में जिला बेमेतरा के समिति प्रबंधक एवं कम्प्यूटर ऑपरेटरों तथा जिला बालोद के कम्प्यूटर ऑपरेटरों का जिला कलेक्टर द्वारा अवैधानिक रुप से बिना कारण के स्थानांतरण किए जाने एवं बैंक के कार्यक्षेत्र जिला दुर्ग, बालोद एवं बेमेतरा के जिला कलेक्टरों द्वारा धान उपार्जन कार्य में लगे समिति प्रबंधको, कम्प्यूटर ऑपरेटरो के विरुद्ध दबावपूर्ण एकतरफा कार्यवाही किए जाने, तरह-तरह के मौखिक निर्देश देकर क्रियान्वयन कराने से कृषकों एवं कर्मचारियों के बीच विवाद उत्पन्न करवाने, जिला प्रशासन के द्वारा निलंबन, स्थानांतरण, एफआई.आर., जैसे दमनकारी नीतियों के विरोध में तथा समितियों में उपार्जित धान का त्वरित परिवहन नहीं किए जाने जैसे समस्याओं के निराकरण हेतु किसानों के हित में धान खरीदी कार्य को सुचारु रुप से संचालित किए जाने के लिए जिला सहकारी

केन्द्रीय बैंक कर्मचारी संघ दुर्ग, कम्प्यूटर ऑपरेटर कर्मचारी संघ एवं सहकारी समिति कर्मचारी संघ के संयुक्त तत्वाधान में विभिन्न मांगो की पूर्ति हेतु आंदोलन करने निर्णय लिया है। मांगो की पूर्ति न होने की स्थिति में कर्मचारी संघ आन्दोलन की तिथि निर्धारण करने हेतु अध्यक्ष एवं महासचिव को अधीकृत किया गया। अतिशीघ्र आन्दोलन की रुपरेखा जारी की जावेगी।

खिताब...

कुम्हारी (नवप्रदेश)। नगर पालिका परिषद क्षेत्र अंतर्गत आने वाले पांच गाँव के अवलोकन पश्चात दिल्ली से आई क्वालिटी कौंसिल ऑफ इंडिया की टीम ने सभी स्थानों में बने शौचालयों के अलावा अन्य स्थानों का भी अवलोकन किया एवं पूर्ण संतुष्ट भी हुए उन्होंने कहा कि नगर पालिका परिषद कुम्हारी ओडीएफ प्लस प्लस में पूरी तरह खरी उतरी है। अतः ओडीएफ के जांच में पूरी तरह पास है।

छग के युवाओं का उत्कृष्ट प्रदर्शन

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। नेहरू युवा केन्द्र का राष्ट्रीय एकता शिविर कुरूक्षेत्र हरियाणा में सम्पन्न हुआ। इस शिविर में 16 राज्यों के युवा शामिल हुए। छत्तीसगढ़ के युवाओं ने सभी वर्गों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अनेक मेडल, ट्राफी और शील्ड जीतने का गौरव हासिल किया है। कुरूक्षेत्र हरियाणा में आयोजित नेहरू युवा केन्द्र दुर्ग और बालोद के 16 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य भारत के विभिन्न राज्यों की संस्कृति, वेशभूषा, लोकनृत्य, लोकगीत को सीखना और सीखाना था। छत्तीसगढ़ की 16 सदस्यीय टीम ने शिविर में कर्मा, गौरा.गौरी, राऊत नाचा, पंथी नृत्य, ज्वरा को शानदार प्रदर्शन करते हुए सभी राज्यों के बीच अपना झण्डा गाढने में सफल रहे हैं। इस शिविर में छत्तीसगढ़ टीम को योगा में प्रथम, वेशभूषा प्रदर्शन में द्वितीय, सांस्कृतिक प्रदर्शनी में द्वितीय, समूह नृत्य में द्वितीय, रस्साकसी खींच में दूसरा स्थान, नुक्कड़ नाटक में भी दूसरा स्थान हासिल हुआ है। छत्तीसगढ़ की प्रतिभा को देखकर हरियाणा जिला युवा समन्वयक ने टीम की प्रशंसा की।

मनाया गया क्रिसमस

भिलाई। छग के पूर्व मंत्री प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष बदरूदीन कुरैशी 25 दिसम्बर क्रिसमस बड़े दिन के अवसर पर भिलाई शहर के विभिन्न चर्चो मे जाकर मसीही बन्धुओं को बड़े दिन की बधाई दिया। कुरैशी ने इस अवसर पर बालक यीशु ने आज उद्धारकर्ता के रूप में इस धरती पर जन्म लिया उस पवित्र आत्मा की दया, प्रेम और अनुग्रह आप सभी के जीवन में आज और आने वाले नये साल में बना रहे इस शांति का अनुभव आपके जीवन में हमेशा बना रहे आप सभी को बड़े दिन एवं क्रिसमस की बहुत बहुत बधाई संदेश दिया।

सुशासन दिवस के रूप में मनाया अटल जन्मदिन

मोदी सरकार एतिहासिक कार्य कर रही हैं : डाहरे

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। भाजपा जिला भिलाई के रिसाली मंडल में पं.अटल बिहारी वाजपेई के जन्मदिवस को सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया। उक्त अवसर पर मुख्य अतिथि आसंदी पर भिलाई जिलाध्यक्ष व पूर्व विधायक राजमहंत सांवलाराम डाहरे ने कहा कि केन्द्र में नरेन्द्र मोदी की सरकार जो एतिहासिक कार्य कर रहें हैं। चाहे वह 370 का मुद्दा हो या फिर आतंकवाद से मुक्त देश बनाने का कार्य हो, अटल जी की आत्मा इन सब कार्यो को देख कर प्रसन्न होते होंगें।

कार्यक्रम को मोहन देवांगन, रानी तिवारी, एस.के गुप्ता, रामकृपाल साहू, ओ.पी.रजक, दुर्गा सेंगर, डे.जी.टंडन, अवध साहू ने कार्यक्रम को संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन मंडल अध्यक्ष राजीव पाण्डेय व आभार प्रदर्शन डी.आर चौबे ने किया। स्वाती जोशी, बॉबी दास, रामा साहू, अनीता कुलश्रेष्ठ, शोभना परहाड, माया यादव, किरण यादव, अर्चना सहारे, विद्यादेवी प्रजापति, गोपाल प्रसाद, अजय नांदुकर, आनंद सशलकर, राकेश कुमार साहू, विकास कुलश्रेष्ठ, राजू जंघेल, विक्की सोनी, कुंजलाल धीवर, गोविंदराम साहू, गेंदलाल जंघेल, रामकृष्ण साहू, गुड्डू शर्मा, मोहन बड़े, अमित जैन, सतीश दुबे, अनिस कुमार, गोकुल वर्मा, टीकम सिंह साहू, जी.राकेश कुमार, शैलेन्द्र शिंदे, झग्गर यादव, निटाकर निहाल, हरीशचंद्र भारती, रामजी ठाकुर, शैलेष कुमार अवस्थी सहित रिसाली मंडल के कार्यकर्तागण उपस्थित हुए।

सब जूनियर बालिका व सीनियर महिला टीम तैयार

आज से गोंदिया महाराष्ट्र में होगी प्रतियोगिता

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। भारतीय सायकल पोलो महासंघ द्वारा 17 वीं सब जूनियर बालिका 21 वीं जूनियर बालिका तथा 23 वीं सीनियर महिला राष्ट्रीय साइकिल पोलो चैंपियनशिप 2019-20 का आयोजन होगा। प्रतियोगिता 26 से 29 दिसंबर 2019 तक गोंदिया महाराष्ट्र में होगी। इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए छत्तीसगढ़ की टीमों का ऐलान किया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष कांग्रेस कमेटी ग्रामीण तुलसी साहू उपस्थित रही। उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर शुभकामनाएं दी तथा पूर्व की तरह अच्छा प्रदर्शन कर पदक प्राप्त कर छत्तीसगढ़ को गौरवान्वित करने को कहा।

छत्तीसगढ़ साइकिल पोलो संघ के अध्यक्ष एसडी बढ़गईया ने बताया कि प्रतियोगिता में जाने के पूर्व एक माह का प्रशिक्षण शिविर लगाकर खिलाडियों को नई तकनीकी से अवगत कराया गया। छत्तीसगढ़ साइकिल पोलो संघ के उपाध्यक्ष दिनकर वरेटवार ने बताया की विगत वर्ष तीनों ही दलों को राष्ट्रीय चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक प्राप्त हुआ था। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षक तोषेंद्र वर्मा, विनायक चन्नावार, प्राचार्य अरविंद तिवारी, एमबी बंजारे तथा ममता गुप्ता, मास्टर गेम्स एसोसिएशन के ताजुद्दीन, खेल प्रकोष्ठ कांग्रेस उपाध्यक्ष ख्वाजा अहमद, सचिव प्रदीप कान्हे एवं छग सायकल पोलोसंघ के पदाधिकारी उपस्थित थे।

इस प्रकार है टीमें

सीनियर महिला टीम में भिलाई से के रेशमी (कप्तान), योगिता साहू, काजल, नीलम बेमाल, निमिषा टांडी, स्वाति छुरा तथा ज्योति (रायपुर) को शामिल किया गया। वहीं जूनियर बालिका टीम में भिलाई से खुशबू निशांद, लक्ष्मी निर्मलकर, अनीता नायक, मेघा सोनानी, कुमारी यामिनी तथा रायगढ़ से प्रतिमा व बिलासपुर से कुमारी श्वेता को शामिल किया गया है। इसके अलावा सब जूनियर बालिका दल में भिलाई से पूनम चौधरी, ज्योति साहू, तमन्ना कुर्रे, तोमेश्वरी साहू, ईशा मानिकपुरी, पुष्पांजलि, पायल तथा रायगढ़ से दीक्षा महापात्रा को शामिल किया गया है।

नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं SAKSHI TAWARI D/O MAHESH KUMAR TAORI निवासी NEAR MAHESHWARI TRADERS , SHIVNATH PATH GANJPARA DURG (C.G) यह शपथ करती हूं कि मैने अपना यह पुराना नाम व गोत्र को सुधारकर कर नया नाम SAKSHI MAHESH TAORI D/O MAHESH KUMAR TAORI रख लिया है। अत: आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम SAKSHI MAHESH TAORI D/O MAHESH KUMAR TAORI से ही जाना पहचाना जावे।

SAKSHI MAHESH TAORI
NEAR MAHESHWARI TRADERS , SHIVNATH PATH
GANJPARA DURG (C.G)

नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं BUDDIREDDY SRINIVAS RAO S/O BUDDIREDDY SRINIVAS CHALAM निवासी HIG-1/321, BORSI DURG (C.G) 491001 यह शपथ करता हूं कि मैने अपना यह पुराना नाम को त्याग कर नया नाम BUDDIREDDY SRINIVAS S/O BUDDIREDDY SRINIVAS CHALAM रख लिया है। अत: आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम BUDDIREDDY SRINIVAS S/O BUDDIREDDY SRINIVAS CHALAM से ही जाना पहचाना जावे।

BUDDIREDDY SRINIVAS
HIG-1/321, BORSI DURG
(C.G) 491001

नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं SALEEM AQUIL S/O ASGHAR AQUIL SYED निवासी H.NO. 330 SHASTRI CHOWK WARD NO.41, KELABADI DURG (C.G) यह शपथ करता हूं कि मैने अपना यह पुराना नाम को त्याग कर नया नाम SYED SALEEM AQUIL S/O ASGHAR AQUIL SYED रख लिया है। अत: आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम SYED SALEEM AQUIL S/O ASGHAR AQUIL SYED से ही जाना पहचाना जावे।

SYED SALEEM AQUIL
H.NO. 330 SHASTRI CHOWK
WARD NO.41, KELABADI
DURG (C.G)

कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

प्र.क्र.//अ-2/2019-20

एतद् द्वारा सर्व आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती मंजु देवी पति डिलेश्वर प्रसाद निवासी ग्राम वार्ड 20 रामनगर यूको बैंक के पास चरोदा तहसील पाटन जिला दुर्ग के द्वारा अपने भूमि स्वामित्व की भूमि ग्राम उमदा प.ह.न. 01 रा.नि.मं. भिलाई 03 तहसील पाटन व जिला दुर्ग की स्थित भूमि खसरा नंबर 903/5 रकबा 0.0139 हें. अर्थात 1500 वर्गफीट पर आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन किये जाने के लिये आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 172 के तहत् प्रस्तुत किया हैं।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को उजर दावा आपत्ति हो तो स्वयं या अपने अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से नियत दिनांक 07.01.2020 को न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकतें हैं। नियत दिनांक के पश्चात् प्राप्त आवेदन कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 23.12.2019 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी
पाटन जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यूज गैलरी

बाजार में अज्ञात ने किया मोबाइल पार

महासमुंद। कोमाखान साप्ताहिक बाजार में एक युवक का मोबाइल पार हो गया। गोयनाबाहरा निवासी दीपेश यादव के अनुसार वह गत 18 दिसंबर को सब्जी खरीदने बाजार गया था। इस दौरान अज्ञात ने उनकी जेब से मोबाइल पार कर दी। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 379 के तहत अपराध दर्ज किया है।

पंच मनोनीत न करने की बात पर मारपीट

महासमुंद। पंच मनोनीत न करने की बात पर मारपीट हो गई। सरायपाली क्षेत्र के ग्राम मेड़पाली निवासी शशिभूषण पटेल ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि सोमवार दोपहर गांव के ही परमानंद पटेल ने पंच मुझे मनोनीत न कर किसी दूसरे को क्यों बनाए हो कहते हुए मारपीट की व जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने परमानंद के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

अछरीडीह में मड़ई मेला जयंती कल

महासमुंद। ग्राम अछरीडीह नयापारा में 26 दिसंबर को गुरु घासीदास बाबा की 263 वीं जयंती का आयोजन रखा गया है। सुबह 9 बजे पूजा- अर्चना के बाद गांव की पंथी टोली और मुड़ियाडीह झारा दल पंथी नृत्य की प्रस्तुति देंगे। मुख्य अतिथि मोहन पुरैना, महेत्तर चेलक, संजय बंजारे, टीकम बंजारे, सरपंच प्रतिनिधि रामेश्वर साहू, जगतपाल चेलक, भोलाराम सोनवानी की उपस्थिति में पालो चढ़ाया जाएगा। साथ ही मड़ई आयोजित है। रात में बकुड़ा बलौदाबाजार की सांस्कृतिक कार्यक्रम नवा अंजोर की प्रस्तुति होगी। समाज के राकेश चेलक, किशोर सोनवानी, अजय बंजारे, हेमंत सोनवानी, प्रवीण वंशे, समीर बंजारे, गोविंद सोनवानी, अमर फ्छेल, ईश्वर बघेल, योगेश चेलक, रंजीत सोनवानी सदस्य तैयारी में जुटे हैं।

युवक से 20 लीटर शराब बरामद

महासमुंद। सारंगढ़ मार्ग पर पुलिस ने एक युवक से 20 लीटर महुआ शराब बरामद की है। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने सारंगढ़ मार्ग पर दोपहिया वाहन को रोककर तलाशी ली। दोपहिया क्रमांक सीजी 06 जीएन 7688 से अवैध रूप से शराब परिवहन कर रहे बोड़ेसरा निवासी भागीरथी साव के कब्जे से महुआ शराब बरामद कर आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

भुरका में भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह 27 से

महासमुंद। भुरका में श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ का आयोजन 27 दिसंबर से तीन जनवरी तक वैष्णव परिवार की स्मृति में किया जाएगा। शुक्रवार को कलश यात्रा निकाली जाएगी। श्रीराम मंदिर बिरकोनी के आचार्य लक्ष्मीनारायण महाराज जलयात्रा देव आह्वान, गोकर्ण कथा से कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे। पं देवेंद्र महाराज राजिम वाले उपाचार्य किया जाएगा, कथा दोपहर एक से शाम 5 बजे तक होगी।

धान खरीदी में भेदभाव की शिकायत

महासमुंद। ग्राम पंचायत मामाभांचा सहकरी समिति के धान खरीदी केंद्र में समिति प्रबंधक, कम्प्यूटर आपरेटर द्वारा बड़े किसान से मिलीभगत कर धान खरीदी में भेदभाव का आरोप लगाते हुए कलेक्टर से शिकायत की गई है। ग्राम मोहंदी के किसान दुर्गाप्रसाद चंद्राकर एवं कुसुम चंद्राकर ने कलेक्टर को सौंपे पत्र में बताया कि धान बेचने के लिए उनका क्रमशः टोकन नंबर 97 एवं 98 है। लेकिन उनका धान न लेकर उनके बाद में जारी किए टोकन क्रमांक 176 के किसान का धान खरीदा गया। इसके पहले भी उन्होने अपने भाई की दुकान का धान समिति में बेचा है। आवेदकों ने जांच कर कार्रवाई की मांग की है।

धूमधाम से मनाया गया क्रिसमस

नवप्रदेश संवाददाता

राजनांदगांव। शांतिदूतक व मानव कल्याण के प्रेरणा स्रोत प्रभु ईसा मसीह के जन्मदिवस पर बुधवार को शहर के चर्चों और मसीही समुदाय के घर खुशियों से सरोबार रहा। ख्रीष्ट जयंती पर ईसाई धर्मावलंबियों ने पूरे उत्साह के साथ प्रभु ईसा मसीह के जन्मदिन को मनाया। गिरजाघरों में जहां अलसुबह से विशेष प्रार्थनाओं और प्रवचन का सिलसिला चला। वहीं दोपहर बाद घरों में समुदाय के लोगों ने त्यौहार का आनंद लिया।

शहर के वेसलियन, वाईडनियर, मार्थोमा, मेन्नोनाईट, डोंगरगांव रोड़ स्थित सिरियन एवं गौरीनगर स्थित मसीही मंदिर चर्च में क्रिसमस पर्व पर सैकड़ों सामाजिक लोगों ने विशेष आराधना की। गिरजाघरों में प्रभु के जीवनकाल की गाथाओं को परपंरागत रूप से चित्रित किया गया था। प्रभु ईसा मसीह के सिद्धांतो और आदर्शों पर अनुशरण करने के लिए प्रोटेस्टेंट और कैथोलिक चर्च में पास्टर और फादरो ने विशेष व्याख्यान दिया।

इससे पहले ईसाई समुदाय के लोगों ने चर्च और घरों की सजावट के लिए पूरा समय दिया। पौ.फटते ही गिरजाघरों में धार्मिक प्रवचन का दौर शुरू हो गया। उधर मंगलवार को शहर के बाजार में पर्व के चलते काफी हलचल रही। बाजार में कपड़े, मिठाई व केक की खरीदी के लिए समाज के लोगों में उत्साह रहा।

परपंरानुसार दुकानों में केक की अलग-अलग दाम के केक सजाए गए थे। शाम होते ही बाजार में रौनक बढ़ गई। क्रिसमस पर्व पर कपड़े बाजार में खास रियायत देकर ग्राहकों को रिझाने का काम किया गया। वहीं समाज के रसूखदार वर्ग ने स्वर्ण-आभूषण के साथ सौंदर्य प्रसाधन की खरीदी में ज्यादा दिलचस्पी दिखाई। रात होते ही कृत्रिम रौशनी से चर्चों की खूबसूरती का नजारा अलग ही दिखाई दे रहा था। आज दिनभर घरों में दावत का क्रम भी चला। गैर ईसाई समाज के आवभगत में लोगों ने पूरा समय बिताया।

कन्हारपुरी में त्रिदिवसीय योग शिविर एवं महामृत्युंजय मंत्र जाप महोत्सव

नवप्रदेश संवाददाता

राजनांदगांव। योग मित्र मंडल (सत्यानंद योग) कन्हारपुरी के तत्वावधान में 25, 26 एवं 27 दिसम्बर 2019 को कन्हारपुरी वार्ड नं.34 में परम गुरू श्री स्वामी शिवानंद, सदगुरू श्री स्वामी सत्यानंद एवं गुरूदेव श्री स्वामी निरंजनानंद जिनको दुनिया के उच्चतम वैज्ञानिक संस्था नासा के द्वारा आकाश के तीन नक्षत्र (तारा) के रूप में स्वतः विभूषित किए गए है के कृपा से एवं बिहारयोग विद्यालय मुंगेर एवं आधुनिक युग के योग प्रणेता श्री स्वामी सत्यानंद जी के प्रमुख शिष्यों में एक स्वामी गोरखनाथ जी के मार्गदर्शन एवं सं. धर्मतत्वानंद जी के अथक प्रयास से 30 वर्ष पूर्व प्रत्येक शनिवार को विश्वकल्याण विश्वशांति एवं स्वास्थ्य का संकल्प लेकर निःस्वार्थ भाव से महामृत्युंजय मंत्र जाप प्रारंभ किया गया था जिसकी 30वीं वर्षगांठ धूमधाम से मनाया जा रहा है। दिनांक 25 एवं 26 दिसम्बर 2019 को योग साधना सुबह 6 से 8 बजे तक एवं संध्या 6 से 8 बजे तक नाम संकीर्तन सत्संग एवं दिनांक 27 दिसम्बर 2019 को प्रातः 6 से 8 बजे तक योग साधना 9 बजे से भव्य शोभायात्रा, 11 बजे से महामृत्युंजय हवन, पूर्णाहूति एवं महाप्रसादी वितरण का कार्यक्रम रखा गया है। योग कक्षाओं एवं सत्संग का कार्यक्रम स्वामी गोरखनाथ सरस्वती जी के पावन सानिध्य में योग शिविर स्थल कर्मा भवन कन्हारपुरी में आयोजित है। अधिक से अधिक संख्या में आध्यात्मिक, शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य एवं गुरूदेव व भगवान शिव का आशीर्वाद का लाभ उठावें।

बलात्कार के आरोपी को पकड़ने में मिली पुलिस को सफलता

कसडोल। बीते दिवस प्रार्थिया नीलम (बदला हुआ नाम) पिता बाबूलाल मांझी उम्र 22 साल निवासी साबर ने थाना कसडोल उपस्थित होकर लिखित आवेदन पेश कर रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 30,11,2019 को रात्रि 7:00 बजे शादी का झांसा देकर पीड़िता के परिवारिक रिश्ते का जीजा सुनील मांझी निवास ग्राम ठाकुर्दिया के द्वारा ग्राम ठाकुर जिया के होटल में तथा ग्राम बोरसी एवं चांपा तथा अन्य स्थानों में ले जाकर मना करने के बाद भी जबरन शारीरिक संबंध बनाकर शारीरिक शोषण किया करने की रिपोर्ट पर थाना कसडोल में अपराध क्रमांक 928 /19 धारा 376 भादवी का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। आरोपी

घटना घटित कर अपने शकुना से फरार होकर यहां वहां लुक छिप रहा था जिसकी गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक नीतू कमल के निर्देशन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जेआर ठाकुर निवेदिता पाल एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी बलौदा बाजार राजेश जोशी एसडीओपी बलौदा बाजार के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कसडोल निरीक्षक दीनबंधु के नेतृत्व में दिनांक 25.12.2019 को सहायक उपनिरीक्षक एमआर बंजारे हमराह आरक्षक 183 हरिशंकर गेन्द्रे, 773 राकेश शर्मा, 768 राजकुमार ध्रुव, 370 भूपेंद्र गुप्ता के अपराध विवेचना दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई की प्रकरण के आरोपी सुनील मांझी ग्राम ठाकुर्दिया में अपने घर में आया है की सूचना पर हमराह स्टाफके घेरा बंदी कर फरार आरोपी सुनील मान जीता राम मांझी निवासी ठाकुर्दिया को उसके घर से आज दिनांक 25. 12.2019 को विधिवत गिरफ्तार कर ज्यूडिशियल रिमांड पर भेजा गया।

डोंगरीडीह में आज गुरु घासीदास जयंती का आयोजन

कसडोल। 26 दिसंबर को बलौदाबाजार की ग्राम ग्राम पंचायत डोंगरीडीह में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी संत शिरोमणि बाबा गुरु घासीदास जी के 263वी जयंती के शुभ अवसर पर पंथी नृत्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में धूमधाम से श्रीफल अर्पित करके गुरु घासीदास बाबा जी का सादा झंडा जैतखाम में चढ़ाया जाएगा।तत्पश्चात प्रसाद वितरित किया जाएगा। प्रसाद वितरण के बाद कई गांवों से बुलाए गए पंथी पार्टी द्वारा पंथी नृत्य का प्रदर्शन किया जाएगा। और बाबा गुरु घासीदास के महिमा का बखान होगा। पंथी पार्टी नृत्य रात्रि कालीन में प्रारंभ किया जाएगा । समस्त ग्रामवासी व पंच सरपंच गण इस आयोजन में अपना सहयोग प्रदान करेगा ।

कमला कॉलेज की छात्राओं को सीए बनने किया प्रेरित

राजनांदगांव। शासकीय कमलादेवी राठी स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय, राजनांदगांव वाणिज्य विभाग द्वारा महाविद्यालय के विभिन्न संकायों में अध्ययनरत छात्राओं को वृत्तिक निर्देशन हेतु सीए करने हेतु विस्तृत जानकारी प्रदान करने सीए श्रीमती किरण कांकरिया, सीए श्रीमती कनिका डाकलिया एवं सीए श्रीमती मीनू जैन का व्याख्यान आयोजित किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सुमन सिंह बघेल के द्वारा छात्राओं को भविष्य में कैरियर के चुनाव हेतु प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि छात्राएं अविलंब अपनी रूचि अनुसार कैरियर का चयन कर अपने भावी जीवन की नींव रखें। सीए किरण कांकरिया ने छात्राओं को सीए करने के संबंध में छात्राओं का भ्रम को दूर किया व छात्राओं को सीए की महत्ता से अवगत कराया। सीए कनिका द्वारा सीए कोर्स के पंजीयन प्रक्रिया, कोर्स की जानकारी उच्चतर माध्यमिक स्तर के बाद सीधे सीए कोर्स में शामिल होने की जानकारी दी। सीए मोनू जैन ने आईसीएआई द्वारा 5 जनवरी 2020 को (वाणिज्य) कॉमर्स टैलेंट सर्च टेस्ट कॉमर्स विजार्ड की जानकारी दी। उन्होंने रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया व शुल्क की जानकारी भी दी। कार्यक्रम का संचालन वाणिज्य संकाय प्रभारी डॉ. लाली शर्मा के द्वारा किया गया व धन्यवाद ज्ञापन डॉ. प्रज्ञा मिश्रा के द्वारा किया गया।

कई स्थानों पर निर्दलीय बिगाड़ सकते हैं समीकरण

- पार्टियों को गणित बिठाने में लगाना होगा एडी चोटी का जोर
- बेमेतरा में भाजपा पुनः कायम, वहीं नवागढ़, बेरला, परपोडी में कांग्रेस को पूर्ण बहुमत, तो साजा व थानखम्हरिया में कसमकस, देवकर भाजपा की झोली में गई

बेमेतरा/साजा। नगरीय निकाय चुनावों में आज अंतिम पडाव में मतगणना पश्चात अप्रत्यासित नतीजे आई सामने। जो नेताओं व जनता को चौंकाने वाली रहीं। नगर पालिका बेमेतरा में कुल 21 सीटों में 12 पर भाजपा, 8 पर कांग्रेस और 1 निर्दलीय प्रत्याशी जीते । नगर पंचायत थानखम्हरिया में 7 पर बीजेपी, 6 पर कांग्रेस, 2 पर निर्दलीयों ने कब्जा किया। नगर पंचायत बेरला में भाजपा 6 सीट और 9 पर कांग्रेस ने जीत हासिल की। नगर पंचायत देवकर में भाजपा ने पूर्ण बहुमत प्राप्त किया। जिसमें 8 पर भाजपा, 6 पर कांग्रेस और 1 निर्दलीय जीते । नपं देवकर में वार्ड क्रमांक 8 में दो प्रत्यासियों को बराबर बराबर वोट मिलने के कारण लम्बे समय तक गहमागहमी का माहौल बना रहा। जिसके चलते माहौल को शांतिपूर्ण बनाए रखने के लिए अतिरिक्त पुलिस फोर्स बुलाया गया। वहीं कई बड़े अधिकारियों को भी देवकर भेजा गया। उनके द्वारा शांतिपूर्ण ढंग से एक बच्ची के द्वारा पर्ची निकलवा कर विजयी प्रत्यासी की घोषणा की गई। नगर पंचायत साजा में भाजपा को 6 सीट , 6 सीट पर कांग्रेस और 3 सीट पर निर्दलीयों ने जीत दर्ज की । यहां वार्ड नं. 7 में भाजपा के राधे वर्मा व निर्दलीय उम्मीदवार राजेश दुबे को 84-84 वोट मिला। इन दोनों के मध्य भी पर्ची निकाली गई, जिसमें भाजपा उम्मीदवार राधे वर्मा को जीत का ताज मिला। नगर पंचायत परपोड़ी में कांग्रेस ने अपना कब्जा कायम रखने में सफलता प्राप्त किया। जिसके तहत परपोडी में कांग्रेस को पूर्ण बहुमत प्राप्त हुआ। जिसके कारण 11 सीटों पर कांग्रेस को सफलता हाथ लगीं, तो भाजपा को मात्र 3 सीटों पर ही संतोष करना पड़ा, वहीं 1 सीट निर्दलीय ने जीती । नगर पंचायत नवागढ़ में 8 पर कांग्रेस, 6 पर भाजपा और 1 सीट निर्दलीय ने जीता।

नगर पालिका बेमेतरा -

वार्ड 1 लक्ष्मी लहरे भाजपा
वार्ड 2 पंचू साहू भाजपा
वार्ड 3 जया साहू कांग्रेस
वार्ड 4 रानी डेनिस सेन कांग्रेस
वार्ड 5 बिरेन्द्र साहू भाजपा
वार्ड 6 शत्रुहन निषाद भाजपा
वार्ड 7 सजनी यादव भाजपा
वार्ड 8 राम ठाकुर कांग्रेस
वार्ड 9 साधे लाल भाजपा
वार्ड 10 मिंटा नामदेव कांग्रेस
वार्ड 11 नीतू कोठारी भाजपा
वार्ड 12 मनोज शर्मा कांग्रेस
वार्ड 13 सोमनाथ ध्रुव भाजपा
वार्ड 14 देवराम साहू भाजपा
वार्ड 15 घनश्याम देवांगन भाजपा
वार्ड 16 नीलू राजपूत भाजपा
वार्ड 17 रानी चावला निर्दलीय
वार्ड 18 घनश्याम ताम्रकार भाजपा
वार्ड 19 रश्मि मिश्रा कांग्रेस
वार्ड 20 शकुंतला साहू कांग्रेस
वार्ड 21 रेहाना वाहिद रवानी कांग्रेस

नगर पंचायत थान खम्हरिया

वार्ड 1 दुर्गा विष्णु मांडले कॉंग्रेस
वार्ड 2 विजय शर्मा भाजपा
वार्ड 3 सोनिया जोशी कांग्रेस
वार्ड 4 मनीष सेन भाजपा
वार्ड 5 तितली गौरव बिंदल कांग्रेस
वार्ड 6 रीना सिन्हा भाजपा
वार्ड 7 अंजना राजेश ठाकुर भाजपा
वार्ड 8 कन्हैया निर्मलकर भाजपा
वार्ड 9 गणेश कुमार मंडावी कांग्रेस
वार्ड 10 योगेश तिवारी कांग्रेस
वार्ड 11 आशिया बेगम शेख कांग्रेस
वार्ड 12 राजेन्द्र तिवारी भाजपा
वार्ड 13 घनश्याम गंधर्व निर्दलीय
वार्ड 14 संतोष तेली भाजपा
वार्ड 15 महेश निषाद निर्दलीय

नगर पंचायत बेरला

वार्ड 1 अर्जुन देवांगन कांग्रेस
वार्ड 2 रेवती साहू भाजपा
वार्ड 3 सुनील जैन कांग्रेस
वार्ड 4 शिव झड़ी सिन्हा भाजपा
वार्ड 5 कविता जैन भाजपा
वार्ड 6 प्रदीप ठाकुर कांग्रेस
वार्ड 7 दाऊलाल कुर्रे भाजपा
वार्ड 8 रीना बाई कांग्रेस
वार्ड 9 राजबिहारी कांग्रेस
वार्ड 10 मानक चतुर्वेदी भाजपा
वार्ड 11 भारत भूषण साहू कांग्रेस
वार्ड 12 प्रमोद गौसेवक कांग्रेस
वार्ड 13 चितरेखा साहू कांग्रेस
वार्ड 14 राजेश दुबे कांग्रेस
वार्ड 15 लक्ष्मीलता वर्मा भाजपा

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल कल 26 दिसम्बर को बारुका पहुंचेंगे

गरियाबंद। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल 26 दिसंबर ,गुरुवार को गरियाबंद जिले के ग्राम बारूका पहुंचेंगे। श्री बघेल दोपहर 1:30 बजे पुलिस परेड ग्राउंड रायपुर से हेलीकॉप्टर द्वारा रवाना होकर दोपहर 2:00 बजे ग्राम बारूका पहुंचेंगे जहां वे स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री अपरान्ह 3:10 बजे बारूका से प्रस्थान कर अपरान्ह 3.40 बजे रायपुर पहुंचेंगे ।

पार्षद पति या पत्नियां लड़ी चुनाव, कोई हारा, कोई जीता

महासमुंद। महिला आरक्षण होने के कारण वार्ड 28 से कांग्रेस के पार्षद विजय साव की जगह उनकी पत्नी अनिता साव चुना लड़ीं और जीत हासिल कीं। इसी तरह वार्ड 9 की पार्षद विमला हरपाल के पति बबलू हरपाल वार्ड 6 से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में लड़े और जीत हासिल की। वार्ड 26 से भाजपा पार्षद शुभ्रा शर्मा के पति मनीष शर्मा इसी वार्ड से भाजपा प्रत्याशी के रूप में लड़े और जीत हासिल की। वहीं वार्ड 15 की पार्षद मनोज लूनिया की पत्नी इसी वार्ड से चुनाव लड़ीं और हार का सामना करना पड़ा। वार्ड 28 के पार्षद राकेश पटवा की पत्नी हेमलता चुनाव लड़ीं और पराजित हो गई।

खो-खो में दामिनी और क्रिकेट में लक्की प्रथम

महासमुंद। देव संस्कृति उमावि में तीन दिवसीय शालेय वार्षिक क्रीडा स्पर्धा का आयोजन किया गया। बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शुभारंभ संस्था के प्राचार्य के कुबेरप्रकाश गिरि ने किया। प्राचार्य गिरि ने कहा कि स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क निवास करता है। मानव जीवन में सफलता के लिए शारीरिक, मानसिक एवं आत्मिक शक्तियों का विकास एवं स्वस्थ रहना आवश्यक है। इसी से जीवन पूर्णता प्राप्त करता है। इसलिए जीवन में खेलों का विशेष महत्व है। खो-खो स्पर्धा में दामिनी साहू प्रथम, द्वितीय अंगन साहू, क्रिकेट में प्रथम लक्की साहू, द्वितीय रज्जू साहू, बैंडमिंटन में मिडिल विभाग से प्रथम रही।

जिला निर्वाचन अधिकारी जयप्रकाश मौर्य ने निर्वाचन परिणामों की घोषणा की

नवप्रदेश संवाददाता

राजनांदगांव। नगर निगम राजनांदगांव चुनाव के प्रेक्षक एलएस केन की उपस्थिति में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जयप्रकाश मौर्य ने निर्वाचन परिणामों की घोषणा की और विजेताओं को प्रमाण पत्र वितरित किए। इससे पहले सुबह उम्मीदवारों की उपस्थिति में स्ट्रांग रूम को खोला गया। सबसे पहले डाक मत पत्रों की गिनती की गई। उसके बाद मत पेटियों के मतों की गणना की गई। प्रेक्षक एलएस केन, पुलिस उप महानिरीक्षक दुर्ग रतन लाल डांगी, कलेक्टर जयप्रकाश मौर्य और पुलिस अधीक्षक बीएस ध्रुव लगातार मतगणना कार्य का निरीक्षण करते रहे।

सूर्य उत्सव, टेलिस्कोप से सूर्यग्रहण दर्शन कल

महासमुंद। कंकणाकार सूर्य ग्रहण को लेकर सूर्य उत्सव कार्यक्रम के तहत छग विज्ञान सभा पिथौरा इकाई द्वारा 26 दिसंबर की सुबह 8 से 11 बजे तक बार नाका चौक खेल मैदान में टेलिस्कोप से ग्रहण दर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। छग विभाग सभा के प्रांतीय उपाध्यक्ष हेमंत खुंटे ने बताया कि सूर्य ग्रहण देखने के लिए दस इंच व्यास का न्येटोनियन रिफ्लेक्टर टेलिस्कोप की व्यवस्था नगरवासियों के लिए की गई है। इसके अलावा सभा तैयार किए गए हैं और विशेष प्रकार के चश्मा भी लोगों को देखने के लिए उपलब्ध रहेंगे। इस अवसर पर मिडिल स्तर के स्कूली बच्चों के लिए स्कूलों में सूर्यग्रहण पर आधारित चित्रकला तथा अंधविश्वास कारण और निदान विषय पर निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी।

नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं KANSHI RAM S/O MOTILAL निवासी H.NO. 345 WARD NO.14 SAMBALPUR DISTT. BEMETARA (C.G.) यह शपथ करता हूं कि मैने अपना यह पुराना नाम को त्याग कर नया नाम KASHIRAM S/O MOTILAL रख लिया है। अतः आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम KASHIRAM S/O MOTILAL से ही जाना पहचाना जावे।

KASHIRAM
H.NO. 345 WARD NO.14
SAMBALPUR
DISTT. BEMETARA (C.G.)

नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं PYARI KURREY W/O KASHIRAM निवासी H.NO. 345 WARD NO.14 SAMBALPUR DISTT. BEMETARA (C.G.) यह शपथ करती हूं कि मैने अपना यह पुराना नाम को त्याग कर नया नाम PYARIBAI W/O KASHIRAM रख लिया है। अतः आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम PYARIBAI W/O KASHIRAM से ही जाना पहचाना जावे।

PYARIBAI
H.NO. 345 WARD NO.14
SAMBALPUR
DISTT. BEMETARA (C.G.)

नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं PRADEEPKUMAR S/O GOPI PRASAD KEDIA निवासी MAIN ROAD . SARSINWA DIST BALODA BAZAR (C.G.) यह शपथ करता हूं कि मैने अपना यह पुराना नाम को त्याग कर नया नाम PRADEEP KUMAR KEDIA S/O GOPI PRASAD KEDIA रख लिया है। अतः आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम PRADEEP KUMAR KEDIA S/O GOPI PRASAD KEDIA से ही जाना पहचाना जावे।

PRADEEP KUMAR KEDIA
MAIN ROAD . SARSINWA
DIST BALODABAZAR (C.G.)

नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं GOPIPRASAD S/O MULCHAND KEDIA निवासी MAIN ROAD . SARSIN-WA DIST BALODA BAZAR (C.G.) यह शपथ करता हूं कि मैने अपना यह पुराना नाम को त्याग कर नया नाम GOPI PRASAD KEDIA S/O MULCHAND KEDIA रख लिया है। अतः आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम GOPI PRASAD KEDIA S/O MULCHAND KEDIA से ही जाना पहचाना जावे।

GOPI PRASAD KEDIA
MAIN ROAD . SARSINWA
DIST BALODABAZAR (C.G.)

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पत्रकार कौशिक के दशगात्र में हुए शामिल

■ मुख्यमंत्री ने शोक-संतप्त परिवार को ढ़ांढस बंधाया

नवप्रदेश संवाददाता

महासमुन्द । मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल आज यहां महासमुन्द जिले के बागबाहरा विकासखंड के ग्राम कोमा पहुंचकर राजधानी के वरिष्ठ पत्रकार स्व. श्री रविकांत कौशिक के दशगात्र कार्यक्रम में उनके पैतृक गांव में शामिल हुए और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने स्व. कौशिक के परिवारजनों से मुलाकात कर अपनी शोक-संवेदना प्रकट की। इस अवसर पर उन्होंने शोक-संतप्त परिवारजनों को ढ़ांढस बंधाया और श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए मृतक की आत्मा के शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत, गृहमंत्री श्री ताम्रध्वज साहू, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री मोहन मरकाम विशेष रूप से उपस्थित थे।

इस अवसर पर आयोजित शोक-सभा में मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने वरिष्ठ पत्रकार श्री रविकांत कौशिक को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि श्री रविकांत

कौशिक नहीं रहे, इस पर विश्वास करना कठिन है। उन्होंने कहा कि निधन के दो दिन पूर्व उन्होंने मुलाकात की थी, वे पूर्णतः स्वस्थ्य थे, मुलाकात के दौरान पहली बार उन्होंने घर परिवार के संबंध में चर्चा भी की थी। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा कि श्री कौशिक एक सक्रिय पत्रकार थे और निर्भीक एवं निडरता के साथ पत्रकारिता के क्षेत्र में अपना योगदान किया। उन्होंने यह भी कहा कि जब भिलाई में निवास करते थे तो वे लगभग हर कार्यक्रम में उनसे मुलाकात होती थी। किसी भी कार्यक्रम में सबसे पहले और समय पर पहुंचने वाले पत्रकारों में शामिल थे। हर प्रकार की खबरों पर पैनी नजर रखते थे। कलम के धनी श्री कौशिक निर्भीक एवं निडर पत्रकार थे। उनका निधन केवल उनके परिवार की ही क्षति नहीं है, बल्कि समाज एवं पत्रकारिता जगत की अपूरणीय क्षति है। उन्होंने उनकी आत्मा की चिर शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।

इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कहा कि स्व. श्री रविकांत कौशिक का निधन अत्यंत दुःखद है। एक तरह से वे हम सबके परिवार के समान थे। पत्रकारिता के साथ-साथ समाज के लोगों के हित के बारे में भी सोचते थे। उन्हांने भगवान से उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर खल्लारी विधायक श्री द्वरिकाधीश यादव, महासमुन्द विधायक श्री विनोद चंद्राकर, पूर्व विधायक मकसुदन चंद्राकर, डॉ. विमल चोपड़ा, श्री आलोक चंद्राकर सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण कलेक्टर श्री सुनील कुमार जैन, पुलिस अधीक्षक श्री जितेन्द्र कुमार शुक्ल, अपर कलेक्टर श्री जगदीश सोनकर सहित ग्रामीणजन अधिकारीगण उपस्थित थे।

■ न्यूज गैलरी

धान खरीदी प्रभारी को किया निलंबित, दो आपरेटरो पर कार्यमुक्त की कार्यवाही

कवर्धा । बचेड़ी धान उपार्जन केंद्र के औचक निरीक्षण में बारदाना स्कंध में कमी और खरीदी की गई धान के स्टैकिंग निर्धारित मापदण्ड के अनुरूप नहीं पाये जाने पर धान खरीदी प्रभारी हीरालाल पाली तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। साथ ही भागवत राम पटेल को समिति प्रबन्धक,उपार्जन केंद्र का और आपरेटर भागीरथी जायसवाल को कार्यमुक्त कर दिया गया है। इधर सहकारी पंजीयक सहकारी संस्थाए,सहायक पंजीयक ने धान खरीदी में अनियमितता पाए जाने पर शाखा प्रबंधक जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित राजनादगांव, सहसपुर लोहरा ने संबधित कर्मचारी पर प्राथमिकी दर्ज कराने के आदेश दिए है।

कमिश्नर और आईजी ने धान के अवैध परिवहनों पर तेज कार्यवाही के निर्देश दिए

कवर्धा । कबीरधाम जिले में पड़ोसी राज्यो और सीमावर्ती जिलो से आने वाले धान के अवैध परिवहनों पर कार्यवाही और तेज होगी। दुर्ग संभागायुक्त दिलीप वासनीकर और आईजी विवेकानन्द सिन्हा ने कबीरधाम जिले में सुचारू रूप से चल रहे धान खरीदी व्यवस्था की जानकारी लेने आकस्मिक रूप से दौरा किया।

27 दिसंबर को मूरा में मनाएगे बाबा की जंयती

खरोरा। प्रतिवर्षनुसार इस वर्ष भी ग्राम मूरा में बाबा गुरू घासीदास की जंयती समारोह का आयोजन 27दिसम्बर को किया गया है। यहाँ पर मुख्य अतिथि मान. श्री शिव कुमार डहरिया नगरीय प्रशासन श्रम मंत्री। कार्यक्रम की अध्यक्षता अनिता योगेन्द्र शर्मा, विधायक धरसीवा विशिष्ट अतिथि मान श्री गिरीश देवागन प्रदेश महामंत्री कांग्रेस, कमेटी, दीपक मिरी, प्रदेश अध्यक्ष . प्रदेश सतनामी समाज छत्तीसगढ़ युवा प्रकोष्ठद्व ीमती सुमन नंद पाल सरपंच , टोकेन्द गायकवाड़ उपसरपंच लकेशवर कोसले सहसचिव प्रगतिशील छग सतनामी समाज युवा प्रकोष्ठ उपस्थित रहेगे।

पार्षद का चुनाव तो जीत गए पर अब अध्यक्ष पद के लिए जंग जारी

मोहित महेष्वरी | संतोष सुरेखा नामदेव | ऋषि षर्मा | नरेन्द्र देवांगन | अषोक सिंह | प्रमोद लूनिया

नवप्रदेश संवाददाता

कवर्धा । टिकट वितरण से पहले ही कांग्रेस के आलाकमानो ने स्पष्ट निर्देष देते हुए कहा था कि पहले जीत कर पार्षद बने फिर तय होगा कि अध्यक्ष कौन बनेगा। चुंकि अब कांग्रेस के 27 मे से 19 प्रत्याषी चुनावी रणभूमि में विजय हासिल कर पार्षद बन चुके है। अब इन्ही पार्षदो के द्वारा अध्यक्ष का चयन किया जाना है। बहुमत को लेकर तो किसी प्रकार से कोई अटकले नही बन रही है। किन्तु अध्यक्ष पद के 6 दावेदारो में से एक दावेदार को चुनना असम्जस की स्थिति निर्मित कर रहा है हालाकि ये सिर्फ वे 6 दावेदार है जिनके नाम अध्यक्ष पद के लिए चुनाव से पहले के चर्चाओ में चल रहे थें। दावेदारो की संख्या और भी बढ सकती है। नगरीय निकाय चुनाव के परिणाम 24 दिसंबर को घोषित हो चुके है। इसमें कवर्धा नगर पालिका का परिणाम अप्रत्याषित रहा । पूर्व मुख्यमंत्री डॉ.रमन सिंह का गृह जिला और 15 साल तक भाजपा के अध्यक्ष नगर पालिका में रहे है। इसके बाद भी भाजपा महज 6 सीट पर ही सिमट कर ही रह गई। जबकि कांग्रेस के 19 प्रत्याषियों ने षानदार जीत हासिल की है। तो इस चुनाव में 2 निर्दलीय प्रत्याषी भी जीत का परचम लहराया है। सीधे तौर पर कहा जाए तो जनता नें विधानसभा की तरह नगर पालिका के लिए भी सत्ता परिवर्तन कर दिया है। अब कांग्रेस को नगर पालिका की कमान मिल चुकी हैं। पूर्व नगरीय निकाय चुनाव में 10 साल भाजपा के सत्ता में रहने के बाद भी कांग्रेस की ऐसी स्थिति नही थी। फिलहाल कवर्धा नगर पालिका में 10 सीट की कांग्रेस रही। लेकिन अब भाजपा तों 10 सीट पर भी नही पहुंच पाया। जनता ने अपना समर्थन इस बार कांग्रेस को दिया है। और अब नगर पालिका कवर्धा के अध्यक्ष पद पर कांग्रेस के विजय प्रत्याषियों में से किसी एक प्रत्याषी को अध्यक्ष पार्षदो के द्वारा चुना जाना है।

मोहित माहेश्वरी वार्ड क्रमांक 23

मोहित माहेश्वरी शुरु से ही कांग्रेस कार्यकर्ता रहें है। कॉलेज की राजनीति से कांग्रेस के युवा विंग में आए है। धरना प्रदर्शन में भी हिस्सा लेते हुए आए है। वहीं मंत्री मोहम्मद अकबर के खास माने जाते है। ये अध्यक्ष पद के दावेदार बताए जा रहें हैं।

सतोंष सुरेखा नामदेव वार्ड क्रमांक 19

उस वार्ड से लगातार तीन पंचवर्षी से जीत हासिल करते आ रही है। जिस वार्ड में कभी पूर्व मुख्यमंत्री डॉ.रमन सिंह पार्षद हुआ करते थे। उस समय यह वार्ड षीतला वार्ड क्रमांक 09 था। वर्तमान में यह वार्ड क्रमांक 19 है। इस बार सुरेखा संतोष नामदेव ने 200 से भी ज्यादा मतो से जीत हासिल की है। वर्तमान में इन्होने वार्ड नंबर 19 के भाजपा प्रत्याषी सरिता ठाकुर को मात देते हुए जीत हासिल की है। और अध्यक्ष पद के श्रीमती सुरेखा नामदेव का नाम चल रहा है।

ऋषि शर्मा वार्ड क्रमांक 08

ये वार्ड क्रमांक 8 से जीतकर आ रहें है। अपने प्रतिद्वंदी व भाजपा प्रत्याशी श्रीकांत उपाध्याय को 222 मतो से चुनाव हराया है। इनका नाम इसलिए सामने आ रहा है कि ये मंत्री मोहम्मद अकबर से शुरु से जुड़े हुए है। विधानसभा चुनाव के दौरान विशेष रुप से काम किया हैं। इसके साथ ही ये जिला षहर कांग्रेस अध्यक्ष पद पर है।

नरेन्द्र देवांगन वार्ड क्रमांक 14

ये वार्ड क्रमांक 14 से जीतकर आ रहें है। अपने प्रतिद्वंदी व भाजपा प्रत्याशी अष्वनी देवांगन को 456 मतो से चुनाव हराया है। इनका नाम इसलिए सामने आ रहा है कि ये कांग्रेस पार्टी में 1996 से जुडें हुए है। इसके साथ ही जिला कांग्रेस कमेटी के कई पदो में रह चुके है। वहीं 2 पंचवर्षी पार्षद बने है। वही अध्यक्ष पद के लिए दावेदारो की लिस्ट में इनका भी नाम आ रहा है।

प्रमोद लूनिया वार्ड क्रमांक 22

वार्ड नंबर 22 से प्रमोद लूनिया ने भाजपा के सुनिल ठाकुर को हरा कर जीत हासिल की है। वर्तमान में श्री लूनिया कांग्रेस के प्रवक्ता है और ये कांग्रेस के साथ 15 वर्षो से कांग्रेस से जुडे हुए है। दरासल जिस प्रत्याषी इन्होने मात देकर विजय हासिल की हैं वे वर्तमान भाजपा अध्यक्ष अनिल ठाकुर के भाई है।

अशोक सिंह वार्ड क्रमांक 16

अशोक सिंह वार्ड 16 से जीतकर नगर पालिका में पहुंच रहें हैं। इन्होंने वर्तमान भाजपा के पार्षद विजय पाली को चुनाव में हराया है। ये भी मंत्री के खास माने जाते है। शुरु से ही इनका नाम अध्यक्ष पद के लिए चलता आ रहा है। ऐसे में ये भी अध्यक्ष पद के दौड़ में शामिल हैं।

डौंडी नपं में सत्ता के गणित में फंसे बीजेपी और कांग्रेस

डौण्डी। इस बार डौण्डी नगर पंचायत चुनाव तो हुए. जँहा बीजेपी और कांग्रेस के नेताओं ने अपना जोर भी लगाया, लेकिन किस्मत ऐसी कि सत्ता दोनों को ही नहीं मिल सकी है. सत्ता के गणित में बीजेपी और कांग्रेस दोनों के प्राप्तांक ऐसे हैं कि बिना निर्दलीयों से मिले कृपांक के कोई परीक्षा में उत्तीर्ण नहीं हो सकता. अभी दोनों पक्ष कृपोत्तीर्ण वाली स्थिति में है निर्दलीय हैं कि कुछ न कह कर वो सब कह रहे हैं. जिसके मायने सियासत में बिना कहे ही समझे जाते हैं. निर्दलीय पार्षद बलिराम धनकर का कहना है कि उनकी नीति और पंसद के अध्यक्ष प्रत्याशी को ही अपना समर्थन करेंगी. दल को लेकर फिलहाल स्थिति स्पष्ट नहीं है. निर्दलीय पार्षद ममता जैन का भी यही कहना है कि नगर के हम तीनों निर्दलीय पार्षद एक मत है व एक साथ है इस बार निर्दलीय ही होंगे किंगमेकर ।

मतगणना के बाद नगर सत्ता की पेंच फंस गया है। संख्या बल में दोनों ही दल कमजोर साबित हो रहे हैं। कांग्रेस के 04 प्रत्याशियों ने जीत हासिल की है, वहीं भाजपा के 06 प्रत्याशी चुनाव जीतकर आए हैं। लेकिन 03 निर्दलीय के प्रत्याशी ने अध्यक्ष व उपाध्यक्ष की कुर्सी का समीकरण बिगाड़ दिया है। अब दोनों दल उठापटक में लग गए हैं।

देर शाम कांग्रेस नेता तीनो निर्दलीय प्रत्याशी को अपने खेमे में लेने के जुगत में थे। हालांकि नतीजे आने के बाद भाजपा का पल्ला भारी नजर आ रहा है। इधर कांग्रेस भी उधेड़बुन में लगी रही, लेकिन निर्दलीयों के कांग्रेस के साथ जाने की खबर के बाद भाजपा भी अपनी तैयारी के लिए अलर्ट हो गई है। इनमें से एक प्रत्याशी जो कि पूर्व कांग्रेस उपाध्यक्ष की पत्नी है जो कांग्रेस से टिकट नहीं मिलने पर बागी होकर चुनावी मैदान में उतरे थी और जीत तक हासिल कर ली। नगर के13 वार्डों में दोनों ही दलों ने पूरा दमखम दिखाया था, इसके बाद परिणाम में कांग्रेस के 04 प्रत्याशी और भाजपा के 06 प्रत्याशियों ने जीत दर्ज की है। जबकि निर्दलीयों ने निकाय चुनाव के परिणाम को अप्रत्याशित कर दिया है। इधर निकाय चुनाव की गिनती चलती रही, वहीं दूसरी ओर नगर के चौक चौराहों में जीत हार के दावे भी होते रहे। रुझानों के आधार पर अध्यक्ष के चेहरे पर भी चर्चा होती रही।

कांग्रेस और भाजपा में अध्यक्ष पद के लिए खींचतान, दोनों ही दलों में कई नाम सामने आ रहे

कांग्रेस में इनके नाम : कांग्रेस से जहां पलटन भुआर्य और वार्ड 08 की पार्षद का नाम आ रहा है। पल्टन भुआर्य अनुभवी हैं व मजबूत दावेदार हैं। डौण्डी अध्यक्ष की इस कुर्सी पर अब कौन बैठेगा? इसे लेकर फिलहाल सस्पेंस बना हुआ है। इधर दोनों प्रमुख दल सक्रिय हो गए हैं।

भाजपा से ये नाम : भाजपा से रूपेश नायक व सोमेश सोरी की मजबूत दावेदार माना जा रहा है। संजीव मानकर और रेखा चौहान का नाम भी अध्यक्ष के संभावित दावेदारों के रुप में उभरकर सामने आया है।

अपने स्तर पर जोर लगा रहे

दोनों ही दल हाईकमान के दिशा-निर्देश का हवाला दे रहे हैं। वहीं दूसरी ओर दोनों ही दल जोड़-तोड़ में लगे हैं ताकि बहुमत हासिल किया जा सके। दूसरी ओर संभावित दावेदार जोर लगा रहे हैं।

कहीं मायूसी रही तो कहीं मनाते रहे जश्न

सुबह से मतगणना शुरू हुई। इसके बाद अलग-अलग वार्ड के रुझान शुरू हो गए। रुझानों को देखते ही प्रत्याशी के समर्थकों का जश्न भी शुरू हो गया। हालाकि कुछ बूथों की गिनती के बाद परिणाम बदलने भी लगे। इसके चलते कभी मायूसी तो कभी जश्न से भरे चेहरे दिखते रहे। मुख मार्ग में बेरिकेट के बाहर बाजे गाजे के साथ समर्थक डटे रहे, जीत तय होने के बाद परिसर में ही जमकर आतिशबाजी भी हुई।

जो सत्य की राह में चलेगा वही सच्चा सतनामी लालबहादुर सिंह

कवर्धा। ग्राम नेवारिगुणा में गुरु घासी दास की जयंती बड़े धूमधाम से मनाया गया कार्यक्रम के मुख्यअतिथि लालबहादुर चंद्रवंशी प्रदेष उपाध्यक्ष किसान कांग्रेस अतिथि के रूप में राघव राम, चेतन चंद्रवंशी, विसनु चंद्रवंशी रहे । ग्राम नेवारिगुणा में प्रति वार्ष की भांति इस वर्ष भी काफी उत्साह ओर हर्षोल्लास के साथ बड़े धूमधाम से बाबा की जयंती मनाया गया युवाओं का जोष देखते ही बन रहा था डिजे के धुन के साथ सतनामी समाज के द्वारा रैली भी निकली गई जो पुरे गाँव में घुमाया गया लालबहादुर सिंह चंद्रवंशी ने अपने उद्बोधन में बाबा गुरु घासी दास के जीवनी पर प्रकाष डालते हुए कहाँ बाबा ने कहा था जो सत्य के मार्ग में चलेगा वही सतनामी कह लाएगा ।

नेशनल स्कूल कुराश चैंपियनशिप में नगर के 16 खिलाड़ी लेंगे भाग

भाटापारा। नगर के 16 कुराश खिलाड़ियों का चयन नेशनल स्कूल कुराश चैंपियनशिप 2019 - 2020 दिल्ली के लिए हुआ है। दो वर्ग के लिए जीन बालक बालिकाओ का चयन हुआ है उनमे अंडर 17 बालक गौतम मिरी, प्रशांत वर्मा , मयंक यादव , अभिषेक घिदोडा ।

अंडर -19 बालकः हिमांशु जयसवाल, राकेश कुमार गेंदले, गनेश्वर साहू , संजू मार्कण्डेय, उमाशंकर साहू, उज्ज्वल मानिकपुरी।

अंडर -19 बालिकाः .सुरूचि ध्रुव, संजना वैष्णव, उजाला कामरी, राजेश्वरी , खुशी श्रीवास, रमा टंडन का चयन हुआ है। चयनित बालक बालिकाओ को सहायक संचालक खेल लोक शिक्षण संचालनालय अनिल मिश्रा , जिला खेल अधिकारी जी पी नेताम, छत्तीसगढ प्रदेश कुराश एसोसिएशन सचिव आदित्य सिंह , बैजनाथ गुप्ता टेक्निकल डायरेक्टर छ.ग प्रदेश कुराश एसोसिएशन , आशीष यादव सदस्य प्रदेश कुराश एसोसिएशन आदि ने चयनित खिलाड़ियों को शुभकामनाये देकर उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

सात दिवसीय शिविर का आयोजन

खरोरा। भरत देवांगन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खरोरा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम पंचायत ईल्दा में स्वच्छता ही सेवा ,विषय पर 24 दिसम्बर से 30 दिसम्बर तक आयोजित है।इस शिविर में 50 छात्र छात्रायें कार्यक्रम अधिकारी शाहिना परवीन व सहायक कार्यक्रम अधिकारी अमर बर्मन के नेतृत्व में ग्राम इल्दा में विभिन्न सृजनात्मक व रचनात्मक कार्य करेंगे।शिविर का उद्घाटन ग्राम इल्दा के सरपंच मेहतरू राम साहू के मुख्य आतिथ्य में हुआ।कार्यक्रम की अध्यक्षता महेंद्र साहू ने की,विशिष्ट अतिथि के रूप में अवधेश कनौजे उपस्थित थे।इस अवसर पर कार्यक्रम प्रभारी ने शिविर दिनचर्या की जानकारी दी।सरपंच मेहतरू ने इस अवसर पर कहा कि इस रासेयो शिविर से लोगों में जागरूकता बढ़ेगी।हम हर सम्भव सहयोग करेंगे।इस अवसर पर अमर बर्मन ,राज देवांगन ,सत्यनारायण देवांगन,अंसल सेन,सहित रासेयो इकाई के स्वयं सेवी छात्र व ग्राम वासी उपस्थित थे।

प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की जयंती मनाई गई



खरोरा। आज मण्डल खरोरा में पूर्व प्रधानमंत्री, महान कवि, साहित्य कार अटलबिहारी बाजपेयी का जयंती मनाई गई।जिसमें बाजपेयी जी का जीवन परिचय 25 दिसंबर 1924 में ग्वालियर में हुआ था।16 अगस्त 2018 को अटलजी इस दुनियां को अलविदा कह दिए।1957 में पहली बार लोकसभा चुनाव लड़ कर संसद पहुंचे।तत्पश्चात 10 बार सांसद व 2 बार राज्यसभा सदस्य रहे।अटलबिहारी बाजपेयी देश अच्छे कवि के रूप में जाने जाते है।बाजपेयी जी देश 3 बार प्रधानमंत्री रहे।उन्होंने 2009 में राजनीति से सन्यास लिया।वही 25 दिसंबर 2014 में बाजपेयी जी को जन्म दिवस पर देश सबसे बड़ा भारतरत्न पुरस्कार का ऐलान किया गया। इस जन्मदिन को भारतीय जनता पार्टी खरोरा मंडल द्वारा सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया।इस अवसर पर मुख्य रूप से प्रदेश मंत्री श्री मति चंद्रकांती वर्मा,जिलाध्यक्ष गुलाब टिकरिहा, प्रदेश प्रतिनिधि डोगेन्द्र नायक, राम पंजवानी, मंडल अध्यक्ष नरेंद्र सिंह ठाकुर, नवीन अग्रवाल जिला उपाध्यक्ष, राजीव अग्रवाल,रोशन चन्द्राकर,सूरज सोनी गिरीश वर्मा ,सहित कार्यकर्ता गण उपस्थित हुये।

दांवपेच | कांग्रेस और भाजपा के प्रत्याषी कर रहे अध्यक्ष पद के लिए मस्क्कत

नगर पंचायत पिपरिया के अध्यक्ष पद के लिए निर्दलीय बना निर्णायक

पिपरिया । नगर पंचायत पिपरिया में जहां 7 सीट भाजपा को मिले है, वही 7 सीटो पर कांग्रेस ने कब्जा जमाया है। तो 1 सीट जीत कर निर्दलीय प्रत्याषी आई है। अब नगर पंचायत पिपरिया में 1 निर्दलीय प्रत्याषी का समर्थन जिस पार्टी को मिलेगा उस पार्टी का अध्यक्ष बैठ सकेगा। लेकिन अब अध्यक्ष पद को लेकर कांग्रेस और भाजपा से भी नाम सामने आ रहे है। पर निर्दलीय प्रतयाषी के द्वारा जिस पर मुहर लगाई जाएगी वो ही अध्यक्ष पद पर आसीन हो सकेगा। वर्तमान चर्चाओ में कांग्रेस से जहां महेन्द्र कुंभकार व रविन्द्र देवांगन का नाम सामने आ रहा है तो भाजपा से लोकेष साहू व विक्की अग्रवाल का नाम चर्चाओं में बना हुआ है। अब निर्दलीय प्रत्याषी के द्वारा जिसे समर्थन दिया जाएगा। उसकी नईया पार मानी जा रही है। अब प्रत्याषी को मनाने का दौर भी चल रहा है। पिपरिया की जनता ने वार्ड पार्षद तो चुन लिया पर अब पार्षदो के द्वारा अध्यक्ष चयन के लिए बहुमत महत्वपूर्ण बन गया है। बिना बहुमत अध्यक्ष पद का फैसला नही हो पाना है। ऐसी स्थिति में अब निर्दलीय प्रत्याषी ही तय कर सकता है कि कौन अध्यक्ष बनेगा।

ज्ञात हो कि नगरीय निकाय चुनाव के परिणाम घोषित होने के साथ ही अब कांग्रेस और भाजपा दोनो को ही अध्यक्ष पद में काबिज होने के लिए 1 निर्दलीय का सहारा लेना पड सकता है। पिपरिया नगर पंचायत का यह परिणाम बडा ही रोचक हो चुका हैं।

वार्ड क्रमांक 01 रामकली पटेल बीजेपी
वार्ड क्रमांक 02 विक्की अग्रवाल बीजेपी
वार्ड क्रमांक 03 मेलन पटेल बीजेपी
वार्ड क्रमांक 04 कोमल पटेल कांग्रेस
वार्ड क्रमांक 05 वीणा सुभाष दानी निर्दलीय
वार्ड क्रमांक 06 रंजना केषरी बीजेपी
वार्ड क्रमांक 07 महेन्द्र कुम्भकार कांग्रेस
वार्ड क्रमांक 08 कमल कांत नाविक बीजेपी
वार्ड क्रमांक 09 देवदास मिरी कांग्रेस
वार्ड क्रमांक 10 रेषम बघेल कांग्रेस
वार्ड क्रमांक 11 रविन्द्र देवांगन कांग्रेस
वार्ड क्रमांक 12 गणेष चन्द्रवंषी, बीजेपी
वार्ड क्रमांक 13 सुंदर साहू कांग्रेस
वार्ड क्रमांक 14 षत्रुहन साहू कांग्रेस
वार्ड क्रमांक 15 लोकेष साहू बीजेपी

उमा पंसारी सबसे अधिक उम्र की पार्षद बनी

खरोरा। 'वार्ड 13 में उमा पंसारी उम्र 68 वर्ष भारतीय जनता पार्टी से विजयी सबसे अधिक 68 उम्र की विजयी पार्षद बनी । वही इस छेत्र में 2 बार पूर्व उनके भतीजे मुरलीधर पंसारी पार्षद रह चुके है वो सबसे कम 21 उम्र के पार्षद थे उन्होंने अब उनकी भुआ सबसे ज्यादा उम्र की पार्षद बनी खरोरा नगर के इतिहास में। ।

अवकाश के दिनों में धान के अवैध परिवहनों पर बड़ी कार्रवाई

- 17 सौ 20 बोरा धान जब्त की 8 प्रकरण बनाए 3 वाहन जब्त
- तीन नोडल अधिकारियों को निलंबित करने के आदेष

नवप्रदेश संवाददाता

कवर्धा। कबीरधाम जिले में पड़ोसी राज्यों से आने वाले धान के अवैध परिवहनों और स्थानीय कोचियों द्वारा धान के अवैध भंडारण, अवैध धान की बिक्री पर पूर्णतः रोक लगाने पर शासकीय अवकाश के दिनों में कार्यवाही जारी रही। कलेक्टर अवनीश कुमार शरण के निर्देशन पर धान के अवैध को रोकने बनी जिला स्तरीय 18 अलग-अलग टीम ने आज जिले के विभिन्न धान उपार्जन केंद्रों का आकस्मिक निरीक्षण करते हुए 1720 बोरा धान (688क्विंटल)

धान की जब्ती बनाई है। इन 18 दलों में अपर कलेक्टर, जिला पंचायत सीईओ, सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व,पुलिस,नायब तहसीलदार, थाना प्रभारी और अन्य जिला स्तरीय अधिकारी शामिल थे। इस टीम के द्वारा आकस्मिक निरीक्षण करते हुए महली, बचेड़ी और रणवीरपुर के धान खरीदी के नोडल अधिकारी को निलंबित करने निर्देश दिए गए है।

जिला खाद्य कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार कवर्धा में मंडी की टीम के साथ अवैध धान जब्ती की कार्यवाही की गई।

कोचिया सूरज आदिले कवर्धा से 110 कट्टा 44 क्विंटल धान, दिलीप राजपूत कोसमंदा से 128 कट्टा 51.20 क्विन्टल,रॉयल फूड अग्रवाल ट्रेडर्स राइस मिल से सम्यक दस्तावेज नही दिखाने पर 1190 बोरा लगभग 476 क्विंटल जब्ती की कार्यवाही की गई।

अपर कलेक्टर जे के ध्रुव के नेतृत्व में खाद्य अधिकारी अरुण मेश्राम, खाद्य निरीक्षक आकाश भूतड़ा एवं मंडी की टीम द्वारा ग्राम महाराजपुर तहसील बोड़ला स्थित व्यापारी ललित जायसवाल (ललित किराना स्टोर्स) के ऊपर मंडी अधिनियम के तहत अवैध धान भंडारण की कार्यवाही करते हुऐ 70 बोरी धान की जप्ती की गई।

धान खरीदी केंद्र महली पंडरिया का निरीक्षण किया गया,जहाँ नए जुट बारदाना ,गठान के रूप में न होकर 25-25 के बंडल में खुला पाया गया। शेष नवीन बारदाना 11529 होना था जो 8350 पाया गया अर्थात 3179 नवीन बारदाना कम मिला। सभी स्टैकिंग गिनने योग्य नही पाया गया। स्टेंसिल किये गए सरने धान की बारी में पतला धान पाया गया बोड़ला एसडीएम विनय सोनी द्वारा धान के अवैध परिवहनों पर कार्यवाही की।उन्होंने बताया कि रघ्घू पारा में कोचिया के घर 69 कट्टा धान, हरिन छपरा में 42 कट्टा धान जब्त की गई। इसके अलावा धान के अवैध वाहन पिकप में 69 कटता धान और चना, छोटा हाथी में 33 कट्टा धान जब्त की गई।

नगरपालिका में इस बार निर्वाचित हुई 13 महिला पार्षद

भाटापारा। नगरपालिका के परिणाम आने के पश्चात 31 वार्ड वाली पालिका में 13 महिला पार्षद निर्वाचित हुई है और नगरपालिका अध्यक्ष भी इस बार पिछड़ा वर्ग की महिला ही बनेगी। नगरपालिका परिषद भाटापारा के लिये 31 वार्डो में हुये निर्वाचन में जो विजयी हुये है,उनमे वार्ड क्रमांक 01 श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड से संतोषी साहू ,कांग्रेस, वार्ड क्रमांक 02 हथनीपारा वार्ड से - सीता साहू बीजेपी , वार्ड क्रमांक 03 महावीर वार्ड से दीपा दशरथ साहू ,निर्दलीय, वार्ड क्रमांक 04 सुभाष वार्ड से नीतू सुनील यदु ,बीजेपी, वार्ड क्रमांक 04 से ईश्वरी धुरंधर वार्ड से ज्योति दिलीप यादव बीजेपी, वार्ड क्रमांक 06 शक्ति वार्ड से सरजबति अनिल चेलक बीजेपी , वार्ड क्रमांक 07 नयापारा वार्ड से रानी राजेन्द्र वर्मा कांग्रेश वार्ड क्रमांक 08 परशुराम वार्ड से - गोपाल देवांगन बीजेपी, वार्ड

क्रमांक 09 के के वार्ड से - रोहित साहू निर्दलिय, वार्ड क्रमांक 10 गांधी मंदिर वार्ड से आलोक मिश्रा कांग्रेस, वार्ड क्रमांक 11 शंकर वार्ड से आशीष पुरोहित बीजेपी , वार्ड क्रमांक 12 सदर वार्ड से सुनीता गुप्ता कांग्रेस , वार्ड क्रमांक 13 संजय वार्ड से प्रमेन्द्र तिवारी निर्दलीय ,वार्ड क्रमांक 14 नेहरू वार्ड से त्रिलोक शलूजा कांग्रेस , वार्ड क्रमांक 15 से नयागंज वार्ड - प्रदीप शर्मा बीजेपी, वार्ड क्रमांक 16 भगत सिंग वार्ड से वैशाली अहिरवार कांग्रेस ,वार्ड क्रमांक 17 महासती वार्ड से गोवर्धन डहरिया बीजेपी, वार्ड क्रमांक 18 संतमाता कर्मा वार्ड से सुशीला ध्रुव बीजेपी, वार्ड क्रमांक 19 बलभद्र वार्ड से मेनका ठाकुर कांग्रेस , वार्ड क्रमांक 20 गुरुनानक वार्ड से पार्वती बांधे बीजेपी, वार्ड क्रमांक 21 संत रविदाश वार्ड से भूलू राम कुर्रे कांग्रेस, वार्ड क्रमांक 22 रामसागर पारा से - व्यास यदु बीजेपी, वार्ड क्रमांक 23 मुंशी स्माइल वार्ड से पुरुषोत्तम यदु बीजेपी , वार्ड क्रमांक 24 शहीद वीरनारायण सिंग वार्ड से - रामखिलावन उर्फ समीर ध्रुव कांग्रेस एवं वार्ड क्रमांक 25 लालबहादुर शास्त्री वार्ड से खगेन्द्र यादव निर्दलीय विजयी हुये है ।

कैरियर पॉइंट नेशनल स्कूल में मनाया गया आनंद मेला

भटगांव। कैरियर पॉइंट नेशनल स्कूल में मनाया गया आनंद मेला। छात्र छात्राओ द्वारा प्रस्तुत किया विभिन्न प्रकार के व्यंजन और गेम...पालकों ने अपने बच्चों किया उत्साहवर्धन । कैरियर पॉइंट नेशनल स्कूल भटगांव में आनंद मेला कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसका शुभारम्भ स्कूल के प्राचार्य नरेश चौहान एवं डायरेक्टर प्रियंका चौहान तथा बच्चों व शिक्षकों की उपस्थिति में मौली माता मंदिर में विशेष पूजा अर्चना करके और दीपक प्रज्वलित करके किया गया । आनंद मेला में बच्चों द्वारा अनेक प्रकार के पकवान एवं गेम से सजाये गए थे, जिसमे स्कूल के के जी 2 के बच्चों से लेकर क्लास 8 के बच्चों ने पार्टिसिपेट किया तथा अपने हाथों से विभिन्न प्रकार के व्यंजन जैसे गुपचुप, चाट, समोसे, गाजर हलवा, खीर, इटली, आइसक्रीम, भेल, गुलाब

जामुन इत्यादि बनाकर प्रस्तुत किया। यह देखकर पालकों का मन व्यजनो की ओर दौड़ने लगा और प्रत्येक व्यंजन का स्वाद लेकर आनंद लिया। बच्चों के इस आनंद मेला से ज्ञानवर्धक जानकारी दी गई और व्यापार के बारें से भी विशेष जानकारियां दी गई जिसमे बहुत भीड़ के साथ साथ खुशी से संपन्न हुआ । बच्चे एवं पालकगण बहुत खुश नजर आये क्योंकि बच्चों की खुशी में ही पालकों एवं शिक्षकों की खुशी होती है।

कंकड़ाकृति सूर्य ग्रहण

खरोरा। ग्रहण ब्रह्मांड की एक स्वाभाविक प्रक्रिया है।विज्ञान में इसकी एक विशेष परिभाषा है ।पर भारतीय ऋषि मुनियों ने ग्रहण पर निरन्तर शोध करके अपना सिद्धांत बनाया है।तदनुसार दिनांक 26 दिसंबर पौष कृष्ण पक्ष अमावस्या दिन गुरुवार मूल नक्षत्र धनु राशि पर सूर्य ग्रहण होगा ।इसी ग्रहण के साथ ही इस वर्ष का यह अंतिम ग्रहण होगा।वैसे तो ये स्वाभाविक प्रक्रिया हैं।पर हिन्दू धर्म मे ग्रहण पर कुछ नियम निर्धारित किये हैं इसमे सूतक अवस्था मे स्वस्थ मनुष्यो को भोजन नही करने का प्रावधान है।और ग्रहण काल मे भगवन्नाम का जप करने का निर्देश दिया जाता है।क्योंकि हिन्दू धर्मानुसार जिस राशि मे ग्रहण होता है उन राशि वालो को कष्ट सम्भावित होता है ।इसीलिए जप आदि का परामर्श ज्योतिषी लोग देतें हैं।श्रीबाला जी दरबार के पुजारी पण्डित धनंजय शर्मा के अनुसार ग्रहण का सूतक दिनांक 25 दिसंबर रात्रि में 8:14 से शुरू होगा।26 दिसंबर को प्रातः 8:14 से ग्रहण प्रारंभ होगा जोग्रहण मध्य प्रातः 9:36 होके ग्रहण मोक्ष दिन में 11:15 बजे होगा। अब ग्रहण में जिन राशियों के जो फल हैं वो निम्नानुसार हैं

मेष राशि वालों को अपयश

वृष राशि वालों को मृत्यु तुल्य कष्ट मिथुन राशि वालों को स्त्री पीड़ा कर्क राशि वालों को शौख्य सुख की प्राप्ति, सिंह राशि वालों को चिंता , कन्या राशि वालों को व्यथा, तुला राशि वालों को धन लाभ, वृश्चिक राशि वालों को हानि, धनु राशि वालों को घात, मकर राशि वालों को हानि, कुंभ राशि वालों को लाभ, मीन राशि वालों को शौख्य सुख की प्राप्ति, ग्रहण काल में गुरु मंत्र का जप गायत्री मंत्र का जप अपने इष्ट देव मंत्र का जप बजरंग बाण हनुमान चालीसा दुर्गा चालीसा नवार्ण मंत्र मृत्युंजय मंत्र सूर्य मंत्र आदि आदि मंत्रों का जप करना श्रेयस्कर माना जाएगा।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

कल चार घंटे..

माना एयरपोर्ट के लिए रवाना होंगे। रायपुर से दिल्ली के लिए उनकी फ्लाइट 12 बजे की है। जानकारी के मुताबिक संभवतः आज देर रात या फिर कल तक उनकी सुरक्षा के लिए चार लेयर की सुरक्षा एयरपोर्ट से साइंस कॉलेज मैदान में होगी। दिल्ली से वे कार्यक्रम अटेंड कर पीसीसी चीफ और सीएम भूपेश बघेल के अनुग्रह पर संभवतया राजीव गांधी कांग्रेस भवन कार्यालय भी जा सकते हैं। फिलहाल इसकी कोई अधिकृत जानकारी नहीं है कि वे साइंस कॉलेज मैदान से मिनट टू मिनट कार्यक्रम के 30 मिनट एयरपोर्ट में बिताएंगे या फिर कांग्रेस कार्यालय जाएंगे। आपको बता दे कि 27 से 29 दिसंबर राजधानी रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में आदिवासी राष्ट्रीय महोत्सव का आयोजन किया गया। इस आयोजन में भारत के 25 राज्यों के साथ विदेशों से भी कलाकार हिस्सा ले रहे हैं। तीन दिवसीय इस नृत्य महोत्सव में देश के 25 राज्य एवं केन्द्रशासित प्रदेशों के साथ ही 6 देशों के लगभग 1350 से अधिक प्रतिभागी अपनी जनजातीय कला संस्कृति का प्रदर्शन करेंगे। इस महोत्सव में 39 जनजातीय प्रतिभागी दल 4 विभिन्न विधाओं में 43 से अधिक नृत्य शैलियों का प्रदर्शन करेंगे।

साल का आखिरी...

समय, जब होगा देश में सूर्य ग्रहण

आचार्य उपाध्याय के अनुसार भारत में रेलवे समयानुसार सूर्य ग्रहण स्पर्श काल गुरुवार सुबह 8:21 बजे शुरू होगा। मध्यम काल 9:40 बजे होगा। जबकि मोक्ष काल 11:14 बजे तक रहेगा। यानी गुरुवार सुबह 11:14 बजे तक ग्रहण का असर रहेगा।

आपकी राशि पर ये होगा असर

आचार्य उपाध्याय के मुताबिक मेष समेत कुछ राशियों पर सूर्य ग्रहण के सुखद परिणाम हो सकते हैं। वहीं वृष समेत कुछ राशियों पर इसके प्रतिकूल असर दिखाई दे सकते हैं।

जानें राशिवार असर...

राशि- असर

मेष- शुभ फल, मान-सम्मान में इजाफा।

वृष- मृत्युतुल्य कष्ट।

मिथुन- इस राशि स्त्रियों को पीड़ा।

कर्क- शोक और चिंता।

सिंह- चिंता बनी रह सकती है।

कन्या- समय, मेहनत, विचारों व पैसे का व्यर्थ।

तुला- लक्ष्मी व वैभव प्राप्ति होगी।

वृश्चिक-क्षति, किसी भी प्रकार की हो सकती है।

धनु- घातक रह सकता है।

मकर- हानि, किसी भी प्रकार की हो सकती है।

कुंभ- लाभ, नौकरी- व्यवसाय इत्यादि में।

मीन- सुख, जिसके लिए प्रयासरत हैं।

(प्रतिकूल असर वाली राशि के जातक ग्रहण न देखें तो उचित होगा।)

बुधवार से ही प्रारंभ हुआ सूतक काल

सूर्य ग्रहण का सूतक काल बुधवार शाम 5:21 बजे से ही शुरू हो गया है। युवा व स्वस्थ लोगों के लिए सूतक काल बुधवार शाम 5:21 बजे से शुरू हो गया है। जबकि शिशु, वृद्ध व शारीरिक रूप से कमजोर लोगों के लिए यह बुधवार रात 8:21 बजे प्रारंभ हुआ। भारत के अलावा अन्य देशों में ग्रहण दिखाई देगा।

सत्ता का दुरूपयोग...

कर आने के बाद भी बैलेट से चुनाव क्यों कराना चाहते हैं? खुलकर सत्ता और प्रशासन ने कांग्रेस की जीत के लिए काम किया है। रमन सिंह ने सीएम भूपेश के बयान पर पलटवार कर याद दिलाई पाटन की हार, कहा- क्या लोगों ने पूछा था क्यों हारे, हार गए हैं तो विधायकी छोड़ दें। भूपेश बघेल को यह सोचना चाहिए कि उनकी कार्यशैली का ही नतीजा है कि सालभर में ही जनता उन्हें नकारने लगी है। उनके 1200 पार्षद कैसे जीते यह समीक्षा उन्हें करनी चाहिए। बीजेपी के 960 जीत कर आने वाले पार्षदों व जनता के फैसले को सीएम रमन ने सराहा। बीजेपी नेताओ के गढ़ में उम्मीदवारों को परास्त करने वाले मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बयान पर रमन सिंह ने कहा कि- भूपेश बघेल की याददाश्त थोड़ी कमजोर है. उन्हें थोड़ा पलटकर देखना चाहिए कि लोकसभा चुनाव में पाटन में बुरी तरह से चुनाव हारा था. चुनाव में थोड़ा बहुत असर दिखता है. जब पाटन में बुरी हार हुई तब क्या लोगों ने ये प्रश्न किया कि क्यों हारे? हार गए हैं तो विधायकी छोड़ दें।

चुनाव में जीत....

जबकि बीजेपी को शहरी वोटरों वाली पार्टी के तौर पर जाना जाता है। प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष मोहन मरकाम ने जीत का श्रेय मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के शानदार एक साल के कार्यकाल को दिया है। उन्होंने कहा कि ये जीत कांग्रेस सरकार की उपलब्धियों पर मुहर लगाती है। उन्होंने दावा किया कि सभी 10 नगर निगमों में कांग्रेस की सरकार बनेगी, वो भी उस सूरत में जब बीजेपी शहरी क्षेत्र में खुद का दबदबा बताती है।

राजपथ पर छटा...

समारोह में भाग लेने का अवसर प्राप्त नहीं हुआ था।

राजपथ पर झांकी के साथ होगा माड़िया नृत्य

राज्य की झांकी राजपथ पर देश और विदेश से आये लाखों दर्शकों को समृद्ध छत्तीसगढ़ी संस्कृति के विभिन्न रंगों से परिचित करायेगी। झांकी के साथ बस्तर के 25 आदिवासी नर्तकों का एक दल भी होगा। यह दल राजपथ पर झांकी के साथ माड़िया नृत्य प्रस्तुत करेगा। यहीं दल बाद में राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के समक्ष भी अपनी लोकनृत्य कला को प्रदर्शित करेंगा।

कठिन चयन प्रक्रिया के बाद छत्तीसगढ़ की झांकी का चयन

देश के सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के बीच कठिन चयन प्रक्रिया से गुजर कर छत्तीसगढ़ की झांकी का चयन हुआ है। महाराष्ट्र, दिल्ली, बिहार, उत्तराखंड, पश्चिम बंगाल, झारखंड जैसे कई राज्यों की झांकी का चयन नहीं हो पाया हैं। ऐसे में राज्य की झांकी का राजपथ पर निकलना गौरव की बात होगी। राज्य के जनसंपर्क विभाग ने राज्य की और से हरेली पर्व, राजिम माघी पुन्नी मेला और कांगेर घाटी की जैव विविधता विषयवस्तु को भी एक्सपर्ट कमिटी के समक्ष प्रस्तुत किया था लेकिन कमिटी ने छत्तीसगढ़ की पारंपरिक शिल्प कला और आभूषणों पर आधारित विषयवस्तु का चयन किया। उन्होंने बताया कि डिजाइन के तीन राउंड और मॉडल और म्यूजिक के दो राउंड के पश्चात छत्तीसगढ़ की झांकी का अंतिम रूप से चयन हुआ है। रक्षा मंत्रालय की इस एक्सपर्ट कमिटी में देश के प्रख्यात कलाकार, वास्तुविद, संगीतकार, मूर्तिकार, गायक, पेंटर, फोटोग्राफर और अन्य विधाओं के विशेषज्ञ शामिल होते हैं।

छत्तीसगढ़ को मिलेगा...

के कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे को भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण ग्रामीण विकास और पंचायती राज मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर द्वारा पत्र भेजकर कृषि कर्मण पुरस्कार देने की जानकारी दी गयी है। कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे ने इस उपलब्धि के लिए कृषि विभाग और प्रदेश के किसानों को बधाई और शुभकामनाएं दी है।

राज्यपाल ने हेमंत...

सिंह, राजद नेता तेजस्वी यादव और बाबूलाल मरांडी की पार्टी झाविमो के विधायकों समेत पचास विधायकों के साथ राज्यपाल से मुलाकात कर सरकार बनाने का दावा पेश किया था। राज्यपाल ने उन्हें शपथ ग्रहण के लिए 29 दिसंबर को दोपहर एक बजे का समय दिया था। सोरेन मंगलवार रात्रि में पूर्व निर्धारित आठ बजे की बजाय लगभग पौने नौ बजे राजभवन पहुंचे और उनके साथ वहां सरकार का समर्थन कर रहे लगभग सभी पचास विधायकों के साथ राजद के नेता लालू के पुत्र तेजस्वी यादव, कांग्रेस के झारखंड प्रभारी आरपीएन सिंह और कांग्रेस हाईकमान द्वारा नियुक्त केन्द्रीय पर्यवेक्षक टीएस सिंहदेव भी उपस्थित थे।

चुनौतियों को चुनौती...

किया तो काशी का सांसद धन्यवाद कहता है।'

'...अभी जो बाकी है, उनके समाधान के लिए'

मोदी ने कहा, 'आत्मविश्वास से भरा हुआ हिंदुस्तान 2020 में प्रवेश कर रहा है। अभी भी जो बाकी है, उनके समाधान के लिए भी पूरे सामर्थ्य के लिए हर भारतवासी प्रयास कर रहा है। हम चुनौतियों को चुनौती देने के स्वभाव के साथ निकले हैं।' उन्होंने कहा, 'हमारी सरकार के लिए सुशासन का अर्थ है- सुनवाई, सबकी हो। सुविधा, हर नागरिक तक पहुंचे। सुअवसर, हर भारतीय को मिले। सुरक्षा, हर देशवासी अनुभव करे और सुलभता, सरकार के हर तंत्र की सुनिश्चित हो।'

अटल टनल और अटल जल योजना का जिक्र

मोदी ने कहा, 'यहां आने से पूर्व मैं दिल्ली में अटल जल योजना का शुभारंभ कर रहा था। छह हजार करोड़ की इस योजना में उत्तर प्रदेश समेत देश के सात राज्यों में भूजल के स्तर को सुधारने के लिए काम किया जाएगा। इसके साथ ही आज हिमाचल को लद्दाख से जोड़ने वाली रोहतांग सुरंग का नाम अटल टनल के नाम पर किया गया है। यह भी संयोग है कि आज सुशासन दिवस के रूप में जब मना रहे हैं तब यूपी का शासन जिस भवन से चलता है वहां अटल जी की प्रतिमा का अनावरण किया गया है। उनकी यह भव्य प्रतिमा लोक भवन में कार्य करने वाले लोगों को सुशासन की, लोक सेवा की निरंतर प्रेरणा देती रहेगी।'

'अब लखनऊ को संवार रहे हैं राजनाथ सिंह'

प्रधानमंत्री ने कहा, 'इसके अलावा अटल मेडिकल यूनिवर्सिटी का शिलान्यास किया गया है, जो लखनऊ वर्षों तक अटल जी की कर्मभूमि रहा, संसदीय सीट रहा, वहां शिक्षा से जुड़े, स्वास्थ्य से जुड़े संस्थान का शिलान्यास करना, जिसको भी यह अवसर मिलेगा, उसे अपना सौभाग्य मानेगा। जब अटल जी यहां से सांसद थे तो उन्होंने यहां विकास की अनेक परियोजनाओं पर काम शुरू कराया था। रिंग रोड का काम हो, पुराने लखनऊ के ड्रेनेज सिस्टम का काम हो, बायोटेक पार्क हो, लखनऊ को नई पहचान देने वाले सैकड़ों काम अटल जी ने किए थे। अब सांसद के तौर पर राजनाथ सिंह जी इस विरासत को संभाल रहे हैं और संवार भी रहे हैं।'

'योगी सरकार की तरीफ'

मोदी ने कहा, 'अटल जी कहते थे कि जीवन को टुकड़ों में नहीं देखा जा सकता है। उसको समग्रता में देखना, यह बात सरकार के लिए भी उतनी ही सत्य है और गुड गवर्नेंस के लिए भी यही उपयुक्त मानदंड है। सुशासन भी तभी तक संभव नहीं है जब तक हम समस्याओं को संपूर्णता में, समग्रता में न सोचेंगे, न उसे सुलझाने का प्रयास करेंगे। मुझे संतोष है कि योगी जी की सरकार भी समग्रता की इस सोच को साकार करने का भरसक प्रयास कर रही है। अटल मेडिकल यूनिवर्सिटी इसी सोच को परिलक्षित करती है।'

खरोरा नगर में भाजपा की बड़ी जीत

खरोरा। पूर्व विधायक देवजी भाई पटेल ,श्री मति चंद्र कांति वर्मा भाजपा प्रदेश मंत्री ,जिलाध्यक्ष गुलाब टिकरिया , भाजपा मंडल अध्यक्ष नरेंद्र सिंह ठाकुर ,उपाध्यक्ष नवीन अग्रवाल, सूरज सोनी जिला मंत्री भाजपा रायपुर ग्रामीणएवं समस्त कार्यकारणी की मेहनत ने की भाजपा की खरोरा में काया पलट । खरोरा नगर में भाजपा की इतनी विसाल जीत कभी नही हुई इसका श्रेय सभी कार्यकरणी ,पार्षद प्रत्यशियों एवं विशेषकर नरेंद्र सिंह ठाकुर को दी गई जिनके अध्यक्ष बनने के बाद ही भाजपा नगर में जीत का परचम लहरा पाई ।

इस अवसर पर भाजपा के मंडल अध्यक्ष नरेंद्र सिंह ठाकुर ने कहा कि हम नगर वासियों का दिल से हार्दिक धन्यवाद ज्ञापित

करते हैं कि उन्होंने खरोरा नगर पंचायत के विकास के लिए भारतीय जनता पार्टी पर अपना विश्वास व्यक्त किया है, नगर के विकास के लिए हम पूरी कोशिश करेंगे । नगर को नई बुलंदियों पर लेके जाएंगे । खरोरा बाकी जगहों की अपेक्षा विकाष में बहुत पीछे रहा है अब उसे हर छेत्र में आगे लाएंगे ।

खरोरा नगर की जनता का जनादेश कांग्रेश के खिलाफ कांग्रेसी शासन काल में केवल वादे ही किए जा रहे हैं, विकास पूरी तरह रुक चुका है, वर्तमान कांग्रेस की सरकार हार का प्रत्यक्ष प्रमाण है. वहीं सभी नए नवनिर्वाचित पार्षदों द्वारा सभी जनता को धन्यवाद कहा गया जिन्होंने उन्हें विजयी बनाया व कहा कि हम नगर के विकास के लिए हर संभव प्रयास करेंगे. खरोरा में एक नया इतिहास गढ़ेंगे विकाष की गंगा बहेगी खरोरा नगर में ।

प्रत्याशी ने विजयी जुलूस निकाल जताया आभार

पाण्डातराई। नगर पंचायत चुनाव के परिणाम घोषित होने के बाद अब वार्ड के अंदर विजयी जुलुस निकलने प्रारंभ हो गये है। बुधवार को वार्ड क्र. 11 के कांग्रेस विजयी प्रत्याषी जसवीर सीटू सलुजा ने विजय जुलुस निकाल कर वार्ड के मतदाताओं को आभार व्यक्त किया और खुषियां जाहिर की इस तरह अब नगर में जष्न का दौर षुरू हो गया है जो आने वाले दो तीन दिनों तक जारी रहेगी। कांग्रेस की बहुमत से जीत होने पर कांग्रेसियों में हर्ष का माहौल बना हुआ है। नगर पंचायत अध्यक्ष के प्रबल दावेदार जसवीर सीटू सलुजा ने जीत की बधाई देते हुए कहा कि पाण्डातराई की जनता ने यह साबित कर दिया है कि प्रदेष की कांग्रेस सरकार अच्छा काम कर रही है और जनादेष जनता के आषीर्वाद को हम चरण वंदन करते हुए पाण्डातराई के विकास के लिए कोई भी कसर नही छोड़ेगे जनता के बीच उनके मार्ग दर्षन में हम हर कार्य को अंजाम देंगे। वार्डो का विकास करायेंगे साथ ही साथ चुनाव के पहले जो बात जनता के सामने रखे है कि पाण्डातराई का सर्वागी विकास करेंगे।

वार्ड 10 मे जीता निर्दलीय

पाण्डातराईः 15 वार्डो वाली पाण्डातराई नगर पंचायत में इस बार कांग्रेस का कब्जा रहा है कांग्रेस को 9 सीटे तो भाजपा को 4 सीटे ही मिल पायी है वही 10 नं. वार्ड से निर्दलीय प्रत्याषी प्रदीप जायसवाल की जीत हुई है कट्टर कांग्रेसी होने के बाद उनको टिकिट नही दिये जाने से नाराज हो कर निर्दलीय चुनाव लड़ने का फैसला किया जो सही साबित हुआ लोगों ने उन पर भरोषा जताया। मंगलवार को गणना के दौरान वार्ड नं. 10 पर सभी की नजरे बनी रही।

पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी को भाजपाईयों ने दी श्रद्धांजलि

कवर्धा। देश आज पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न अटल बिहारी वाजपेयी की 95 वीं जयंती मना रहा है। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी कार्यालय कवर्धा में सदैव अटल संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश महामंत्री व राजनांदगांव सांसद संतोष पाण्डेय, भाजपा जिलाध्यक्ष अनिल सिंह सहित कई नेताओं ने अपने विचार रखे । कार्यक्रम के पश्चात् भाजपा पदाधिकारियों ने नगर के वृद्धा आश्रम और जिला चिकित्सालय में फल और बिस्किट का वितरण भी किया ।

संगोष्ठी में भाजपा प्रदेश महामंत्री व सांसद संतोष पाण्डेय ने अटल जी को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के तौर पर नरेन्द्र मोदी आज अटल बिहारी वाजपेयी की विरासत को संभाल रहे हैं । सुशासन जबतक संभव नहीं है, जबतक समस्याओं को सुलझाने का प्रयास करेंगे । मोदी की सरकार समग्रता की सोच को साकार करने का प्रयास कर रही है । उन्होंने कहा कि जवाहर लाल नेहरू ने भी काफी वक्त पहले भविष्यवाणी कर दी थी कि अटल बिहारी वाजपेयी इस देश के पीएम बनेंगे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा बंसल स्कूल कैम्पस, अशोक विहार कॉलोनी, पण्डरी से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित,
फोन व फैक्स : 0771-4035602, RNI NO.CHHHIN/2012/41806/ डाक पंजीयन क्रमांक सी.जी./आर.वाई.पी. डीएन/40/2019-2021

मुकाबला सॉन्ग के लिए वरुण धवन ने की थी रिक्वेस्ट

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेता वरुण धवन ने अपनी आने वाली फिल्म 'स्ट्रीट डांसर 3' में मुकाबला सांग में हिस्सा बनने के लिये प्रभुदेवा से रिक्वेस्ट की थी। रेमो डिसूजा की फिल्म 'स्ट्रीट डांसर 3 डी' अगले महीने रिलीज होने जा रही है। ट्रेलर आने के बाद लोग फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। हाल ही में फिल्म का नया सॉन्ग 'मुकाबला' रिलीज हो गया है। यह गाना प्रभुदेवा की फिल्म 'हमसे है मुकाबला' के सुपरहिट सॉन्ग 'मुकाबला' का रीक्रिएशन है। गाने को बहुत अच्छा रेस्पांस मिल रहा है। रेमो डिसूजा ने फिल्म के सॉन्ग 'मुकाबला' के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि श्रद्धा कपूर इस गाने का पार्ट बनने वाली थीं लेकिन वरुण धवन इसमें गानें में काम करना चाहते थे। वह इस पॉप्युलर सॉन्ग पर डांस के मौके से चूकना नहीं चाहते थे। रेमो डिसूजा ने बताया कि वरुण धवन की रिक्वेस्ट पर उन्हें

वरुण की फिल्म से टकराव, कंगना खुश

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत अपनी फिल्म पंगा के वरूण धवन की फिल्म स्ट्रीट डांसर 3डी के साथ होने वाले टकराव के बावजूद खुश है। कंगना रनौत और वरूण धवन की फिल्में 24 जनवरी को प्रदर्शित हो रही है। कंगना फिल्म 'पंगा' के वरुण धवन की फिल्म 'स्ट्रीट डांसर 3डी' के साथ टकराव पर बिल्कुल परेशान नहीं है बल्कि वे इस बात पर खुश हैं। कंगना रनौत ने कहा , ईमानदारी से कहूं तो मैं काफी खुश हूं कि दोनों फिल्में अलग-अलग जॉनर की हैं। कई बार ऐसा होता है कि दो फिल्मों की कहानियां भले ही अलग हो लेकिन इन फिल्मों की टारगेट ऑडियन्स एक ही होती है लेकिन हमारे साथ ऐसा

45 वर्ष की हुई नगमा

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड और भोजपुरी फिल्मों की जानीमानीं अभिनेत्री नगमा बुधवार को 45 वर्ष की हो गयी। 25 दिसंबर 1974 को मुंबई में जन्मी नंदिता मोरारजी उर्फनगमा ने अपने करियर की शुरूआत वर्ष 1990 में प्रदर्शित फिल्म 'बागी' से की। इस फिल्म में नगमा के साथ सलमान खान थे। फिल्म हालांकि टिकट खिड़की पर कोई खास कमाल नही दिखा सकी लेकिन फिल्म का गीत-संगीत अवश्य पसंद किया गया। वर्ष 1992 में नगमा को फिरोज खान के बैनर तले बनी फिल्म 'यलगार' में संजय दत्त के अपोजिट काम करने का अवसर मिला लेकिन दुर्भाग्य से यह फिल्म भी टिकट खिड़की पर कोई कमाल नही दिखा सकी। वर्ष 1994 में प्रदर्शित फिल्म 'सुहाग' नगमा के करियर के लिये पहली हिट फिल्म साबित हुयी। इस फिल्म में उनकी जोड़ी अक्षय कुमार के साथ काफी पसंद की गयी। इन सबके बीच नगमा ने हिंदी के अलावा भोजपुरी. तमिल.तेलुगु. मलयालम.कन्नड़.मराठी और पंजाबी भाषा की फिल्मों में काम किया है। नगमा 2007 के बाद फिल्म इंडस्ट्री को अलविदा कहकर समाज सेवा के लिये राजनीति में सक्रिय हो गयी थी। नगमा एक बार फिर से अभिनय की दुनिया में कम बैक करना चाहती हैं।

QUIZ TIME

1) प्याज में खाने योग्य फूला हुआ अंश कौन सा होता है?

(क) मूल (ख) पर्णाधार (ग) पोरी

2) फैजाबाद में 1857 के विद्रोह का नेतृत्व किसने किया था? (अहमदुल्ला / बख्त खान)

3) क्रिकेट के बैट बनाने के लिए किस लकड़ी का प्रयोग किया जाता है?

4) राज्यपाल द्वारा राज्य की विधानसभा में एंग्लो-इंडियन समुदाय से कितने सदस्य / सदस्यों को नामित किया जा सकता है?

(क) 1 (ख) 2 (ग) 3 (घ) 4

5) अमेरिकन कंपनी का नाम बतायें जिसका 1971 में स्थापना किया गया था?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) पर्णाधार (2) अहमदुल्ला (3) सैलिक्स प्यूरपुरिया (4) 1 (5) स्टारबक्स कॉर्पोरेशन

सलमान खान को खास मानते अक्षय

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड के खिलाड़ी अक्षय कुमार दबंग स्टार सलमान खान को खास मानते हैं। सलमान खान और अक्षय कुमार की फिल्में अगले साल ईद के अवसर पर प्रदर्शित होगी। इसका मतलब यह बिल्कुल नहीं है कि दोनों स्टार्स के बीच कड़वाहट आ गई है। अक्षय का तो कहना है कि सलमान उनके लिए काफी खास हैं। अक्षय कुमार से जब पूछा गया कि क्या 'मुझसे शादी करोगी 2' बनेगी? और फैन्स उसे इंजॉय करेंगे? इस पर जवाब देते हुए अक्षय ने कहा, 'हां क्यों नहीं? यदि ऐसा होता है तो मुझे फिल्म को करने में खुशी होगी। मुझसे शादी करोगी 2 अच्छा आइडिया है, साजिद नाडियावाला को यह बनाना चाहिए। सलमान और मैं ,हम दोनों को ही इसमें काम करने में मजा आएगा।' 'सलमान खान को मैंने हमेशा पसंद किया है, उनके लिए मेरे मन में सॉफ्ट कॉर्नर है।



अक्षय-आयुष्मान की बॉक्स ऑफिस में धूम

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड में वर्ष 2019 में प्रदर्शित फिल्मों में खिलाड़ी कुमार अक्षय कुमार और आयुष्मान खुराना का जलवा दर्शकों के सिर चढ़कर बोला और उनकी फिल्मों ने सफलता के नये कीर्तिमान स्थापित किये। वर्ष 2019 में अक्षय की फिल्म 'केसरी' ,'मिशन मंगल' और 'हाउसफुल 4' जैसी सुपरहिट फिल्में प्रदर्शित हुयी और तीनों ही फिल्म 200 करोड़ से अधिक का कारोबार करने में सफल रही थी। अक्षय के साथ ही आयुष्मान खुराना की फिल्में भी बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट साबित हुयी।बड़े बजट में बनी फिल्मों में 'वॉर' ,'भारत' ,'गली बॉय' ,'टोटल धमाल', 'दे दे प्यार दे' ,'कबीर सिंह','सुपर 30,''बाटला हाउस', 'साहो' जैसी फिल्में भी सफल रही।

रेडिको खेतान के कौशल विकास कार्यक्रमों से 500 युवाओं को मिला रोजगार

देश की प्रमुख डिस्टिलरी रेडिको खेतान लिमिटेड के विभिन्न कौशल विकास कार्यक्रमों के माध्यम से 500 से अधिक युवाओं को रोजगार मिला और युवतियां स्वरोजगार के लिए अग्रसर हुयी हैं।

नई दिल्ली (वार्ता)। कंपनी के अध्यक्ष डॉ ललित खेतान ने यहां कहा कि एक जिम्मेदार कॉरपोरेट के तौर पर रेडिको खेतान समाज की बेहतरी तथा समाज के भले के लिए युवाओं का कौशल विकास करने, उन्हें रोजगार के अनुकूल बनाने, खेलों को बढ़ावा देने तथा खेलों में युवाओं की सहभागिता बढ़ाने, सांस्कृतिक प्रोत्साहन देने जैसी विभिन्न गतिविधियां संचालित करती है। इनके अतिरिक्त, कंपनी महिला सशक्तीकरण, इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट, शैक्षणिक सहयोग एवं अकादमिक श्रेष्ठता, स्वास्थ्य एवं चिकित्सा में प्रतिभाओं को सम्मानित करने जैसे कार्यों में भी

सक्रिय है और अपनी सेवाओं को विविधिकृत किया है। उन्होंने कहा कि सीएसआर गतिविधियों के तहत उत्तर प्रदेश के रामपुर में स्कूल

उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण में हिस्सा लेने वाले सभी लड़कों को निशुल्क ड्रेस, जूते एवं लिटरेचर किट दिए जाते हैं। अब तक प्रशिक्षित 500 से ज्यादा लड़कों एवं लड़कियों को रोजगार मिल चुका है। 150 से ज्यादा लड़कियों ने उन्हें मिले उपकरणों की मदद से स्वरोजगार को अपनाया है।

प्रयोगशालाओं में पर्याप्त व्यवस्था नहीं होने के कारण प्रायोगिक ज्ञान में पीछे रह जाने वाले 10वीं और 12वीं के छात्रों का प्रायोगिक ज्ञान निखारने के लिए इंटर कॉलेजों को अपनी प्रयोगशालाएं समृद्ध करने में मदद की गयी है। उन्होंने बताया कि रेडिको खेतान ने देश में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में पुनर्वास के लिए 51 लाख की वित्तीय मदद दी है। इसके अतिरिक्त रुद्रपुर में 11 ऐसी लड़कियों को गोद लिया गया है, जिनके माता-पिता कुष्ठ से पीड़ित हैं। कंपनी उनकी शिक्षा, भोजन, स्वास्थ्य एवं रहन-सहन के लिए वित्तीय सहायता दे रही है। डॉ खेतान ने बताया कि कौशल विकास, रोजगार के अवसर और महिला सशक्तीकरण कार्यक्रम के तहत रोजगार के अवसर पैदा करने के लिए लड़कों एवं लड़कियों के लिए निशुल्क प्रशिक्षण सत्रों का आयोजन किया जाता है। लड़कियों के लिए कढ़ाई, सिलाई, ब्यूटीशियन जैसे पाठ्यक्रम और लड़कों के लिए रिटेल मैनेजमेंट, कंप्यूटर कोर्स, सेक्योरिटी, फायर एंड सेफ्टी गार्ड जैसे पाठ्यक्रम शामिल है। प्रशिक्षण में शामिल सभी लड़कियों को निशुल्क सिलाई मशीन एवं ब्यूटीशियन किट दिए जाते हैं। उन्होंने बताया कि किरण देवी खेतान मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट अकादमिक एक्सीलेंस पुरस्कार वितरित करता और प्रतिभावन छात्रों को इसके तहत पुरस्कृत किया जाता है।

5 के बजाय 2 जीएसटी स्लैब्स रखने की सिफारिश

सरकार इनवर्टेड ड्यूटी स्ट्रक्चर से जुड़ी विसंगतियां दूर करने पर भी गौर कर सकती है रेवेन्यू बढ़ाने के सुझाव देने के लिए बनाई गई समिति ने कुछ वस्तुओं को 18% से वापस 28% के स्लैब में डालने की सलाह भी दी।

नई दिल्ली। सरकार गुड्स ऐंड सर्विसेज टैक्स के पांच स्लैब्स को मिलाकर दो स्लैब बनाने पर विचार कर सकती है। साथ ही, वह इनवर्टेड ड्यूटी स्ट्रक्चर से जुड़ी विसंगतियां दूर करने पर भी गौर कर सकती है ताकि इस सिस्टम को आसान बनाया जा सके और कलेक्शंस में गिरावट से निपटा जा सके। मामले से वाकिफ लोगों ने बताया कि केंद्र और राज्यों के अधिकारियों की एक कमिटी ने GST रेवेन्यू बढ़ाने के बारे में ये सुझाव दिए हैं। मौजूदा वित्त वर्ष के दौरान GST कलेक्शंस में 63,200 करोड़ रुपये की कमी रह सकती है और वित्त वर्ष 2021 तक इसमें दो लाख करोड़ रुपये की कमी दर्ज की जा सकती है। कमिटी ने 10% और 20% के दो स्लैब्स का सुझाव दिया।

होंडा के बीएस6 वाहनों की बिक्री बढ़ी

नई दिल्ली (वार्ता)। दोपहिया वाहन बनाने वाली देश की दूसरी बड़ी कंपनी होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया के बीएस 6 दोपहिया वाहनों की बिक्री 60 हजार वाहनों के पार पहुंच गयी है। कंपनी ने मंगलवार को यहां जारी बयान में कहा कि उसके तीन प्रमुख बीएस 6 वाहनों नयी एक्टिवा 125बीएस और नयी मोटरसाइकिल एसपी 125 की बिक्री 60 हजार के पार पहुंच गयी है। उसने कहा कि अब ग्राहक बीएस 6 दोपहिया वाहनों की ओर आकर्षित होने लगे हैं और पूरे देश में इसकी मांग आने लगी है।

सेंसेक्स 45 हजार अंक और निफ्टी 13400 अंक के पार

कंपनी कर में कटौती किये जाने से मुनाफे में बढोतरी होने के मद्देनजर अगले वर्ष भी शेयर बाजार में लिवाली बने रहने की संभावना है और इसके बल पर बीएसई के 30 शेयरों वाले संवेदी सूचकांक सेंसेक्स के बढ़कर 45500 अंक पर और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के निफ्टी के 13400 अंकों पर पहुंचने का अनुमान है।

अगले तीन वर्षों के दौरान निफ्टी 50 की आय 18 प्रतिशत वार्षिक से बढ़ सकती है जो कि बीते तीन वर्षों में 8 प्रतिशत से बढ़ी है। रिपोर्ट में अगले वर्ष निफ्टी के 13,400 अंक पर तथा सेंसेक्स के 45,500 अंकों तक पहुंचने का अनुमान जताया गया है।

नई दिल्ली (वार्ता)। बाजार अध्ययन और ब्रोकिंग सेवा प्रदान करने वाली कंपनी कोटक सिक्युरिटीज की एक रिपोर्ट के अनुसार चालू वर्ष में नवंबर महीने तक शेयर बाजार ने दो अंकों का रिटर्न दिया है और कंपनी कर में कमी किये जाने से कंपनियों के लाभ में बढोतरी होने से अगले वर्ष लिवाली के जोर से बीएसई का सेंसेक्स 45500 अंक पर और एनएसई का निफ्टी 13400 अंक पर पहुंच सकता है। बीते साल निफ्टी ने द्विअंकीय रिटर्न दिया जिसमें असल योगदान केवल कुछ ही कंपनियों का था। जबकि व्यापक स्तर पर बाजार अभी भी दबाव में है। मिडकैप और स्मॉलकैप दोनों ही सूचकांक इस कैलेंडर वर्ष में नकारात्मक रिटर्न दे रहे हैं। रिपोर्ट के अनुसार अर्थव्यवस्था में जो कुछ दिख रहा है उससे अलग मार्केट का मूड ज्यादा सकारात्मक है। ऐसा इसलिए हो रहा है क्योंकि कॉर्पोरेट टैक्स में कमी होने से कंपनियों की आमदनी में सुधार हुआ है तथा साथ ही एफपीआई और एसआईपी का प्रवाह भी मजबूत हुआ है। चालू वर्ष में अब तक एफपीआई एवं घरेलू संस्थागत निवेशक इक्विटी में 20 अरब डॉलर से अधिक का निवेश कर चुके हैं। म्यूचुअल फंड में औसत मासिक एसआईपी का प्रवाह 8230 करोड़ रुपये रहा है जिससे बाजार को बढ़ावा मिला है। रिपोर्ट में कहा गया है कि सार्वजनिक उपक्रमों का निजीकरण वर्ष 2020 में एक बड़ा मुद्दा बन सकता है। बीपीसीएल, कॉनकॉर तथा शिपिंग कॉर्पोरेशन की रणनीतिक बिक्री सरकार को 800 अरब रुपए से अधिक की राशि दे सकती है और इससे अन्य बड़े विनिवेश के लिए जमीन तैयार हो जाएगी। यदि सरकार को सभी गैर-रणनीतिक सूचीबद्ध सार्वजनिक उपक्रमों (जिनमें बैंक/वित्तीय उपक्रम शामिल नहीं होंगे) का निजीकरण करना है तथा पांच रणनीतिक सार्वजनिक उपक्रमों (यानी ओएनजीसी, कोल इंडिया, आईओसी, बीईएल तथा हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स) में 51 प्रतिशत अपने पास रखना है तो अगले कुछ वर्षों में इनसे पांच लाख करोड़ से अधिक की राशि प्राप्त हो सकती है। इसमें कहा गया है कि इस साल का लो बेस इफैक्ट भी कंपनियों को मदद दे सकता है कि वे वित्त वर्ष 2021 में अच्छा राजस्व तथा ऑपरेटिंग लाभ में वृद्धि दर्ज कर सकें। निफ्टी 50 में शामिल कंपनियों की आय चालू वित्त वर्ष में 10 प्रतिशत तथा अगले वित्त वर्ष में 21 में 27 प्रतिशत बढ़ने का अनुमान है।

राज्य स्तरीय होगा जीएसटी शिकायतों का निपटारा

वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) से जुड़ी शिकायतों के निपटारे के लिए जोनल / राज्य स्तरीय समिति समिति बनायी जा रही है जिसमें राज्य और केन्द्र सरकार के पदाधिकारियों के साथ उद्योग, व्यापार और कर सलाहकार शामिल होंगे।

नई दिल्ली (वार्ता)। जीएसटी परिषद की गत 18 दिसंबर को हुयी 38वीं बैठक में लिये गये निर्णय के आधार पर इस संबंध में केन्द्रीय कर एवं जीएसटी से जुड़े सभी प्रमुख मुख्य आयुक्त , सभी राज्यों के मुख्य आयुक्तों एवं आयुक्तों को पत्र भेजकर शिकायत निपटारा समिति बनाने के लिए कहा गया है। इसमें कहा गया है कि जीएसटी के तहत सभी करदाताओं की इससे जुड़ी शिकायतों के निपटारे के लिए तंत्र बनायी जानी चाहिए। इसके लिए जीएसटी परिषद ने जोनल/ राज्य स्तर पर शिकायत निपटारा समिति बनाने का अनुमोदन किया है जिसमें केन्द्र और राज्य के अधिकारियों के साथ ही उद्योग और व्यापार से जुड़े प्रतिनिधि और जीएसटी हितधारक शामिल होंगे। जोनल प्रमुख मुख्य आयुक्त या मुख्य आयुक्त केन्द्रीय कर इस समिति के सह अध्यक्ष होंगे। राज्य कर के मुख्य आयुक्त या आयुक्त भी सह अध्यक्ष होंगे। विभिन्न ट्रेड एसोसियेशन के अधिक 12 प्रतिनिधि होंगे। चार्टर्ड अंकाउटें, कर अधिवक्ता, कर पेशेवर जैसे कर के जानकारों के प्रमुख संघों के अधिकतम चार सदस्य होंगे। इसमें आईटीजीआरसी के केन्द्रीय कर और राज्य कर के नोडल अधिकारी भी शामिल होंगे। राज्य या जोनल स्तर पर जीएसटीएन से जुड़े प्रतिनिधि, सह अध्यक्ष की अनुमति से कोई अन्य सदस्य आदि इस समिति में होंगे।

विलय सौदों में पूरे साल रही सुस्ती

नई दिल्ली। भारतीय कारोबारी जगत पर 2019 के दौरान कर्ज उतारने के भारी दबाव के बीच विलय एवं अधिग्रहण सौदों में सुस्ती रही। इस दौरान वैश्विक व्यापार युद्ध के वातावरण में विदेशी कंपनियों ने भारत में अधिग्रहण की योजनाओं से हाथ खींचे रखा। विशेषज्ञों को उम्मीद है कि यदि आर्थिक सुधारों ने असर दिखाना शुरू किया तो विलय एवं अधिग्रहण गतिविधियों में नए साल से तेजी आ सकती है। कंपनी संचालन में खामियों और धन की भारी कमी की वजह से भी 2019 में घरेलू अधिग्रहण गतिविधियां प्रभावित हुईं जबकि अमेरिका - चीन व्यापार युद्ध से उपजी अनिश्चितताओं समेत अन्य विभिन्न कारकों से वैश्विक स्तर पर भी सौदे प्रभाविए हुए।

एयर इंडिया के पायलटों की मांग

नोटिस पीरियड खत्म कर बकाया दे

कर्मचारियों ने एविएशन मंत्री हरदीप पुरी से कहा कि सैलरी के भुगतान में देरी की वजह से वे अपनी ईएमआई नहीं चुका पा रहे हैं। उनका कहना है कि खासतौर से फ्लाइंग अलाउंस मिलने में देरी से उनको काफी नुकसान हो रहा है क्योंकि यह सैलरी का 70 फीसदी हिस्सा होता है।

नई दिल्ली। एयर इंडिया के अस्तित्व पर बड़े सवालिया निशान को देखते हुए एयरलाइन के पायलटों ने सरकार से नोटिस पीरियड खत्म करने की मांग की है। कर्मचारियों का कहना है कि जॉब छोड़ने के लिए उनके नोटिस पीरियड सर्व करने की जरूरत को खत्म किया जाए और उनका बकाया चुकाया जाए। कर्मचारियों ने एविएशन मंत्री हरदीप पुरी से कहा कि सैलरी के भुगतान में देरी की वजह से वे अपनी श्वस्ढ्ढ नहीं चुका पा रहे हैं। उनका कहना है कि खासतौर से फ्लाइंग अलाउंस मिलने में देरी से उनको काफी नुकसान हो रहा है क्योंकि यह सैलरी का 70 फीसदी हिस्सा होता है।

ग्राम पंचायत करहीभदर से सरपंच कौन बनेगा होने लगी चर्चा

गांव के विकास के लिए कई प्रबल दावेदारों की नामों पर पंचायत में कयास

नवप्रदेश संवाददाता

बालोद। त्रिस्तरीय चुनाव की घोषणा होते पंचायत स्तर में सरपंच प्रत्याशी पूरी तरह सक्रिय हो गए हैं। कई सरपंच दोबारा सरपंच बनने लालायित हो रहे है तो कई पंचायतों के सरपँचो ने अपनी छवि खराब कर दी है और तो और भ्रष्टाचार की पराकाष्ठा को भी पार कर दिया हैं।

लेकिन अब गांव की जनता पूरी तरह जागरूक हो चुकी हैं। अब न पैसों से न ही शराब से और न ही किसी भी प्रलोभन के झांसे में जनता आने वाली हैं। इसका जीता जनता उदाहरण निकाय के परिणामों में देखने मिला, कि किस तरह जनता ने भाजपा, कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशियों को हराकर निर्दलीय प्रत्याशी को जीताया हैं। यहां यह कहना लाजिमी हैं कि स्थानीय चुनाव तो व्यवहारिकता के दम पर ही जीता जाता हैं। हमेशा सुर्खियों में रहने वाला बालोद विकासखण्ड का ग्राम पंचायत करहीभदर का चुनाव इस बार फिर सुर्खियों में हैं। गांवों के विकास के लिए कई गलियों में सीमेंटीकरण सड़क, नाली निर्माण, बाजारों में पक्के शेड, मवेशी बाजार में मवेशियों के लिए कोटना, काम्प्लेक्स सहित कई विकास कार्य किए गए है। ग्राम करहीभदर की पूर्व सरपंच ने कायाकल्प बदलने में अपना योगदान दिया है। अब इस चुनाव में देखना होगा कि पूर्व सरपंच व अन्य प्रतिनिधियों में से जनता किस पर मुहर लगाती है। 2015 के चुनाव में सरपंच पद के लिए कुल 4 प्रत्याशी मैदान में थे। लेकिन 2 प्रत्याशी गणेश साहू व रजऊ राम भुआर्य ने अपना नाम वापस लेते हुए ओंकार साहू को समर्थन देते हुए सहयोग किया। जिसकी वजह से कमला देवी माहेश्वरी व ओंकार साहू दोनो के ही बीच कांटे की टक्कर रही थी।

पूर्व सरपंच के कार्यों पर पंचायत में हो रही चर्चा

ग्रामीणों की माने तो 2011 से 2015 तक पूर्व सरपंच के कार्यकाल में जो विकास कार्य किये गए हैं। उनके आधार पर पंचायत में उनके नाम की चर्चा हो रही है। कहा जा रहा है कि पूर्व सरपंच ने अपने कार्यकाल के दौरान विकास से पंचायत में विभिन्न कार्य कराए है। इस बार गांव के बुद्धिजीवी ग्रामीणों के साथ एक बार फिर पूर्व सरपंच इस चुनाव में हाथ अजमाने की योजना बना रही है।

भाजपा मंडल ने मनाया पूर्व प्रधानमंत्री का जन्म दिवस

डौण्डी। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी का 95 वां जन्मदिन मंगलवार को ब्लॉक मुख्यालय डौण्डी में भाजपा मंडल अध्यक्ष मनीष झा के नेतृत्व में नव निर्वाचित पार्षद व कार्यकर्ताओं ने धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान स्थानीय रेस्ट हाउस में मण्डल भाजपा के कार्यकर्ताओं के द्वारा केक काटा गया और मिठाई का वितरण किया गया। मण्डल अध्यक्ष मनीष झा ने उनके कृतित्व व व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। इस दौरान नवनिर्वाचित पार्षद सोमेश सोरी व रूपेश नायक ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी ने नई भारत की नींव रखी। अटल बिहारी के आदर्शो एवं कार्यो को विस्तृत रूप से कार्यकर्ताओं एवं जनता के बीच रखा एवं उनके मार्गदर्शन पर चलने की अपील की व युवा मोर्चा अध्यक्ष अजय चौहान व दिनेश अग्रवाल ने बताया कि अटल बिहारी वाजपेयी जी ने स्वर्णिम चतुर्भूज सहित कई योजनाओं की शुरूआत की। पोखरण में परमाणु परीक्षण कर भारत को परमाणु संपन्न राष्ट्र घोषित किया। कार्यक्रम में रामनारायण धनकर , नीलेश जायसवाल, संजीव मानकर, मातरम दास कोसरे, चांदनी दीक्षित, रेखा चौहान, भगवत सोनी, सहित नगर के समस्त कार्यकर्ता उपस्थित थे।

चिखलाकसा में भाजपा का दबदबा

नवप्रदेश संवाददाता

दल्लीराजहरा। नगर पालिका परिषद दल्लीराजहरा एवं नगर पंचायत चिखलाकसा में हुए निकाय चुनाव का परिणाम में भाजपा का दबदबा रहा। दोनों ही निकायों में अभी तक भाजपा को इस प्रकार से समर्थन प्राप्त नहीं हुआ था। नगर पालिका दल्लीराजहरा के 27 वार्डों में हुए चुनाव में भाजपा के 13, कांग्रेस के 9, छगमुमो के 2 तथा निर्दलीय 3 प्रत्याशियों ने विजय प्राप्त की। वहीं नगर पंचायत चिखलाकसा के 15 वार्डों में 12 वार्डों से चुनावी मैदान में उतरे प्रत्याशियों में 9 भाजपा , 1 कांग्रेस तथा 2 निर्दलीय विजयी रहे। ज्ञात हो कि नगर पचांयत चिखलाकसा के वार्ड 1, 14 व 15 में किसी भी प्रत्याशी के खड़ा नहीं होने पर चुनाव नहीं किया गया।

दल्लीराजहरा के 27 वार्डों के परिणाम

वार्ड क्रमांक 1 से भाजपा की शिवांगी ध्रुव 395 ने वोट हासिल कर कांग्रेस की विद्या रावटे को 45 वोट से हराया। विद्या रावटे ने 351 वोट प्राप्त किया।

वार्ड क्रमांक 2 से भाजपा ममता नेताम 356 वोट वोट प्राप्त तथा कर निर्दलीय अरूणा 37 वोट से हराया। अरूणा ने 293 वोट प्राप्त किया।

वार्ड क्रमांक 3 से भाजपा सोनी मनोज दुबे ने 439 वोट प्राप्त कर कांग्रेस की लक्ष्मी सिन्हा को 168 वोट से हराया। लक्ष्मी सिन्हा को 271 वोट मिला।

वार्ड क्रमांक 4 से भाजपा की परमिला पारकर ने 555 वोट प्राप्त कर कांग्रेस की पूजा ईश्वर राव को 155 मतों से हराया। पूजा ईश्वर राव को 400 वोट मिले।

वार्ड क्रमांक 5 से कांग्रेस के जनक लाल निषाद 446 वोट मिले निन्होंने भाजपा के शंकर लाल साहू को 159 वोट से हराया। शंकर लाल साहू को 287 वोट मिले।

वार्ड क्रमांक 6 से कांग्रेस के बृजमोहन सिंह नेताम ने 272 वोट प्राप्त कर भाजपा की परमेश्वरी को 144 मतों से हराया। परमेश्वरी को 158 वोट मिले।

वार्ड क्रमांक 7 से कांग्रेस के विजय लक्ष्मी कोडयया ने 279 वोट प्राप्त कर भाजपा की के संतोषिणी बेहरा को 123 मतों से हराया। संतोषिणी बेहरा को 156 वोट मिले।

वार्ड क्रमांक 8 से कांग्रेस के स्वप्निल तिवारी ने 409 वोट प्राप्त कर निर्दलीय गामन लाल सुकतेल को 297 मतों से हराया। गामन लाल सुकतेल को 122 वोट मिले।

वार्ड क्रमांक 9 से निर्दलीय श्रुति यादव ने 189 वोट प्राप्त कर कांग्रेस की नीतु जायसवाल को 6 मतों से हराया। नीतु जायसवाल को 183 वोट मिले।

वार्ड क्रमांक 10 से भाजपा के संतोष देवांगन ने 424 वोट प्राप्त कर कांग्रेस के रवि जायसवाल को 32 मतों से हराया। रवि जायसवाल को 392 वोट मिले।

वार्ड क्रमांक 11 से भाजपा के हेमंत कुमार गौतम ने 382 वोट प्राप्त कर कांग्रेस के चेतन लाल कुंजाम 257 मतों से हराया। चेतन लाल कुंजाम को 125 वोट मिले।

वार्ड क्रमांक 12 से छमुमो के यंगेश देवांगन ने 286 वोट प्राप्त कर कांग्रेस के पूर्व पार्षद नर्मदा सहारे 70 मतों से हराया। नर्मदा सहारे को 216 वोट मिले।

वार्ड क्रमांक 13 से निर्दलीय विजय सिंह ने 238 वोट प्राप्त कर निर्दलीय प्रत्याशी संजय कुमार सोनवारी को 11 मतों से हराया। संजय कुमार सोनवारी को 227 वोट मिले।

वार्ड क्रमांक 14 से निर्दलीय चंद्र प्रकाश चंदू ने 459 वोट प्राप्त कर कांग्रेस के योगेश यादव को 305 मतों से हराया। योगेश यादव को 154 वोट मिले।

वार्ड क्रमांक 15 से कांग्रेस की शीला भारद्वाज ने 463 वोट प्राप्त कर भाजपा के मिथिला माने को 116 मतों से हराया। मिथिला माने को 347 वोट मिले।

वार्ड क्रमांक 16 से भाजपा की सोहद्रा बोई ने 446 वोट प्राप्त कर कांग्रेस की मोनिका उइके को 226 मतों से हराया। मोनिका उइके को 220 वोट मिले।

वार्ड क्रमांक 17 से भाजपा के ताम्रध्वज सुधाकर ने 266 वोट प्राप्त कर कांग्रेस के रूकमणी किशोर को 59 मतों से हराया। रूकमणी किशोर को 307 वोट मिले।

वार्ड क्रमांक 18 से छमुमो के चंद्रप्रकाश बोरकर ने 389 वोट प्राप्त कर कांग्रेस के संजय मेश्राम को 37 मतों से हराया। संजय मेश्राम को 352 वोट मिले।

वार्ड क्रमांक 19 से भाजपा के मोइनुद्दीन राजा ने 392 वोट प्राप्त कर निर्दलीय श्याम जायसवाल को 36 मतों से हराया। श्याम जायसवाल को 356 वोट मिले।

वार्ड क्रमांक 20 से कांग्रेस के रोशन पटेल ने 777 वोट प्राप्त कर भाजपा की किरण सिन्हा को 429 मतों के विशाल अंतर से हराया। किरण सिन्हा को 378 वोट मिले।

वार्ड क्रमांक 21 से कांग्रेस के रूखसाना बेगम ने 393 वोट प्राप्त कर निर्दलीय सीमा बरेठिया को 171 मतों से हराया। सीमा बरेठिया को 222 वोट मिले।

वार्ड क्रमांक 22 से कांग्रेस के शीबु नायर ने 636 वोट प्राप्त कर भाजपा के सुरेश जायसवाल को 165 मतों से हराया। सुरेश जायसवाल को 471 वोट मिले।

वार्ड क्रमांक 23 से भाजपा की प्रतिमा नायक ने 317 वोट प्राप्त कर निर्दलीय मयूरी रमेश भगत को 69 मतों से हराया। मयूरी रमेश भगत को 248 वोट मिले।

वार्ड क्रमांक 24 से भाजपा के बॉबी छतवाल ने 468 वोट प्राप्त कर छमुमो के पूर्व पार्षद बबला खापर्डे को 123 मतों से हराया। बबला खापर्डे को 345 वोट मिले।

वार्ड क्रमांक 25 से भाजपा के राजेश काम्बले ने 428 वोट प्राप्त कर निर्दलीय मोनिशा तामगाडगे को 142 मतों से हराया। मोनिशा तामगाडगे को 286 वोट मिले।

वार्ड क्रमांक 26 से भाजपा की पूर्व पार्षद टी ज्योति ने 520 वोट प्राप्त कर पूर्व नपा अध्यक्ष काशीराम निषाद को 227 मतों के भारी अंतर से हराया। कांशी राम निषाद को 293 वोट मिले।

वार्ड क्रमांक 27 से कांग्रेस के पूर्व पार्षद सूरज कुमार ने 607 वोट प्राप्त कर भाजपा के रमेश गुजर को 397 मतों के भारी अंतर से हराया। रमेश गुजर को 210 वोट मिले।

वहीं नगर पंचायत चिखलाकसा के 15 वार्डों में 12 वार्डों से चुनावी मैदान में उतरे प्रत्याशियों में 9 भाजपा , 1 कांग्रेस तथा 2 निर्दलीय विजयी रहे। ज्ञात हो कि नगर पचांयत चिखलाकसा के वार्ड 1, 14 व 15 में किसी भी प्रत्याशी के खड़ा नहीं होने पर चुनाव नहीं किया गया।

चिखलाकसा के 15 वार्डों के परिणाम

- वार्ड क्रमांक 2 से भाजपा के संगीता साहू ने 135 वोट प्राप्त कर कांग्रेस के संतोष साहू को 6 मतों से हराया। संतोष साहू को 129 वोट मिले।
- वार्ड क्रमांक 3 से भाजपा के ताराचंद पाथोड़े ने 191 वोट प्राप्त कर कांग्रेस के ईश्वर लाल सोनवानी को 125 मतों से हराया। ईश्वर लाल सोनवानी को 66 वोट मिले।
- वार्ड क्रमांक 4 से भाजपा के शांति बाई रावटे ने 251 वोट प्राप्त कर कांग्रेस के भानुमति भंडारी को 170 मतों से हराया। भानुमति भंडारी को 81 वोट मिले।
- वार्ड क्रमांक 5 से भाजपा के तिहारू राम आर्य ने 115 वोट प्राप्त कर कांग्रेस के देवकी कोरेटी को 20 मतों से हराया। देवकी कोरेटी को 95 वोट मिले।
- वार्ड क्रमांक 6 से भाजपा की कुंती देवांगन ने 109 वोट प्राप्त कर कांग्रेस की यशोदा धोबी को 50 मतों से हराया। देवकी कोरेटी को 59 वोट मिले।
- वार्ड क्रमांक 7 से भाजपा की भीखी मसिया ने 193 वोट प्राप्त कर कांग्रेस की हेम कुंवर तारम को 47 मतों से हराया। हेम कुंवर तारम को 146 वोट मिले।
- वार्ड क्रमांक 8 से भाजपा के वेंकट राव ने 103 वोट प्राप्त कर कांग्रेस के संजोग कुमार यादव को 3 मतों से हराया। संजोग कुमार यादव को 100 वोट मिले।
- वार्ड क्रमांक 9 से कांग्रेस की नूतन दास ने 130 वोट प्राप्त कर निर्दलीय दिप्ती बोरकर को 104 मतों से हराया। दिप्ती बोरकर को 26 वोट मिले।
- वार्ड क्रमांक 10 से निर्दलीय सुनीत गुप्ता ने 96 वोट प्राप्त कर भाजपा की दीपिका विश्वकर्मा को 26 मतों से हराया। दीपिका विश्वकर्मा को 70 वोट मिले।
- वार्ड क्रमांक 11 से भाजपा के लीला डड़सेना ने 172 वोट प्राप्त कर कांग्रेस की शकुंतला यादव को 52 मतों से हराया। शकुंतला यादव को 120 वोट मिले।
- वार्ड क्रमांक 12 से भाजपा के अब्दुल इब्राहिम तौसिम ने 120 वोट प्राप्त कर निर्दलीय मिथलेश सिंग को 82 मतों से हराया। मिथलेश सिंग को 38 वोट मिले।
- वार्ड क्रमांक 13 से भाजपा की विमला जैन ने 180 वोट प्राप्त कर कांग्रेस की मेरी मैथ्यु को 144 मतों से हराया। मेरी मैथ्यु को 36 वोट मिले।
- वार्ड क्रमांक 22 से कांग्रेस के शीबु नायर जिन्होंने लगातार 4 बार से भाजपा के कब्जे वाले वार्ड में कांग्रेस का कब्जा जमाया। जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष शीबु नायर ने कहा कि नगर के विकास के लिए कांग्रेस का अध्यक्ष बनना चाहिए। जिसके लिए पूरा प्रयास किया जायेगा। 15 वर्षो से राज्य भाजपा की सरकार होने से नगर का समुचित विकास नहीं हो पाया है। जिसे पूरा करने के लिए नगर पालिका दल्लीराजहरा में कांग्रेस का अध्यक्ष बनना चाहिए।
- भाजपा मंडल अध्यक्ष महेश पांडे ने कहा कि पर्यवेक्षक के सामने पार्षद दल की बैठक बुलाकर हुए निर्णय को प्रदेश नेतृत्व को अवगत कराया जायेगा। प्रदेश नेतृत्व से प्राप्त हुए मार्गदर्शन पर अध्यक्ष पद हेतु आगे का फैसला किया जायेगा।

निकाय के बाद पंचायत चुनाव ने पकड़ा जोर

- तीन चरणों में होगा चुनाव, इस बार भी नहीं होगा नोटा

तिल्दा-नेवरा। नगर की बादशाहत चुनने के पश्चात पंच परमेश्वर की चुनावी शुगबुगाहट जोर पकड़ने लगी है ग्राम पंचायतों में आदर्श आचार संहिता लागू हो गयी है। ग्राम पंचायतों के मुखिया चुनने का तिथि भी राज्य निर्वाचन आयोग ने तय कर दी है राज्य निर्वाचन आयोग के अनुसार तिल्दा क्षेत्र के पंचायती राज का चुनाव तीसरे चरण में होना घोषित किया गया है। राज्य निर्वाचन आयोग के अनुसार तीसरे चरण का मतदान तीन फरवरी को होना है। जिनके लिए 30 दिसंबर से नामांकन भरी जावेगी नामांकन भरने की अंतिम तिथि 06 जनवरी को है 07 जनवरी को समीक्षा होगी 09 जनवरी तक नाम वापसी होगा एवं इसी दिन अभ्यर्थियों को प्रतिक चिन्ह आबंटित की जावेगी अंतिम सूची का प्रकाशन भी 9जनवरी को ही होगा राज्य निर्वाचन आयोग के अनुसार पंचायत चुनाव गैर दलिय आधार पर होगा मतपत्र में अभ्यर्थी का फोटो नहीं होगा साथ ही नोटा का कोई आप्शन नहीं होगा अभ्यर्थियों को साक्षर होना अनिवार्य है । राज्य निर्वाचन आयोग के द्वारा पंचायत क्षेत्र की चुनावी तिथि घोषित होने के पश्चात पंचायत क्षेत्रों में चहलकदमी शुरू हो चुका है दावेदारी करने वालो का अप्रत्यक्ष प्रचार प्रसार शुरू हो चुका है बेनर फ्लेक्स के सहारे चुनावी दंगल में कूदने का अहसास करा रहे हैं यहां पर यह भी देखा जा रहा है कि कुछ पुराने पंचायत जनप्रतिनिधियों के चेहरे पर मायूसी छायी हुयी है पंचायतो के आरक्षण के पश्चात आगामी पंचायत चुनाव में बाधा बनते आरक्षण पद्धति पंचायत क्षेत्र के कुछ वर्तमान जनप्रतिनिधियो के पैरों में मानो बेडियां बांध दी हो वे चाहकर भी दावेदारी नहीं कर सकते चुंकि आरक्षण के परिधी से बाहर होना दावेदारी पर बंदिशे लगा दी है।

आबकारी विभाग के अधिकारियों के निर्देश पर ही बिक रही है अधिक दर पर शराब

- नौकरी से निकालने की धमकी देकर बिकवाई जा रही अधिक दर पर

कसडोल ।आबकारी विभाग के अधिकारियों एवं प्लेसमेंट एजेंसी के अधिकारियों के मौखिक निर्देश एवं नौकरी से निकाल देने की धमकी देकर कस - डोल क्षेत्र के देशी विदेशी मदिरा दुकानों में अंकित मूल्य से अधिक दर पर बिक्वाई जा रही है शराब । अखबारों में बार बार समाचार प्रकाशित होने के बाद भी अंकुश नहीं लगने से विभाग के कार्यशैली पर उंगलियां उठ रही है।

कसडोल विकासखंड की देशी एवम अंग्रेजी मदिरा दुकानों में कई महीने से अधिकतम खुदरा मूल्य से अधिक दर पर मदिरा विक्रय की जा रही है । कई बार समाचार पत्रों में समाचार प्रकाशित किये जाने के बाद भी अधिक दर पर मदिरा विक्रय लगातार जारी है । आबकारी विभाग के अनुसार कार्यवाही के नाम पर मदिरा दुकान के कर्मचारियों को इस दुकान से दूसरी दुकान स्थान्तरित कर दिया जाता है या कुछ दिनों के लिए उन्हें कार्य से पृथक कर दिया जाता है । कसडोल विकासखंड में 07 मदिरा दुकाने है जिसमे कसडोल अंग्रेजी मदिरा दुकान , कटगी देशी एवम अंग्रेजी मदिरा दुकान , बलौदा अंग्रेजी मदिरा दुकान , बया देशी एवम अंग्रेजी मदिरा दुकान तथा ठकुर दिया देशी मदिरा दुकान है । बार बार अधिक दर में शराब बेचे जाने की खबर प्रकाशित होने के बाद भी अधिक दर पर मदिरा बेचे जाने पर अंकुश नहीं लगा तो संवाददाता द्वारा इसके पीछे की हकीकत का पता लगाने की कोशिश की गई तो पता चला कि अधिक दर पर मदिरा विक्रय के पीछे प्लेसमेंट एजेंसी एवम आबकारी विभाग के अधिकारियों का ही निर्देश है ।मदिरा दुकान के कर्मचारी इन्हीं निर्देशों का पालन कर अधिक दर पर शराब विक्रय कर रहे है । शराब दुकान के कर्मचारियों के अनुसार अधिक दर पर शराब बेचे जाने से जो अतिरिक्त आमदनी होती है उसमें का लगभग 30 % हिस्सा ही कर्मचारियों के पास रहता है। बाकी 70त्न हिस्सा अधिकारियों एवं प्लेसमेंट एजेंसी को चला जाता है।

सकलोर में सुआ नृत्य का अयोजन 5 जनवरी को

तिल्दा-नेवरा । हिरमी के निकट ग्राम पंचायत सकलोर में अर्पण रक्तदाता संघ एवं ग्रामवासियों के सहयोग से सुआ नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन आगामी 5 जनवरी दिन रविवार को किया गया है जिनमें अंचल के विभिन्न सुआ नृत्य मंडलियां शिरकत करेंगे आयोजित इस प्रतियोगिता में प्रतिभागी मंडलियों को योग्यता अनुसार पुरूस्कार से सम्मानित किया जावेगा प्रतिभागी टीम में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी टीम के प्रथम विजेता टीम को 10000 रुपए एवं शिल्ड ए पी वर्मा कंट्रक्शन (वेदप्रकाश वर्मा) के द्वारा पुरस्कृत किया जावेगा वहीं द्वितिय विजेता टीम को 5000 रूपए भागीरथी वर्मा (सकलोर सरपंच) व शिल्ड ए पी कंट्रक्शन , तृतीय विजेता टीम को 3000 रूपए केशव बीमार व शिल्ड ए पी कंट्रक्शन ,चतुर्थ विजेता टीम को 2000 रूपए समिति के द्वारा व शिल्ड ए पी कंट्रक्शन, पंचम विजेता टीम को 1000 रूपए व शील्ड सन्त वर्मा के द्वारा पुरस्कृत की जावेगी इसके अलावा आकर्षक पुरस्कारों में वेस्ट गायक को 501रूपये दुर्गेश वर्मा के द्वारा, वेस्ट वेशभूषा में 501 रुपए पुरुषोत्तम सिन्हा के द्वारा, वेस्ट वादक को 501 रूपए नरेंद्र साहू के द्वारा पुरस्कृत की जावेगी ।

समाज को क्रांति देने वाला शास्त्र है भागवत: किशोरी आराध्या शर्मा

- काल के भय से मुक्त कराने वाला ग्रंथ है भागवत

बिलाईगढ़। श्रीमद्भागवत स्वयं भगवान के मुख से निःसृत कलिकाल का पंचम वेद है । यह व्यक्ति को शांति एवं समाज को क्रांति देने वाला शास्त्र है, जो मानव जीवन में विशुद्ध प्रेम की स्थापना करते हुए मृत्यु को भी मंगलमय कर देता है और जीव को काल के भय से मुक्त कर देता है । श्रीमद्भागवत आध्यात्मिक वितरण की सार्वजनिक प्याऊ है, जिसमें ज्ञान वैराग्य और भक्ति का अनूठा संगम है । परम सत्य की अनुभूति कराते हुए नर को नारायण पद प्राप्त कराने का उत्तम सोपान है श्रीमद्भागवत । उक्त बातें ग्राम उरला (भिलाई) छत्तीसगढ़ से आई हुई कथा वाचिका सुश्री आराध्या शर्मा जी ने कही।

सुश्री आराध्या शर्मा जी ने श्रीमद्भागवत की महिमा का गुणगान करते हुई बताई कि जो तन के रोगों से पीड़ित हैं, मन के विकारों से ग्रसित हैं धन के भय से आक्रांत हैं ऐसे जीवो के लिए भागवत साक्षात कल्पवृक्ष है ।स्कंद पुराण में वर्णित है धनं पुत्रास्तथा दारान वाहनादि यथो गृहान। असापत्न्य च राज्य च दधाद भागवती कथा ।। अर्थात भागवत की कथा धन,पुत्र,स्त्री, वाहनादि,यश,मकान और निष्कण्टक राज्य भी दे सकती है किंतु निष्काम प्रेमियों के लिए कलयुग में साक्षात श्रीकृष्ण की प्राप्ति कराने वाला और नित्य प्रेमानंदरूप फल प्रदान करने वाला है।

निकाय चुनाव में भाजपा की बड़ी जीत, कांग्रेस 3 पर तो निर्दलियों ने 5 सीट पर मारी बाजी

बिलाईगढ़। अनुविभागीय मुख्यालय बिलाईगढ़ के नगर पंचायत बिलाईगढ़ में नगरीय निकाय चुनाव में कांग्रेस 3 सीट पर सिमट गई वहीं भाजपा 7 सीट एवं निर्दलीय प्रत्याशियों को 5 सीट पर विजय हासिल हुआ।

प्राप्त समाचार के अनुसार नगर पंचायत बिलाईगढ़ में सर्वाधिक 7 सीट पर भाजपा, 5 सीट पर निर्दलीय एवं सत्ताधारी कांग्रेस को मात्र 3 सीट पर संतुष्ट होना पड़ा । यहा वर्तमान में कांग्रेस का नगर अध्यक्ष एवं कांग्रेस का विधायक होने के बावजूद कांग्रेस का 3 सीट पर सिमट जाना क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है वहीं टिकट वितरण को भी गड़बड़ी एवम चूक कारण बताया जा रहा है। तथा बिलाईगढ़ में स्थानीय वार्ड प्रत्याशियों को ही विजय हासिल हुआ है अपने स्थानीय वार्ड से दूसरे वार्ड में चुनाव लड़ने वाले बाहरी प्रत्याशी विजय श्री से वंचित हो गए।नगर पंचायत चुनाव में वार्ड क्रमांक 1 से भाजपा अमेरिका बाई, वार्ड क्रमांक 2 से भाजपा सियाराम कहार, वार्ड क्रमांक 3 से निर्दलीय भोजराम जायसवाल, वार्ड क्रमांक 4 से कांग्रेस द्वारिका प्रसाद देवांगन, वार्ड क्रमांक 5 से भाजपा शीतला देवांगन, वार्ड क्रमांक 6 से निर्दलीय लकेश्वर प्रसाद देवांगन, वार्ड क्रमांक 7 कोंग्रेस भूपेंद्र यादव ,वार्ड क्रमांक 8 से भाजपा सिध्देश्वर शरण सिंह,,वार्ड 09से भाजपा श्यामली कर्ष ,वार्ड क्रमांक 10 कोंग्रेस कन्हैयालाल खूंटे, वार्ड क्रमांक 11 से निर्दलीय मनोज देवांगन, वार्ड क्रमांक 12 से भाजपा नरेश देवांगन, वार्ड क्रमांक 13 से भाजपा रामनारायण देवांगन, वार्ड क्रमांक 14 निर्दलीय सोनल भट,वार्ड क्रमांक 15 निर्दलीय दिलीप अनिता दुबे,विजयी रहे । पार्षद चुनाव के बाद अध्यक्ष चुनाव की तैयारी के चलते अपने अपने पार्षद को समेट कर नजर बंद कर दिए जाने के समाचार हैं।

सुशासन दिवस के रूप मे मनाया गया अटल बिहारी का जन्म दिन

बलौदाबाजार। भारतीय जनता पार्टी बलौदाबाजार ग्रामीण एवं शहर मण्डल द्वारा आज दिनांक 25 दिसंम्बर 2019 को भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी जी का जन्म दिन को सुशासन दिवस के रूप मे मनाया गया। जिसमें जिलाध्यक्ष डॉ सनम जांगड़े, भाटापार के विधायक शिवरतन शर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र टिकरिहा, टेसूलाल धुरंधर, प्रदेश कार्यसमिति डॉ. अजय राव, नंदू साहू, विजय केसरवानी, अनिल गुप्ता, उमेश बाजपेयी, नरेश केसरवानी, संजय बाजपेयी, मंडल अध्यक्ष ग्रामीण दुलेश्वर सेन, मंडल अध्यक्ष शहर संकेत शुक्ला, शशि शुक्ला, अशोक जैन, मणीकांत मिश्रा, पुरूषोश्रम साहू, पुरूषोश्रम सोनी, राहुल सोनी, सतीश पटेल, पार्षद सविता साहू, रजनी केसरवानी, धनेश्वरी सेन, राजकुमार बंजारे, अजय गर्ग, बाला विश्वकर्मा सहित भारतीय जनता पार्टी के अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहकर श्रद्धा सुमन अर्पित किये।

न्यूज गैलरी

एसजेएएन करेगा सरवटे, मुग्धा सहित कई खिलाड़ियों का सम्मान

नागपुर (वार्ता)। नागपुर खेल पत्रकार संघ (एसजेएएन) रणजी चैंपियन विदर्भ क्रिकेट टीम के हरफनमौला खिलाड़ी आदित्य सरवटे के साथ-साथ कई और खिलाड़ियों को सम्मानित करेगा। सरवटे ने बीते सीजन अपनी टीम को रणजी ट्रॉफी खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। इसके अलावा एसजेएएन ने 20 साल की महिला बैडमिंटन खिलाड़ी मुग्धा अग्रे को भी सम्मानित करने का फैसला किया है। एसजेएएनए का पुरस्कार वितरण समारोह 29 दिसंबर को होगा। सम्मानित किए जाने वाले खिलाड़ियों की सूची में महिला मुक्केबाज आल्फिया खान और शतरंज खिलाड़ी संकल्प गुप्ता का नाम भी है। भारत की शीर्ष महिला निशानेबाज तेजस्विनी सावंत को इस समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर बुलाया गया है। सरवटे को जीएस राइसोनी ट्रॉफी सर्वश्रेष्ठ सीनियर खिलाड़ी के पुरस्कार से नवाजा जाएगा। मुग्धा को महिला वर्ग में यह पुरस्कार मिलेगा। संकल्प को जूनियर पुरुष वर्ग और अल्फिया को जूनियर महिला वर्ग में श्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार मिलेगा।

गांगुली का चार देशों के टूर्नमेंट का विचार 'फ्लॉप' होगा : राशिद

कराची। पाकिस्तान के पूर्व कप्तान राशिद लतीफ ने कहा कि बीसीसीबाई अध्यक्ष सौरभ गांगुली द्वारा प्रस्तावित चार देशों के टूर्नमेंट का विचार उसी तरह से 'असफल' साबित होगा जैसे 'बिग थ्री (क्रिकेट खेलने वाले बड़े देश) मॉडल' हुआ था। इस पूर्व विकेटकीपर को लगता है कि इससे भारत, ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड की टीमें अन्य सदस्य राष्ट्रों को अलग करने की कोशिश कर रही हैं। लतीफ ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, 'इस तरह का टूर्नमेंट खेलकर ये चार देश दूसरे सदस्य देशों को अलग करने की कोशिश कर रहे हैं जो अच्छा विचार नहीं है। मुझे हालांकि लगता है कि यह उसी तरह से फ्लॉप होगा जैसे कुछ वर्ष पूर्व लाए गए बिग थ्री मॉडल के साथ हुआ था।' पिछले सप्ताह गांगुली ने कहा था कि क्रिकेट के बड़े देशों के बीच 2021 तक चार देशों की टूर्नमेंट करने की योजना पर काम हो रहा है। इसके बारे में इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड और क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया से चर्चा हो रही है। गांगुली ने कोलकाता में कहा था, 'इस सुपर सीरीज की शुरुआत 2021 में होगी जिसमें भारत, इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया- के अलावा एक और टीम हिस्सा लेगी। इसका पहला संस्करण भारत में खेला जाएगा।' इस टूर्नमेंट को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) को हर साल एक बड़े टूर्नमेंट की मेजबानी करने के जवाब में 'बिग थ्री' के प्रयास के तौर पर देखा जा रहा है। ईसीबी ने एक बयान में कहा था कि वे इस पर चर्चा के लिए तैयार है। उन्होंने कहा, 'हम क्रिकेट खेलने वाले अन्य बड़े देशों के अधिकारियों से नियमित रूप से मिलते हैं।

बल्लेबाजी करना नहीं भूला: धवन

अगले वर्ष से अंतराष्ट्रीय टीम में जोरदार वापसी करने के लिए तैयार भारतीय टीम के स्टार बल्लेबाज शिखर धवन ने कहा है कि बेशक चोट लगने की वजह वह लगभग एक महीने से बल्लेबाजी नहीं कर सके है लेकिन अभी बल्लेबाजी करना नहीं भूले है।

नई दिल्ली (वार्ता)। शिखर ने हैदराबाद के खिलाफआज से शुरू हुए रणजी ट्रॉफी मुकाबले से पहले मंगलवार को तीन अलग-अलग सत्रों में बल्लेबाजी का अभ्यास किया। उल्लेखनीय है कि शिखर और दाएं हाथ के तेज गेंदबाज इशांत शर्मा की दिल्ली की टीम में वापसी हुयी है। शिखर ने कहा, ÷ जो फॉर्मेट खेल कर आगे बड़ा हूं उसे फिर से खेलने में अच्छा ही लगता है। अच्छी बात यह है कि नया साल पास में है और यह मेरे लिए नयी शुरुआत है। गब्बर नाम से मशहूर शिखर ने अपनी चोट पर कहा, ÷ मैंने कभी नहीं कहा कि चोट लगना निराशाजनक होता है। चोट लगना स्वाभाविक है जिसे मैंने स्वीकार किया है।÷ उन्होंने अगले वर्ष श्रीलंका के खिलाफसीरीज को लेकर कहा, ÷ उतार-चढ़ाव के बाद फिर से खेल शुरू करना से मुझे परेशानी नहीं होती है। मैं बल्लेबाजी करना नहीं भूला हूं। मेरी क्लास हमेशा के लिए है और मैं रन बना कर जोरदार वापसी करूंगा। मैं श्रीलंका के खिलाफटी 20 में अच्छा प्रदर्शन करना चाहूंगा और मुझे पता है कि रन बनाने के लिए क्या करने की जरूरत है। वही टीम में चयन और हाल ही के समय में थोड़ी धीमी गति से रन बनाने की वजह से आलोचनाओं को लेकर उन्होंने कहा कि आलोचना करने वाले अपने काम करते है वह कभी भी उससे हताश नहीं होते। वही चयन टीम प्रबंधन की सर दर्दी है और उन्हें उनका काम करने देना चाहिए।

शिखर को नवम्बर में सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में घुटने में चोट लगने के कारण मैदान से

शिखर के नाबाद शतक ने दिल्ली को संकट से उबारा

नई दिल्ली (वार्ता)। बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज शिखर धवन ने नाबाद 137 रनों की जबरदस्त पारी खेल कर अपनी फॉर्म और फिटनेस दोनों में वापसी कर ली है। शिखर की कप्तानी की जिम्मेदारी भरी शतकीय पारी की बदौलत दिल्ली ने हैदराबाद के खिलाफ रणजी ट्रॉफी ग्रुप ए और बी मुकाबले के पहले दिन बुधवार को 66 ओवर में छह विकेट पर 269 रन बना लिए। दिल्ली और हैदराबाद के बीच अरुण जेटली स्टेडियम में खेले जा रहे इस मुकाबले का पहला दिन खराब रौशनी से प्रभावित रहा और दिन भर के खेल में 66 ओवर ही फेंके जा सके। हैदराबाद ने टॉस जीत कर पहले क्षेत्ररक्षण करने का फैसला किया था। शिखर ने शानदार बल्लेबाजी का नमूना पेश करते हुए 198 गेंदों पर नाबाद 137 रनों की पारी में 19 चौके और दो छक्के लगाए। शिखर मुश्ताक अली ट्रॉफी के दौरान घुटने में चोट खा बैठे थे और वेस्ट इंडीज के खिलाफ सीरीज से बाहर रहे थे। उन्हें जनवरी में श्रीलंका और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाली टी-20 और वनडे सीरीज के लिए भारतीय टीम में शामिल किया गया है।

मिल-मिलाप

सचिन ने उद्धव ठाकरे से की मुलाकात

मुंबई (वार्ता)। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व दिग्गज खिलाड़ी सुनील गावस्कर और भारत रत्न से सम्मानित सचिन ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे से मंगलवार को उनके निवास 'मातोश्री' पर मुलाकत की। सूत्रों ने बताया कि यह केवल शिष्टाचार मुलाकात थी। दोनों खिलाड़ियों ने ठाकरे से मुलाकात के दौरान फोटो भी खिंचवाई। उल्लेखनीय है कि शिवसेना अध्यक्ष ठाकरे ने पिछले महीने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी और कांग्रेस साथ मिलकर राज्य में महा विकास अघाड़ी सरकार बनाई है।

इशांत की वापसी से दिल्ली को मिलेगी मजबूती

बाएं हाथ के ओपनर शिखर धवन और तेज गेंदबाज इशांत शर्मा की वापसी से दिल्ली को हैदराबाद के खिलाफअपने घरेलू फिरोज शाह कोटला मैदान में बुधवार से होने वाले रणजी ट्रॉफी मुकाबले के लिए मजबूती मिलेगी।

नई दिल्ली (वार्ता)। दिल्ली का रणजी ट्रॉफी में अपने पहले दो मैचों में निराशाजनक प्रदर्शन रहा है और इन दो मैचों से उसके खाते में सिर्फ एक ही एक है। दिल्ली अपने घरेलू मैदान पर ग्रुप ए और बी मुकाबले में जीत हासिल करने के लक्ष्य के साथ उतरेगी। दिल्ली ने इन दो मैचों में एक ड्रा खेला है और एक गंवाया है जबकि हैदराबाद ने अपने दोनों मैचों में शिकस्त का सामना किया है। इस मुकाबले के लिए दिल्ली के पास इशांत और शिखर के रूप में दो अनुभवी खिलाड़ी मौजूद रहेंगे। इशांत को दिल्ली के पहले दो मैचों में बीसीसीआई की प्रमुख तेज गेंदबाजों का बोझ कम करने की नीति के तहत विश्राम दिया गया था जबकि शिखर नवम्बर में सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में घुटने में चोट लगने के कारण मैदान से बाहर चल रहे थे। शिखर को अगले वर्ष जनवरी में श्रीलंका और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ क्रमशः टी-20 और वनडे सीरीज के लिए भारतीय टीमों में चुना गया है। शिखर के पास इस मुकाबले से अपनी फॉर्म और फिटनेस हासिल करने का मौका रहेगा। दिल्ली ने केरल के खिलाफ अपना पहला मैच बड़ी मुश्किल से ड्रा कराया था।

फेड कप टीम में सानिया मिर्जा शामिल

फेड कप के एशिया ओसनिया ज़ोन ग्रुप ए के मुकाबले के लिए घोषित भारतीय टीम में स्टार खिलाड़ी सानिया मिर्जा को शामिल किया गया है।

नई दिल्ली (वार्ता)। चयन समिति की मंगलवार को यहां हुयी बैठक में फेड कप के लिए छह सदस्यीय भारतीय टीम का चयन किया गया। टीम में अंकिता रैना, रिया भाटिया, रूतुजा भोसले, करमन कौर थांडी और सानिया मिर्जा को शामिल किया गया है जबकि सौजन्या बावीशेट्टी इस टीम की रिज़र्व खिलाड़ी है। विशाल उप्पल को टीम का कप्तान और अंकिता भांबरी को टीम का कोच बनाया गया है। सानिया आखिरी बार 2017 के चाइना ओपन में खेली थी। वह उसके बाद से मातृत्व अवकाश पर थी। 33 वर्षीय सानिया ने हाल ही में कहा था कि वह जनवरी 2020 में होबार्ट इंटरनेशनल से प्रतिस्पर्धी टेनिस में वापसी करेंगी। सानिया ने यह भी कहा था कि वह वर्ष के पहले ग्रैंड स्लेम ऑस्ट्रेलियन ओपन में भी खेलेंगी। वह यूक्रेन की नादिया किचेनोक के साथ जोड़ी बनाएंगी जो विश्व रैंकिंग में 38वें नंबर की खिलाड़ी हैं। सानिया ने पाकिस्तानी क्रिकेटर शोएब मालिक से शादी की थी और अपने पहले बेटे इझान को पिछले साल अक्टूबर में जन्म दिया था। सानिया छह ग्रैंड स्लेम खिताबों की विजेता है और टेनिस कोर्ट पर उतरने को बेताब है। वह ऑस्ट्रेलियन ओपन के मिश्रित युगल में अमेरिका के राजीव राम के साथ जोड़ी बनाएंगी।

मध्यप्रदेश हॉकी अकादमी की टीम पहुंची फाइनल में

नई दिल्ली (वार्ता)। मध्यप्रदेश राज्य पुरूष हॉकी अकादमी में यहां मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम खेले जा रहे 48वें नेहरू जूनियर हॉकी टूर्नामेंट (बालक अंडर-17) में सेमीफाइनल मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करते हुए पंजाब स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ स्पोर्ट्स मोहाली की टीम को मंगलवार को 3-2 से परास्त कर फ़ाइनल में प्रवेश कर लिया। फ़ाइनल बुधवार को मध्यप्रदेश हॉकी अकादमी (एमपीएचए) और एनसीसी राउरकेला के बीच खेला जायेगा। मध्य प्रदेश हॉकी अकादमी के खिलाड़ी अंकित पाल को मैन ऑफद मैच के पुरस्कार से नवाजा गया। सेमीफाइनल के तीसरे मिनट में पंजाब टीम की ओर से अर्शदीप सिंह ने अपनी टीम के लिए पहला मैदानी गोल किया। मध्य प्रदेश हॉकी अकादमी की ओर से 21वें मिनट में प्रियो बत्रा ने पेनल्टी स्ट्रोक को गोल में बदल कर अपनी टीम को बराबरी दिला दी। मैच के 24वें मिनट में एमपीएचए के खिलाड़ी श्रेयश धूपे ने पेनल्टी कार्नर से दूसरा गोल कर टीम को 2-1 से बढ़त दिलायी। मैच के 32वें मिनट में पंजाब टीम की ओर से रोबिन सिंह ने अपनी टीम के लिए पेनल्टी स्ट्रोक से गोल कर अपनी टीम को 2-2 की बराबरी ला दिया।

गेंदबाजी कोच से बदतमीजी करने के कारण डिंडा बाहर

भारत के लिये अंतराष्ट्रीय क्रिकेट खेल चुके और बंगाल रणजी ट्रॉफी टीम के प्रमुख तेज गेंदबाजों में से एक अशोक डिंडा को चयनकर्ताओं ने अनुशासनहीनता के कारण 16 सदस्यीय टीम से बाहर कर दिया गया है।

कोलकाता (वार्ता)। समझा जाता है कि दाएं हाथ के गेंदबाज डिंडा ने टीम के गेंदबाजी कोच रणदेब बोस के साथ गाली गलौच की जिसकी वजह से उन्हें बाहर का रास्ता दिखाया गया है। टीम के कप्तान अभिमन्यु ईश्वरन और बोस अभ्यास के बाद टीम की बैठक में आपस में बातचीत कर रहे थे जिस दौरान डिंडा ने बोस को अपशब्द कहे। बंगाल क्रिकेट संघ (सीएबी) सूत्रों के अनुसार डिंडा को बाद में गेंदबाजी कोच से माफ़ी मांगने के लिए शाम तक समय दिया गया लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया जिसकी वजह से सीएबी ने उन्हें टीम से बाहर कर दिया गया है। इस अनुशासनहीनता की वजह से डिंडा को रणजी मुकाबले के पूरे सीजन बाहर रहना पड़ सकता है। उल्लेखनीय है कि डिंडा मुश्ताक अली टी-20 टूर्नामेंट से भी बाहर रहे थे।

पिता की तबीयत में सुधार

स्टोक्स टीम के साथ जुड़े

सेंचुरियन। इंग्लैंड के हरफनमौला खिलाड़ी बेन स्टोक्स पिता की तबीयत में सुधार होने के बाद बुधवार को टीम के साथ जुड़ गए और अभ्यास सत्र में हिस्सा लिया। इंग्लैंड की टीम यहां सुपर स्पोर्ट्स पार्क में साउथ अफ्रीका के खिलाफगुरुवार से शुरू हो रहे पहले टेस्ट में भिड़ेगी। इंग्लैंड ऐंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने बयान जारी कर जानकारी दी कि स्टोक्स के पिता गेड अब भी जोहानिसबर्ग के अस्पताल में गहन चिकित्सा कक्ष में है लेकिन इलाज का सकारात्मक असर हुआ है और उनकी स्थिति स्थिर है। गेड टेस्ट मैच देखने के लिए साउथ अफ्रीका पहुंचे थे लेकिन उन्हें सोमवार को गंभीर बीमारी के बाद जोहानिसबर्ग के अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

लोगों के समर्थन से आत्मविश्वास बढ़ा: प्रोमिला

भारत की प्रमुख महिला तीरंदाजों में से एक एवं तीरंदाजी एशिया कप 2018 की स्वर्ण पदक विजेता प्रोमिला डेमारी ने बुधवार को कहा कि असम के लोगों के समर्थन से उनका आत्मविश्वास काफी बढ़ा है।

गुवाहाटी (वार्ता)। उत्तरपूर्व में असम के उदलगुरी गांव से ताल्लुक रखने वाली डेमारी ने खेलो इण्डिया यूथ गेम्स के तीसरे सत्र में असम के चैंपियन बनने की उम्मीद जताई है। यह खेल अगले वर्ष 10 से 22 जनवरी तक होंगे। डेमारी ने कहा, ÷ जब मुझे पता चला कि असम के लोग खेल को लेकर मेरा बहुत समर्थन करते है तो उससे मेरा काफी आत्मविश्वास बढ़ा। मैं आशा करती हूं कि खेलो इंडिया यूथ गेम्स के तीसरे सत्र का चैंपियन असम बने। असम में प्रतियोगिता में भाग ले रहे सभी खिलाड़ियों को मैं अपने समर्थन देना चाहूंगी। इस प्रतियोगिता में खिलाड़ियों को अधिक से अधिक पदक जीतने की कोशिश करनी चाहिए। 22 वर्षीय तीरंदाज इस वर्ष हुए बर्लिन और अंताल्या विश्व कप में शीर्ष दस खिलाड़ियों में शुमार थी। उन्होंने अपने पहला राष्ट्रीय टूर्नामेंट वर्ष 2012 में खेला था। डेमारी ने वर्ष 2016 में पहली बार भारत का प्रतिनिधित्व किया था। उन्होंने खेलो इंडिया यूथ गेम्स की पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह युवा खिलाड़ियों के लिए बड़ा टूर्नामेंट है तथा अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए यह एक शानदार मंच है।

बड़ी उपब्धि — 18 साल की एल्वेनिल वलारिवान ने अपना पहला आईएसएसएफ सीनियर स्वर्ण जीता

निशानेबाजों ने जगाई टोक्यो ओलम्पिक में पदक की उम्मीद

भारतीय निशानेबाजों ने पूरे साल अपने शानदार प्रदर्शन और रिकॉर्ड 15 ओलम्पिक कोटा हासिल कर अगले साल होने वाले टोक्यो ओलम्पिक के लिए पदक उम्मीद को जगा दिया है।

नई दिल्ली (वार्ता)। भारतीयों ने टोक्यो के लिए 15 ओलम्पिक कोटा हासिल कर लिए हैं जो 2016 के पिछले रियो ओलम्पिक खेलों से तीन कोटा स्थान ज्यादा हैं। भारत के युवा निशानेबाजों ने खासतौर पर शानदार प्रदर्शन किया और इस प्रदर्शन के आधार पर वे पदक के दावेदार नजर आ रहे हैं, हालांकि इस कामयाबी को टोक्यो ओलम्पिक में पदक में बदलना उनके लिए बड़ी चुनौती होगी। रियो ओलम्पिक से पहले के वर्ष में भी भारतीय निशानेबाजों का प्रदर्शन शानदार रहा और उस समय उन्होंने रिकॉर्ड 12 ओलम्पिक कोटा हासिल किये थे लेकिन निशानेबाजों का ओलम्पिक में निराशाजनक प्रदर्शन रहा और वे वहां से खाली हाथ लौटे। इस प्रदर्शन के बाद भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) ने एक समीक्षा समिति बनाई जिसकी रिपोर्ट को उसने सार्वजानिक तौर पर जारी किया। फिर निशानेबाजी कार्यक्रम में बदलाव लाया गया जिसमें युवा निशानेबाजों को प्रोत्साहन दिया गया। इसके अच्छे परिणाम सामने आये और अब निशानेबाजों से फिर ओलम्पिक में पदक उम्मीद बंध गयी है। भारत ने 2004, 2008 और 2012 में निशानेबाजी ने पदक जीते थे और सिर्फ 2016 में उसे निशानेबाजी में पदक नहीं मिल पाया था। इस वर्ष मार्च में दिल्ली में आईएसएसएफ विश्व कप का आयोजन हुआ और एनआरएआई के अध्यक्ष रणइंदर सिंह ने इस प्रतियोगिता से 3-4 कोटा मिलने की भविष्यवाणी की थी लेकिन सिर्फ 16 साल के सौरभ चौधरी 10 मीटर एयर पिस्टल में स्वर्ण जीतने के साथ कोटा हासिल कर पाए थे। इससे पहले पिछले साल अंजुम मुद्गिल और अपूर्वी चंदेला ने 10 मीटर एयर राइफल महिला वर्ग में देश को दो ओलम्पिक कोटा दिलाये थे। बीजिंग में हुए अगले विश्व कप में दिव्यांश सिंह पवार और अभिषेक वर्मा ने पुरुष 10 मीटर एयर राइफल और पुरुष 10 मीटर एयर पिस्टल में भारत को दो और कोटा दिलाये। राही सरनोबत ने म्यूनिख विश्व कप में महिला 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता जबकि युवा निशानेबाज मनु भाकर ने इस टूर्नामेंट में 10 मीटर पिस्टल स्पर्धा में चौथा हासिल किया। राही और मनु दोनों को ओलम्पिक कोटा मिले और मई तक भारत के कोटा की संख्या सात पहुंच गई। रियो वर्ल्ड कप में यशस्विनी सिंह देशवाल ने 10 मीटर एयर पिस्टल के साथ कोटा भी हासिल किया। अनुभवी निशानेबाज संजीव राजपूत ने इसी टूर्नामेंट में 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन स्पर्धा में रजत जीतने के साथ भारत को कोटा दिलाया।

पाकिस्तान से टेस्ट खेलने तैयार नहीं बांग्लादेश

ढाका। पाकिस्तान में टेस्ट मैच नहीं खेलने के अपने फैसले पर अडिग बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने कहा कि उनकी टीम वहां टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने को तैयार है जबकि टेस्ट सीरीज किसी तटस्थ स्थल पर खेलना चाहेंगे। बीसीबी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी निजामुद्दीन चौधरी ने मंगलवार को एक बार फिर बोर्ड का रूख साफ किया। इससे पहले एहसान मनी ने कहा कि 'इसमें कोई शक नहीं' कि उनकी टीम अब अपने घरेलू मुकाबलों को देश में ही खेलेगी। 'द डेली स्टार' ने निजामुद्दीन के हवाले से लिखा, 'हम अपने रूख पर अडिग है। हम पाकिस्तान में सिर्फ टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलना चाहते हैं। सीरीज से संबंधित हितधारक नहीं चाहते हैं कि हम पाकिस्तान में सबसे लंबे फॉर्मेट का क्रिकेट खेलें।

हफीज ईसीबी प्रतियोगिताओं में गेंदबाजी करने से निलंबित

पाकिस्तान और मिडिलसेक्स के ऑलराउंडर मोहम्मद हफीज को संदिग्ध गेंदबाजी एक्शन के कारण इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) की सभी प्रतियोगिताओं में गेंदबाजी करने से निलंबित कर दिया गया है।

लंदन (वार्ता)। हफीज ने एक बयान में कहा, ÷ मुझे ईसीबी के गेंदबाजी रिव्यू ग्रुप की मेरे एक्शन पर रिपोर्ट मिली है। मैं इस ग्रुप की रिपोर्ट को स्वीकार करता हूं। ईसीबी के नियमों के अनुसार मैं आईसीसी के मान्यता प्राप्त केंद्र में अपने एक्शन की स्वतंत्र जांच कराने के लिये तैयार हूं ताकि मैं ईसीबी द्वारा आयोजित टूर्नामेंटों में हिस्सा ले सकूं। हफीज को सत्र के मध्य में एबीडी डिविलियर्स की जगह चुना गया था। हफीज के एक्शन की 2005 में भी शिकायत हुयी थी और तब उन्हें निलंबित किया था और फिर सुधार के बाद उन्हें फिर गेंदबाजी करने की अनुमति दी गयी थी।

नवप्रदेश की खबर से टल गया बर्ड फ्लू फैलने का खतरा

खबर को गंभीरता से लेते हुए कोरिया जिला मुख्यालय बैकुंठपुर में मुर्गी-बटेरों को वैज्ञानिक पद्धति से मारा जा रहा

नवप्रदेश संवाददाता

बैकुंठपुर/रायपुर। नवप्रदेश की खबर से बर्ड फ्लू फैलने का खतरा टल गया है। दरअसल खबर को गंभीरता से लेते हुए कोरिया जिले के मुख्यालय बैकुंठपुर में मुर्गियों व बटेरों को वैज्ञानिक पद्धति से मारकर उनके डिस्पोजल का काम शुरू हो गया है।

मुर्गी-बटेरों को इसलिए मारा जा रहा है क्योंकि इनमें संक्रमण फैल चुका है, जिससे इलाके में संक्रमण फैलने का खतरा उत्पन्न हो गया था। इस संबंध की खबर नवप्रदेश ने प्रकाशित की थी जिसके बाद पशु चिकित्सा विभाग व प्रशासन हरकत में आया। और अब कोरिया के बैकुंठपुर में मुर्गियों को वैज्ञानिक तरीके से मारने व उन्हें डिस्पोज करने का काम शुरू हो गया है।

एक किलोमीटर के दायरे में मारी जा रही मुर्गियां

बैकुंठपुर सरकारी हैचरी व इससे सटे करीब एक किलोमीटर के दायरे में आने वाले घरों में पल रही मुर्गियों को भी मार दिया जाएगा। दरअसल मुर्गी-बटेरों में फैले संक्रमण की वजह से लगातार इनकी मौत हो रही है, जिससे परिसर में बर्ड फ्लू फैलने का खतरा उत्पन्न हो गया है। बर्ड फ्लू पक्षियों (खासकर मुर्गियां) समेत इंसानों के लिए भी बेहद खतरनाक बीमारी है।

पोल्ट्री फॉर्म व मीट की दुकानें भी हटेंगी

पशु चिकित्सा विभाग द्वारा बरती जा रही एहतियातों के तहत हैचरी के 1 किलोमीटर के दायरे में आने वाले सभी पोल्ट्री फॉर्म एवं मीट-मटन की दुकानों को भी हटाया जाएगा। वही स्थानीयों घरो में पाली गई मुर्गियों को भी मारकर दफनाया जाएगा। जिला प्रशासन की ओर इस संबंध में बुधवार से युद्ध स्तर पर काम किए जाने की संकेत दिए गए हैं।

सवालों के घेरे में जिम्मेदार

इतने खतरनाक स्तर पर संक्रमण फैलने के बावजूद जिले के अफसरों ने आम लोगों को सचेत नहीं किया, जबकि यह शासकीय पोल्ट्री फार्म शहर के मध्य में स्तिथ है। शासकीय कॉलोनी सहित निज निवास भी महज 10 से 15 मीटर की दूरी पर है। रायपुर से आये प्रभारी डिप्टी डायरेक्टर ने 3200 बटेरों व मुर्गियों की मौत संक्रमण से होने की पुष्टि की, लेकिन हैचरी प्रबंधन व स्थानीय पशुपालन व पशुचिकित्सा विभाग के जिम्मेदार अधिकारी इसे सामान्य बीमारी से होने वाली मौत ही बताते रहे। सवाल इसलिए भी उठता है क्योंकि हैचरी के इतिहास में यहां इतनी बड़ी संख्या में मुर्गियां व बटेर नहीं मरे।

दो दिन 3200 मुर्गियां व बटेरों की हो चुकी मौत

कोरिया जिला मुख्यालय बैकुंठपुर स्थित सरकारी हैचरी में विगत दिनों लगभग 3200 बटेर व मुर्गियों की मौत हो चुकी है। जिसके बाद यह बात सामने आ सकी कि यै मौतें बर्ड फ्लू से हुई है। और इस बीमारी से अब इंसानों को भी खतरा है। इसकी पुष्टि पशु चिकित्सा विभाग के प्रभारी डायरेक्टर केके ध्रुव ने की। जिसके लिए अब विभाग द्वारा पूरे सुरक्षा उपकरणों के साथ बैकुंठपुरी की सरकारी हेचरी में बची हुई हजारों मुर्गियों व बटेरों को वैज्ञानिक पद्धति से मारकर उन्हें डिस्पोज किया जाएगा।

खबर प्रकाशित होने पर किया दौरा, हुई जांच

नवप्रदेश ने इस संबंध की खबर प्रमुखता से प्रकाशित की थी। जिसके बाद छत्तीसगढ़ के डिप्टी डायरेक्टर, पशु चिकित्सा सेवाएं ने क्षेत्र का दौरा किया था। मामले की जांच भी हुई, जिसमें बताया गया कि मुर्गियों-बटेरों में फैले संक्रमण से बर्ड फ्लू फैलने की आशंका है। जिसके बाद विभाग की ओर से मुर्गियों को डिस्पोज करने संबंधी नोटिफिकेशन भी जारी हो गया। इसी क्रम में पशु चिकित्सा विभाग के अधिकारी मुर्गियों व बटेरों को मारकर दफनाने की तैयारी में जुट गए हैं।

क्या है बर्ड फ्लू

बर्ड फ्लू को एवियन इन्फ्लूएंजा वायरस कहा जाता है। यह वायरस पक्षियों के साथ ही इंसानों को तेजी से अपना शिकार बनाता है। बर्ड फ्लू इंफेक्शन चिकन, टर्की, गीस, मोर और बत्तख जैसे पक्षियों में तेजी से फैलता है। यह वायरस इतना खतरनाक होता है कि इससे पक्षियों के साथ ही इंसानों की भी मौत हो जाती है।

मिल सकता है मुआवजा

जिन भी लोगों द्वारा पाली गई मुर्गियों को डिस्पोज किया जाएगा, उन्हें नुकसान भरपाई के तौर पर मुआवजा देने की भी बात कही जा रही है।

हैचरी प्रबंधन को दिए हैं आवश्यक कार्रवाई के निर्देश

बर्ड फ्लू के फैलने की जानकारी मिलते ही इस संबंध में हैचरी प्रबंधन को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दे दिए गए हैं।

डोमन सिंह, कलेक्टर

"बर्ड फ्लू की पुष्टि होते ही इसकी जानकारी जिले के कलेक्टर को दे दी गई है और मुर्गियों को वैज्ञानिक तरीके से मारकर डिस्पोज करने संबंधी नोटिफिकेशन भी जारी हो गया है। यह काम मंगलवार को हैचरी में शुरू हो गया है। अगले दिन यानी बुधवार से नगर निगम एवं जिला प्रशासन की मदद से 1 किलोमीटर के दायरे में फैले सभी पोल्ट्री फार्म, चिकन-मटन की दुकानों व लोगों के घरों में किया जाएगा। जिसके लिए उन्हें उचित मुआवजा भी दिया जाएगा।

केके ध्रुव, प्रभारी डिप्टी डायरेक्टर, पशु चिकित्सा सेवाएं

टोकन नहीं मिलने से किसान हुए आक्रोशित

विधायक साहू ने समिति प्रबंधक को लगाई फटकार

नवप्रदेश संवाददाता

राजनांदगांव। डोंगरगांव क्षेत्र के लगभग सभी सोसायटियों में किसानों को धान विक्रय के लिए टोकन जारी करने को लेकर क्षेत्र के किसान व समिति कर्मचारियों के बीच लगातार तनाव की स्थिति देखी जा रही है। वहीं सोमवार को डोंगरगाँव स्थित सेवा सहकारी समिति में भी टोकन काटने व आवक तिथी नहीं दिए जाने को लेकर विवाद गहरा गया। जिसके चलते क्षेत्रीय विधायक दलेश्वर साहू समिति के फड़ में पहुंचे थे और वहाँ किसानों से उनकी समस्या की जानकारी ली। इस दौरान किसानों ने बताया कि धान की कटाई व मिंजाई को एक माह से अधिक समय बीत चुका है, किन्तु बिक्री नहीं होने के चलते किसान परेशान हैं।

ज्ञात हो कि सोमवार को सोसायटी खुलने के बाद सैकड़ों की संख्या में उपस्थित किसानों ने समिति के खिलाफ रोष व्यक्त किया और पैसे लेकर रसूखदारों का काम करने का आरोप लगाया है। बात दें कि क्षेत्र के किसान पंजीयन होने के बाद टोकन का इंतजार कर रहे थे। कृषकों ने बताया कि प्रबंधन के द्वारा टोकन नहीं दिए जाने से किसान काफी नाराज हैं, टोकन के इंतजार में बुजुर्ग और महिलाओं सहित अनेक कृषण कई दिनों से सोसायटी के चक्कर काट रहे हैं।

29 नवंबर से जमा है रसिद अभी तक नहीं मिला टोकन

सोसायटी में उपस्थित किसानों ने बताया कि विगत 29 नवम्बर को रसीद जमा करने के बावजूद आज तक टोकन जारी नहीं हो पाया है और इसके लिए कई दिनों से भटकाया जा रहा है। इस दौरान समिति में बड़ी संख्या में किसान उपस्थित हुए थे। केवल टोकन लेने के लिए दूरस्थ ग्रामों में डोंगरगाँव आना पड़ रहा है, जिससे समय और धन दोनों की बर्बादी हो रही है और समिति व्दारा टोकन जारी नहीं होने की बात कही जा रही है।

लगातार मिल रही शिकायतों को लेकर पहुंचे विधायक

किसानों की समस्या और लगातार मिल रही शिकायतों को लेकर विधायक दलेश्वर साहू सोमवार को सोसाइटी पहुंचे थे, जहां किसानों बात कर उन्हें आश्वस्त कराया कि उनकी समस्या जल्द खत्म होगी और सभी किसानों का धान भी खरीदा जायेगा। वहीं किसानों को हो रही परेशानी को देखते हुए विधायक श्री साहू ने समिति प्रबंधक को जमकर फटकार लगाई और कहा कि निजी लाभ के लिए नियम विरूद्ध कार्य नहीं करने को कहते हुए किसानों की समस्या का तत्काल समाधान करने की बात कही और सभी कृषकों के खरीदी दिवस, नाम, ग्राम तथा तिथिवार सूची चस्पा करने के निर्देश दिए।

सोसायटी में जमा हो रहा धान, बढ़ रही समस्या

इधर कृषक खरीदी को लेकर आक्रोशित हो रहे हैं, वहीं सोसायटियों में धान जाम होने के कारण खरीदी में बड़ी समस्या हो रही है। ज्ञात हो कि डोंगरगांव सोसायटी में मोटा, पतला और सरना धान मिलाकर कुल 20840.40 च्टिंल धान खरीदा गया है, जिसमें केवल 7510 च्टिंल धान का ही उठाव हुआ है, वहीं समीपस्थ खुर्सीटिकुल सोसायटी में कुल 16409.60 में से 540 का उठाव हो पाया है। ऐसे में बड़ी मात्रा में धान खुले आसमान में पड़ा है। मौसम खराब होने की स्थिति में किसानों की मेहनत पूरी तरह खराब हो सकती है और इसे बचाने की जिम्मेदारी भी सोसाटियों पर ही है।

पूरा धान खरीदने किसान उठा रहे आवाज

समितियों में जहाँ किसान पूरे धान खरीदी के लिए लगातार आवाज उठा रहे हैं और इधर उच्चाधिकारियों के आदेश के चलते समितियाँ काफी दबाव में कार्य कर रही हैं। अपुष्ट सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार समितियों को उच्चाधिकारियों व्दारा एक बार में सत्रह म्टिंल धान खरीदी के निर्देश हैं जबकि लगभग सभी सोसायटियों में अनेक सीमांत कृषक ऐसे हैं जिनका प्रति एकड़ उत्पादन 25 से 30 म्टिंल है ऐसे में डेढ़ एकड़ से अधिक के कृषकों को धान बेचने के लिए दो बार जाना मजबूरी हो गया है। इस दौरान उसे टोकन से लेकर सभी कार्यों के लिए अनावश्यक समय व पैसा दोनों ही बर्बाद करना होगा। विदित हो कि गत वर्षों तक किसान को कुल रकबे के आधार पर निश्चित उत्पादन तयकर एक बार में ही किसानों से धान की खरीदी की जाती थी, परन्तु इस बार ऐसा नहीं है।

नवविवाहिता ने की आत्महत्या

■ **परिजनों ने मृत अवस्था में शासकीय अस्पताल लाया गया**

नवप्रदेश संवाददाता

राजनांदगांव। एक नवविवाहिता को उसके परिजन मृत अवस्था में शासकीय अस्पताल डोंगरगाँव लाया गया जिसकी पुष्टि डॉक्टरों ने की है। घटना के संदर्भ में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम पहलवान चारभांठा के निवासी नीलम पति अनिल सहारे 21वर्ष ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। मृतका के पति के द्वारा दिए गए कथन के अनुसार सुबह सात बजे डोंगरगाँव कम्प्यूटर क्लास में बतौर शिक्षक अध्यापन कार्य के लिए आया था कि साढ़े दस बजे उसे फोन से सूचना मिली कि उसकी पत्नि की स्थिति गंभीर है। सूचना पाकर गांव पहुंचने पर मृतका घर में लेटी हुई अवस्था में थी तथा उसके परिजन विलाप कर रहे थे।

आनन-फानन में उसे निजी वाहन से डोंगरगाँव सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाये थे जहाँ पुलिस को बताया कि मृतका सिरदर्द की बीमारी से पीड़ित थी, जिससे त्रस्त होकर उसने फांसी लगा ली थी। इधर मृतका के मायके पक्ष ने मृतका के आत्महत्या की बात को नकारते हुए उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। इस संबंध में मृतका के चाचा छिरपाल फरदिया एवं मृतका के भाई धनेश फरदिया ने अपनी बहन को प्रताड़ित होने तथा गले में चोट की निशान होने की बात कहकर आत्महत्या को खारिज किया है। उन्होंने बताया कि छः माह पूर्व बीते मई में ही मृतका का विवाह सामाजिक रीति-रिवाज से हुआ था। इधर पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम उपरांत परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।

छ ग राज्य ग्रामीण बैंक में डकैती की कोशिश, बैंक के टूटे मिले ताले

नवप्रदेश संवाददाता

बेमेतरा। छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक में डकैती की कोशिश करने का मामला सामने आया है। बेमेतरा जिले के बारगांव में अज्ञात ने बैंक के अंदर घूसकर लॉकर को तोड़ने की कोशिश की है। वहीं, बदमाशों ने बैंक में लगे सीसीटीवी को तोड़कर फरार हो गए। मामले की सूचना पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार बेरला थाना के बारगांव के छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक में देर रात अज्ञात बदमाशों ने डकैती की कोशिश की है। सुबह गांव वालों ने बैंक का ताला टूट हुआ देखकर हैरान रह गए। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच की। बताया जा रहा है कि बदमाश ताला तोड़कर बैंक के अंदर घुसे। वहीं, लॉकर को तोड़ने की कोशिश की गई। कामयाब नहीं होने पर फरार हो गए। इस दौरान सीसीटीवी को तोड़ दिया। पुलिस मामला दर्ज कर अज्ञात आरोपियों की तलाशी शुरू कर दी है।

राज्यपाल को सीएस मंडल ने दिया राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव का निमंत्रण

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके से आज यहां राजभवन में मुख्य सचिव आर. पी. मण्डल ने मुलाकात कर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की ओर से राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव का निमंत्रण दिया। राज्यपाल सुश्री उइके उक्त कार्यक्रम में दिनांक 28 दिसंबर 2019 को बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगी। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्यमंत्री भूपेश बघेल करेंगे। मुख्य सचिव ने राज्यपाल को बताया कि इस कार्यक्रम में देश-विदेश से कलाकार आकर आदिवासी नृत्यों की प्रस्तुती देंगे।

उल्लेखनीय है कि प्रदेश में 27, 28 और 29 दिसम्बर 2019 को राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर संस्कृति विभाग के सचिव सिद्धार्थ कोमल सिंह परदेशी एवं ठाकुर प्यारेलाल स्टेट इंस्टिट्यूट ऑफ पंचायत-रूरल डेवलपमेंट के निदेशक सुरेन्द्र कुमार जायसवाल उपस्थित थे।